सुप्रभात
रांची, बुधवार
27.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 77



12 मोंटेसरी मैदान धुर्वा में सफेद मार्बल से बन रही मां की प्रतिमा

## न्यूज डायरी

### स्पीकर ने बेबी देवी को दिलायी पद की शपथ



**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में मंत्री बेबी देवी को विधायक के रूप में शपथ दिलायी। दरअसल, बीते दिनों बेबी देवी डुमरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित घोषित की गयी थी। शपथ ग्रहण के बाद स्पीकर ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### राजकोट में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा भारत

**राजकोट।** अगले महीने विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी श्रृंखला के तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में बुधवार को क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगा।

### सदर अस्पताल में आज से कैंसर का इलाज

**रांची।** सदर अस्पताल में बुधवार से कैंसर के मरीजों को इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जायेगी। हर तरह के कैंसर मरीजों को सदर अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा दी जायेगी। यह आयुष्मान भारत के तहत पूरी तरह से नि:शुल्क होगा।

### सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

**पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में पुलिस जवान के नाबालिग बेटे ने एक व्यक्ति को बाइक से टक्कर मार दी। इस हादसे में संतोष राम उर्फ सूटन (45) की मौत हो गयी। जिस वक्त मौत हुई उसके घर में करमा का पूजा हो रही थी।

### गुमला की 25 आदिवासी छात्राएं इसरो रवाना

**गुमला।** एकलव्य, कस्तूरबा गांधी एवं आश्रम विद्यालय की 25 आदिवासी छात्राएं मंगलवार को एक्सपोजर विजिट के लिए चेन्नई के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो रवाना हुई। डीसी, डीडीसी, एसडीओ डीसीएलआर एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने उन्हें रवाना किया।

### शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा,अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** दिग्गज भाजपा नेता शाहनावाज हुसैन को हार्ट अटैक आया है। उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एंजियोग्राफी के तुरंत बाद ब्लॉकेज पाया गया और एक स्टेन लगाया गया है।

### नामकुम में जल्द काम करेगा पासपोर्ट ऑफिस

**रांची।** नामकुम स्थित आईटी पार्क में पासपोर्ट का नया ऑफिस जल्द काम करने लगेगा। पासपोर्ट की बढ़ती मांग और नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। जल्द ही झारखंड के सभी पासपोर्ट ऑफिस ऑफलाइन से ऑनलाइन कर दिये जायेंगे। यह जानकारी रांची की क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता कुमारी ने दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# करम विसर्जन पर मातम : डूबने से पांच की मौत

## हजारीबाग के चौपारण में तीन बच्चियां और धनबाद में दो बच्चे डूबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग, धनबाद।** करम पर्व के बाद मंगलवार को करमा डाली विसर्जन के दौरान हजारीबाग में तीन बच्चियों और धनबाद में नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। इस हृदयविदारक हादसे से करम पर्व का माहौल मातम में बदल गया। डूबनेवाली बच्चियों के घरों और पास-पड़ों में मातम छा गया।

हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड के ओबरा गांव की छह बच्चियां बराकर नदी में डूब गयीं। शोरगुल सुन मछुआरों ने तीन लड़कियों को किसी तरह से नदी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं तीन लड़किया बह गयीं। मौके से करीब ढाई किमी दूर दिव्यांशु कुमारी (14 वर्ष, पिता सत्येंद्र यादव) का शव बरामद कर लिया है। वहीं प्रेमा कुमारी (13 वर्ष, नारायण राणा) एवं सपना कुमारी (14 वर्ष, पिता सुरेंद्र यादव) का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। बराकर में डूबीं छह छात्राओं में तीन छात्राओं को जीवन दान देने वाला 15 वर्षीय दिव्यांग शाहील चयकला का रहने वाला है। वह गोताखोर टीम का छोटा सदस्य है। वह मछली पकड़ने बड़ाकर नदी गया था। (शेष पेज 11 पर)

### बाघमारा के जमुनिया नदी में हादसा

धनबाद में करम डाली विसर्जन के दौरान मंगलवार को दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गयी। घटना बाघमारा थाना क्षेत्र के माटिगढ़ जमुनिया नदी की है। मृत बच्चों की पहचान देवराज कुमार (10) और सलोनी कुमारी (14) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार पांच बच्चे करम डाली विसर्जन करने जमुनिया नदी गये थे। इसी दौरान पांचों बच्चे अचानक नदी में डूबने लगे। वहां मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह तीन बच्चों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला लिया, लेकिन दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। हालांकि आनन फानन में परिजन दोनों बच्चों को लेकर बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल पहुचे, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर बाघमारा विधायक ढुलू महतो और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुची। विधायक ने आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन परिजनों को दिया है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। साथ ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है।



### सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण पथ में मंगलवार की दोपहर पेट्रोल पंप के समीप सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। दुर्घटना तेजी से आ रहे दो बाइक के आपस में टकराने से है। मृतकों में झुमरी तिलैया का विक्की कुमार, सागर कुमार तथा इटखोरी का मुकेश रविदास शामिल है। वहीं इस हादसे में झुमरी तिलैया का ही आयुष शर्मा और सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर इटखोरी की ओर आ रहे थे। वहीं मुकेश रविदास अपनी स्कूटी से चौपारण की ओर जा रहा था। पेट्रोल पंप के समीप बाइक तथा स्कूटी में आमने-सामने से टक्कर हो गयी।

## नेतरहाट इको रिट्रीट के आयोजन की तैयारी बैठक में बोले सीएम

# झारखंड को पर्यटन राज्य के रूप में विकसित करना लक्ष्य

- पर्यटकों को कोई परेशानी न हो, सफल बनाने में कोई कमी न छोड़ें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा सरकार झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान दिलाने को कृत संकल्प है। नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करना है, ताकि झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान मिल सके। सीएम मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन की तैयारियों से संबंधित बैठक में बोल रहे थे।

### इको रिट्रीट को सफल बनाने में सर्वश्रेष्ठ दें

झारखंड मंत्रालय में आयोजित बैठक में सीएम ने अधिकारियों को नेतरहाट इको रिट्रीट आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का निर्देश दिया। सीएम के समक्ष टूरिज्म विभाग के अधिकारियों ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन से संबंधित तैयारी की विस्तृत जानकारी दी। सीएम इसका उद्देश्य ही अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करना है, ताकि झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान मिल सके। (शेष पेज 11 पर)



बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी।

### झारखंड को जानने का सुनहरा मौका

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नेतरहाट इको-रिट्रीट फेस्टिवल पर्यटकों के लिए आकर्षक, सुंदर एवं निवेश की संभावनाओं वाला झारखंड के बारे में जानने का एक शानदार अवसर है। इसके जरिये पर्यटकों के साथ-साथ निजी क्षेत्रों को भी यहां निवेश के लिए आकर्षित करना है। यह आयोजन राज्य में पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में भी मदद करेगा।

### स्थानीय लोगों को भी अधिक से अधिक जोड़ें

सीएम ने कहा कि इस इको रिट्रीट फेस्टिवल कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास करें। नेतरहाट पर्यटन स्थल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए निजी घरों को सुसज्जित करने का भी कार्य करें। स्थानीय लोगों को जो उसे क्षेत्र में निवास करते हैं उनके मकानों को सुसज्जित करने में उनका पूरा सहयोग करें। रोड कनेक्टिविटी को दुरुस्त करें। विद्युत प्रकाश के लिए सौर ऊर्जा के माध्यम से भी लाइट्स लगायें। उन्होंने वन विभाग को कहा कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र में वर्तमान वर्षों के संरक्षण के साथ-साथ चिन्हित रिक्त भूमि पर मिशन मोड में वृक्षारोपण का कार्य भी करायें, ताकि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र आने वाले दिनों में भी हरा भरा रहे।

### रांची में पुनीत भार्गव के यहां पटना जीएसटी का छापा

**रांची।** जीएसटी विभाग ने जमीन में निवेश करनेवाले पुनीत भार्गव नामक व्यक्ति के हरिओम टॉवर स्थित प्रतिष्ठान में मंगलवार की शाम छापेमारी की। छापामारी देर रात जारी थी। छापेमारी अभियान पटना जीएसटी के टीम ने की। बताया जाता है कि पुनीत भार्गव पर आरोप है कि उसने केंद्र व राज्य सरकार को बिजनेस के माध्यम से चूना लगाया है। जीएसटी ने वहां से कई दस्तावेज को जब्त किय है, जिसमें लेखा-जोखा से संबंधित मामला है। गौरतलब हो कि पुनीत भार्गव पर राजेश राय से एक एकड़ जमीन 1 करोड़ 78 लाख, 55 हजार 800 रुपए में खरीद कर उसे दुगुने दाम पर बेचने का आरोप है।

### पंडाल में आग, सुरक्षित बाहर निकाले गये जेपी नड्डा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे में गणेश पूजा पंडाल में मंगलवार को आग लग गयी। इस दौरान पूजा पंडाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। हालांकि दोनों को वहां से सुरक्षित ढंग से बाहर निकाल लिया गया। पंडाल से जो वीडियो आया है, उसमें नजर आ रहा है कि जेपी नड्डा को वहां से बाहर ले जाया जा रहा है। यह पंडाल पुणे के लोकमान्य नगर में बना है, जिसे हार्ट ऑफ द सिटी कहा जाता है। आग लगते ही बारिश शुरू हो गयी, जिससे आग बहुत दूर तक फैल नहीं सकी। सभी लोग सुरक्षित रहे।


# वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के पुरस्कार

एजेंसी

**मुंबई।** अपने शानदार अभिनय और आकर्षण से सिल्वर स्क्रीन पर चमक लाने वाली दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान (85) को इस साल दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए चुना गया है। बॉलीवुड की इस दिग्गज अभिनेत्री को भारतीय सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक लंबा नोट साझा किया है।

उन्होंने लिखा है, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि वहीदा रहमान जी को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए इस साल के प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है'। अपने पांच दशक से अधिक की अभिनय यात्रा में पद्मश्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित वहीदा जी ने एक भारतीय नारी के समर्पण और सामर्थ्य का उदाहरण पेश किया है'। श्री ठाकुर ने कहा, ऐसे वक्त में जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित किया गया है, तब वहीदा रहमान को इस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना गर्व की बात है। दिग्गज अदाकारा को यह सम्मान दिया जाना वास्तव में हिंदी सिनेमा की महिलाओं के लिए एक ट्रिब्यूट सरीखा है। वहीदा रहमान ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत गुरु दत्त की प्रोडक्शन सीआइडी से की थी। (शेष पेज 11 पर)

### पद्म पुरस्कार से भी हो चुकी हैं सम्मानित



वहीदा रहमान को 1971 में उनकी फिल्म रेशमा और शीरा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया था. उन्हें 1972 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था और 2006 में एनटीआर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. इसके अलावा उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। एक्टिंग के अलावा वहीदा रहमान एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं। देव आनंद के साथ उन्होंने सीआईडी से डेब्यू किया था. फिल्म सुपरहिट रही थी और इसमें दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। वहीदा ने साल 1962 में फिल्म साहिब बीवी और गुलाम से अपने हिंदी सिनेमा करियर की शुरूआत की थी।

## तेज करें अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान : सीएम

# भूमिहीन आदिवासियों को शीघ्र मिलेगा वन पट्टा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान चलाने जा रही है जिसके तहत वनों पर निर्भर लोगों को वन पट्टा मुहैया कराया जायेगा। अगले महीने से शुरू होने वाले इस अभियान को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ झारखंड मंत्रालय में बैठक की। इस बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, वन और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद थे। ये भी मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के अंतर्गत तेजी से भूमिहीन लोगों को वनपट्टा मुहैया करने को कहा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन करने के साथ-साथ इस अभियान को सशक्त और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति और जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन भी जल्द करने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया।

# घुड़सवारी में भारत को गोल्ड

## 41 साल बाद स्वर्ण, कुल 14 पदकों के साथ छठे स्थान पर

एजेंसी

**हांगझोउ।** भारत ने मंगलवार को एशियाई खेलों के तीसरे दिन घुड़सवारी प्रतियोगिता में टीम ड्रेसेज स्पर्धा में शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक के 41 साल के इंतजार को खत्म किया। एड्रेनेलिन फिरफोड पर सवार दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड (चेमक्सप्रो एमरेल्ड) और अनुश अग्रवाला (एट्रो) ने कुल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में इतिहास रचा है।



एशियन गेम्स में भारत के खाते में तीसरा गोल्ड आ गया है। मंगलवार को खेलों का तीसरा दिन था। मेजबान चीन की पदक तालिका में मेडल की सेंचुरी कंप्लीट करने के नजदीक पहुंच गया है। चीन फिलहाल 95 पदक जीतकर टॉप पर है। दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक 49 मेडल अपनी झोली में डाले हैं।

# सीएम को इडी का पांचवां समन, चार को बुलाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने पांचवीं बार समन जारी किया है। इडी ने समन जारी कर 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। जमीन घोटाले के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी चार बार समन जारी कर चुका है, पर वह इडी के सामने उपस्थित नहीं हुए हैं। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी के समन को हाइकोर्ट में चुनौती दी है और सभी समन को खारिज करने का कोर्ट से आग्रह किया है। याचिका पर अभी सुनवाई नहीं हो सकी है। इडी ने जमीन घोटाला मामले में 13 और 26 अप्रैल को छापेमारी की थी। 13 को छापामारी के दौरान राजस्व कर्मचारी भानुप्रताप के घर से बक्शा मिला था। जिसमें जमीन से जुड़े दस्तावेज बरामद किये गये थे। इसके अलावा रांची और जमशेदपुर में 5 ठिकानों पर इडी ने छापा मारा था। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए थे।

## आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र महासभा से कनाडा को भारत का सख्त संदेश

# वे दिन गये, जब कुछ देश ही एजेंडा तय करते थे : जयशंकर

- चीन और पाकिस्तान को भी जमकर लताड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का भारत का दृष्टिकोण महज कुछ देशों के संकीर्ण हितों पर नहीं, बल्कि कई राष्ट्रों की प्रमुख चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करता है। वे दिन बीत गये जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनकी बातें मान लें। जब हम अग्रणी शक्ति बनने की आकांक्षा रखते हैं तो यह आत्म-प्रशंसा के लिए नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी उठाने और अधिक योगदान करने के लिए होती है। अब भी कुछ ऐसे देश हैं जो एजेंडा को आकार देते हैं और मानदंडों को परिभाषित करना चाहते हैं। यह नहीं चल सकता। उन्होंने अपने संबोधन की शरुआत नमस्ते फ्रॉम भारत (भारत की ओर से नमस्ते) से की। पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बिना नाम लिये उन्होंने कनाजा को सख्त संदेश भी दे दिया। कहा कि आतंक से निपटने में राजनीतिक फायदा देखना गलत है। भारतीय विदेश मंत्री ने बदलाव की भी अपील की। परोक्ष रूप से चीन और पाकिस्तान पर भी निशाना साधा। (शेष पेज 11 पर)



### भारत अपनी जिम्मेदारी जानता है

विदेश मंत्री ने कहा, भारत की पहल की वजह से जी-20 में अफ्रीकन यूनियन को स्थाई सदस्यता मिली है। ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जिसका काफी समय से हक रहा है। इससे संयुक्त राष्ट्र को भी सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाने की प्रेरणा मिलनी चाहिए। जो उससे भी पुराना संगठन है। उन्होंने कहा, भारत अपनी जिम्मेदारी महसूस करता है। विश्व की वित्तीय संस्थाओं में बदलाव होना चाहिए। यूएनएसी में बदलाव होना चाहिए। दुनिया उथल-पुथल के दौर का सामना कर रही है। कूटनीति और बातचीत ही तनाव को कम कर सकती है। विश्व से भूख और गरीबी को मिटाना है। दुनिया में कई जगह संघर्ष चल रहा है, जो बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, भारत में हाल में जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ। विश्व के सामने विकास की चुनौती है। भारत हर एक चीज को पहले कर रहा है।

# जजों की नियुक्ति में विलंब संवेदनशील मामला : शीर्ष कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल (एजी) से कहा कि पिछले कई महीनों में कुछ भी नहीं हुआ है। अदालत ने कहा कि अंतिम सुनवाई में एक आदेश पारित किया गया था उसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि 'मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति' एक बहुत ही संवेदनशील मामला है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने मंगलवार को कहा कि (उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए) 70 नाम 10 महीने की अवधि से लंबित हैं...इन 70 नामों के लिए बुनियादी प्रसंस्करण होता है। उच्च न्यायालयों में 70 न्यायाधीश नहीं हैं, क्योंकि उनमें से कुछ, औसतन 50 प्रतिशत, की नियुक्ति नहीं हो पायी है। अगर आपका विचार मालूम होगा तो कोलेजियम फैसला लेगा लेकिन अगर आपकी तरफ से कुछ आये ही नहीं तो... फैसले के तहत 4 महीने में आपको जवाब देना था.. आप पांच महीने ले लें। न्यायमूर्ति कौल ने एजी से कहा कि मैं इसे चिह्नित कर रहा हूं ताकि आप निर्देश ले सकें।

# कुड़मियों को आदिवासी का दर्जा देने के मामले पर मंथन करेगी राज्य सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो


मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपते कुड़मी समाज के लोग

**रांची।** आदिवासी कुड़मी समाज और वृहद झारखंड आदिवासी कुड़मी मंच का एक प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से प्रोजेक्ट भवन मिला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हुई इस मुलाकात के दौरान टीआरआइ निदेशक रणेंद्र भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमण्डल में अजीत प्रसाद महतो (पुरुलिया), हलधर महतो, चौधरी चरण महतो (धनबाद), दीपक पुरनियार, महादेव डुंगरीयार, पदमा प्रसाद महतो, छोटेलाल महतो, जयराम महतो, संतोष महतो, मुकेश महतो, शेखर महतो, संजय प्रसाद महतो, कैलाश महतो, तुलसी महतो सहित अन्य भी शामिल थे।

सीएस से मिलने के बाद मीडिया को जानकारी देते प्रतिनिधिमंडल में शामिल मंटू महतो ने बताया कि पिछले दिनों झारखंड में रेल टेका डहर छेका कार्यक्रम कुड़मी संगठनों की ओर से चलाया गया था। इस आंदोलन के दौरान कई लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से मुकदमा भी दर्ज किया गया। ऐसे में सरकार के साथ वार्ता के दौरान सबसे पहले आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की वापसी पर वार्ता हुई। इसमें कहा गया कि इस संबंध में डीजीपी झारखंड से बात करने के बाद इस विषय पर हल निकाला जाएगा। दूसरा विषय कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर था। इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि उनके मांग पत्र का अध्ययन होगा। इसके उपरांत इस विषय पर मुख्यमंत्री (झारखंड सरकार) से विस्तृत चर्चा होगी। चर्चा उपरांत इस पर सरकार ही कानून सम्मत या नियम सम्मत कार्रवाई करेगी।

मंटू महतो ने कहा कि हम सभी कुड़मी जनजाति संगठित रहेंगे। आगे की रणनीति बनाने के लिए सभी कुड़मी एक होकर आंदोलन की रुप-रेखा तय करेंगे। चूंकि यह लड़ाई अभी लंबी चलेगी, इसका सही हल केन्द्र से ही मिलेगा। हम लोगों ने अपनी बात को मुख्य सचिव के सामने साक्ष्यों एवं कानूनी पहलुओं को मजबूती से रखा है। मुख्य सचिव ने हमारी बातों को गंभीरता से सुना है। उन्हें प्रतिनिधिमंडल द्वारा 480 पन्नों का ज्ञापन भी सौंपा गया है। उम्मीद है कि सीएस से मिले आश्वासन के बाद इस संबंध में जल्दी ही जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### चेक बाउंस मामले में पीड़ित के आवेदन पर दिया आदेश

## हाइकोर्ट ने डीजीपी को दिया आदेश- तीन माह के अंदर थानों में लगवायें सीसीटीवी कैमरा

**हाइकोर्ट ने पुलिस से सीसीटीवी रिकॉर्ड मांगा तो पुलिस ने कहा, दो दिनों का ही बैकअप है उपलब्ध**




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने जब पुलिस से सीसीटीवी का रिकॉर्ड मांगा तो पुलिस ने कहा कि दो दिनों का है बैकअप उपलब्ध है। इस पर हाइकोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए तीन महीनों के अंदर राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आदेश दिया। कहा कि उसका बैकअप कम से कम 18 महीने के रिकॉर्ड रहे।

यह आदेश पश्चिम बंगाल के शौभिक बनर्जी एवं अन्य ने हाइकोर्ट में दाखिल याचिका पर दिया। शौभिक बनर्जी ने कहा कि उस पर चेक बाउंस से जुड़े केस में वह धनबाद कोर्ट में बेल लेने आए थे, लेकिन धनबाद पुलिस ने उन्हें दो दिनों तक अवैध तरीके से थाना में बैठाए रखा। जबरन दबाव बनाकर दूसरे पक्ष की मदद की। यह सारी घटना बैंक मोड़ थाना में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। अदालत ने हैरानी जताते हुए कहा कि धनबाद जैसे शहर, जहां अपराध का ग्राफ काफी ज्यादा है, वहां सीसीटीवी का डाटा मेंटेन नहीं करना आश्चर्यजनक है।

हाईकोर्ट ने प्रॉपर्टी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड और शौभिक बनर्जी एवं अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। हाईकोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करें कि थाना में लगे सीसीटीवी से थाना का चप्पा-चप्पा कवर हो। अदालत ने गृह सचिव को इस आदेश की कॉपी देने का निर्देश दिया है, ताकि आदेश का अनुपालन किया जाए. झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने यह आदेश पारित किया है।

## कुरमी को एसटी में शामिल करने का कोई प्रस्ताव केंद्र के पास नहीं: अर्जुन

### रोजगार मेले में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने को लेकर कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास नहीं है। श्री मुंडा दरभंगा हाउस में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए राज्य सरकार विवाद उत्पन्न कर रही है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अर्जुन मुंडा, संजय सेठ, सीपी सिंह और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

गौरतलब है कि मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया। इसे लेकर रांची के दरभंगा हाउस समेत देशभर के 46 संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित था। दरभंगा हाउस में जिन 147 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया। इनमें मुख्य रूप से डाक विभाग, भारतीय लेखा, बैंक, डॉक्टर्स और उच्च शिक्षा विभाग शामिल हैं।

मौके पर मौजूद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद संजय सेठ ने नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों ने कहा कि उन्हें काफी खुशी हो रही है। लंबे इंतजार के बाद उन्हें नौकरी मिली है।

### धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव के खिलाफ व्यापारियों का गवर्नर-सीएम को ज्ञापन

# बाजार समिति के भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करे सरकार, व्यापारियों को दें सुरक्षा

**मार्केटिंग बोर्ड की मिलीभगत से दुकानों को सरेंडर कराने और बेचने का चल रहा खेल**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मार्केटिंग बोर्ड से जुड़े राज्य की विभिन्न बाजार समितियों के व्यापारियों ने धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कृषि सचिव समेत अन्य अधिकारियों से मंगलवार को लिखित शिकायत की है। मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने लिखा है कि धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश कुमार सिंह के कारण हम सभी व्यापारी परेशान हैं। वह न सिर्फ धनबाद बल्कि राज्य की अन्य कमेटियों के व्यापारियों पर भी दुकान खरीदने और बेचने का दबाव बनाते हैं। जबरन दुकान का को सरेंडर करा कर दूसरे व्यापारी के हाथों बेचते हैं। धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव राकेश सिंह द्वारा बाजार समिति भंग होने के बाद भी दुकान, गोदाम और आईबी को पैसे लेकर बेचा जा रहा है। इससे करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की है।

### गढ़वा बाजार समिति में घूस लेते पकड़े गये थे

व्यापारियों ने लिखा है कि गढ़वा बाजार समिति में भी राकेश सिंह को दुकान आवंटन के नाम पर एक सब्जी विक्रेता से एक लाख रुपये घूस लेते एसीबी ने पकड़ा था। इस आरोप में वह तीन माह जेल में रहे थे। उसके बाद भी उन्हें धनबाद जैसे बड़े बाजार समिति का प्रभारी बना दिया गया। उनके निर्देश पर धनबाद बाजार समिति में ट्रकों से भी अवैध वसूली की जा रही है। खबर छपने के बाद भी प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे पत्राचार लिपिक से पूरे मामले की जांच करा कर मामले को रफा दफा करने का कोशिश की जा रही है। प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी द्वारा हम व्यापारियों को यह कह कर भी डराया जाता है, कि मुख्यमंत्री भी हमारा कुछ नहीं करेंगे। व्यापारियों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग की है।

### क्या है मामला

धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव राकेश सिंह ने नियम-कानून को ताक पर रखकर अवैध तरीके से बाजार समिति की 29 दुकान-गोदाम को बेच दिया है। अधिकारियों का कहना है कि दुकान-गोदाम आवंटन के लिए निदेशकमंडल के निर्णय पर बनी कमेटी द्वारा किया जाना था। परंतु समिति के सचिव ने अपने स्तर से ही दुकानें बेच दी है।

**धनबाद डीसी ने भेजी रिपोर्ट :** राज्य के कृषि सचवि अबू बकर सिद्दिक ने धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव के काले कारनामों की जांच का जिम्मा धनबाद डीसी के साथ-साथ मार्केटिंग बोर्ड के एमडी को भी दिया था। डीसी से कहा था कि वह मामले की जांच एडीएम स्तर के अधिकारी से कराकर दो दिनों में दें। वहीं एमडी से भी दो दिनों से रिपोर्ट देने कहा था। धनबाद डीसी ने तो मामले की जांच कराकर दो दिनों में कृषि सचिव को रिपोर्ट भेज दी, लेकिन मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी अभी जांच रिपोर्ट तैयार ही कर रहे हैं। बोर्ड के सचिव ने बताया कि बुधवार को रिपोर्ट सौंप दिया जायेगा। वहीं एमडी ने कहा कि अभी रिपोर्ट नहीं आयी है। आने के साथ ही कृषि सचिव को भेज दिया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### डेंगू के 39 और चिकनगुनिया के 5 मरीज मिले

**रांची।** झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया पीड़ितों के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक मंगलवार को राज्य भर में डेंगू के 442 संदिग्ध मरीज मिले। जांच के बाद 39 में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा 8 मरीज पूर्वी सिंहभूम में मिले हैं। वहीं धनबाद में 3, खूंटी में 4, पाकुड़ में 4, रांची में 4, साहिबगंज में 16 डेंगू के मरीज मिले हैं। **चिकनगुनिया के 69 संदिग्ध मरीज, पांच में पुष्टि :** वहीं राज्य भर में चिकनगुनिया के 69 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 28 मरीज रांची के हैं। सभी ने अपनी जांच करायी। इनमें 5 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। वहीं हजारीबाग में 19 और पश्चिमी सिंहभूम में 22 संदिग्ध मरीज मिले हैं।

### चाईबासा में मिला आइइडी बम व स्पाइक होल

**रांची।** कोल्हान के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने मंगलवार को टोंटो थाना अंतर्गत पाटातोरब जंगली व पहाड़ी रास्ते से 5 किलोग्राम के 1 आइईडी बम और 2 स्पाइक छेद बरामद किए हैं। पुलिस ने आईईडी बम को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुवार, सीआरपीएफ के 197 बटालियन और बम निरोधक दस्ता 197 बटालियन के जवान शामिल थे।

### सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर निलंबित

**रांची।** झारखंड आबकारी विभाग ने सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर को निलंबित कर दिया है। कुजूर वर्तमान में हजारीबाग में तैनात हैं। बोकारो में पोस्टिंग के दौरान नकली शराब बेचवाने का आरोप लगा था। उनके क्षेत्र के सरकारी दुकानों में नकली शराब मिलने की शिकायत लगातार विभाग को मिल रही थी। एक के बाद एक कई दुकानों में जांच के बाद खुलासा हुआ। विभाग ने अरविंद कुजूर से इसपर स्पष्टीकरण पूछा था, जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गयी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। निलंबन अवधि में अरविंद कुजुर मुख्यालय पर प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यालय संथाल परगना दुमका में योगदान देंगे।

### रांची हिंसा मामले में 3 अक्टूबर को सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रांची हिंसा की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर अब 3 अक्टूबर को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार से अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। यह मामला मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन इस मामले की सुनवाई टल गयी। उम्मीद की जा रही है कि अगली सुनवाई के दिन अदालत इस जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनायेगा।

### भोर सिंह यादव बने उद्योग विभाग के निदेशक

**राज्य के तीन आइएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के तीन आइएएस अधिकारियों को अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त प्रभार भी दिया है। वहीं भोर सिंह यादव की भी पोस्टिंग कर दी है। इससे संबंधित आदेश कार्मिक विभाग ने 26 सितंबर को जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ बंदोबस्त पदाधिकारी (पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इनके अलावा पलामू उपायुक्त के पद पर पदस्थापित शशि रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ पलामू के बंदोबस्त पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं, खान निदेशक के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक (झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड) के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इसके अलावा पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे भोर सिंह यादव को अगले आदेश तक निदेशक, उद्योग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(लापता शक्ति कुमार सिंह, उम्र–21 वर्ष)



नगरउंटारी थाना सनहा सं0–10/2023 दिनांक–11.09.2023 में लापता व्यक्ति शक्ति कुमार सिंह, उम्र करीब–21 वर्ष, पे0–वीर अभिमन्यु, सा0–दुबे, थाना–पांकी, जिला–पलामू, की रहने वाले हैं। जो अन्नपूर्णा फाईनेन्स प्रा0 लि0 कम्पनी में नगरउंटारी शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे जो बिना बताये कही चले गये है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापताशक्ति कुमार सिंह उम्र करीब–21 वर्ष, पे0–वीर अभिमन्यु, सा0–दुबे, थाना–पांकी, जिला–पलामू, का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– शक्ति कुमार सिंह, ग्राम–दुबे,
रंग– गोरा,
लम्बाई– लगभग 5 फीट 4 इंच,

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 307696 Police(23-24)#D


### तारा शाहदेव के यौन शोषण मामले में फैसला 30 सितंबर को

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से जुड़े आठ साल पुराने मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन की ओर से मंगलवार को बहस की लिखित कॉपी अदालत को सौंपी गई। मामले में सीबीआई कोर्ट में पूर्व में ही फैसले की तारीख 30 सितंबर निर्धारित कर दी है। इस तारीख को अदालत मामले में फैसला सुनायेगी। मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार, विजिलेंस बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी भी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### सीएम की याचिका में त्रुटियों पर बीजेपी के तंज पर जेएमएम का जवाब

# इडी और हाइकोर्ट का प्रवक्ता ना बनें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में ईडी के खिलाफ याचिका दायर की गई। याचिका में कई त्रुटियां पाई गई, जिस पर हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री को ठीक करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के द्वारा दायर की गई याचिका में त्रुटि पाए जाने के बाद भाजपा की तरफ से ये आरोप लगाया गया कि मुख्यमंत्री जान बूझकर त्रुटियां डाले हैं ताकि उन्हें ज्यादा समय मिल सके। भाजपा के इसी बयान पर झामुमो ने कहा है कि हाईकोर्ट और ईडी के प्रवक्ता भी भाजपा के बन रहे हैं जो पूरी तरह से गलत है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि बाबूलाल मरांडी ने 2020 में विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ याचिका दायर की थी। उसमें भी कई त्रुटियां पाई गई थी लेकिन पार्टी के लोगों ने उस पर किसी तरह की कोई बयानबाजी नहीं की थी।

### दिल्ली की टीम झारखंड पर केंद्रित




प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से प्रतुल शाहदेव की तरफ से बयानबाजी की गई है, वह कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। बाबूलाल मरांडी भाजपा में जाकर उन्हीं की तरह सोचने लगे हैं, जबकि उनकी संस्कृति झारखंड से जुड़ी है। सुप्रियो ने कहा कि दिल्ली की टीम झारखंड पर केंद्रित हो गई है और हेमंत सोरेन पर निशाना साध कर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रही है। सुप्रियो ने पेसा कानून पर कहा कि राज्य सरकार ने जब से पेसा कानून को और भी मजबूत करने की पहल की है तब से बीजेपी वालों के पेट में ज्यादा दर्द हो रहा है।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)**
(E.mail- dwo.simdega@gamil.com)

**"इच्छा की अभिव्यक्ति" (EXPRESSION OF INTEREST)**
**(अति–अल्पकालीन)**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Special Central Assistance to Tribal Sub-Scheme (SCA to TSS) नामित "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY) हेतु सिमडेगा जिला अन्तर्गत स्वीकृत कुल 254 ग्रामों अन्तर्गत दिशा–निर्देश (Guidelines) के तहत् चिन्हित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण (Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करने हेतु अनुभवी सरकारी संस्थान/गैर सरकारी संस्थाओं/ट्रस्ट से इच्छा की अभिव्यक्ति (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | विषय वस्तु | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | कार्य का नाम | "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम" के तहत 254 चिन्हित ग्राम अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृत 254 ग्रामों में सर्वेक्षण (Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करना |
| 02 | आवेदन समर्पित करने की तिथि एवं समय | दिनांक 04-10-2023 अपराहन 4:00 बजे तक |
| 03 | आवेदन जमा करने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA, कार्यालय, सिमडेगा। |
| 04 | आवेदन खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक- 05-10-2023 पूर्वाह्न 11:00 से |
| 05 | आवेदन खोलने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA,कार्यालय, सिमडेगा |
| 06 | विज्ञापनदाता का नाम | परियोजना निदेशक, ITDA, कार्यालय, सिमडेगा |
| 07 | आय–व्ययक (बजट) | "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना" के अनुसार तकनीकी सहायता करना एवं ग्राम विकास योजना तैयार करना (VDP)। चयनित संस्था/संगठन को योजना के तहत चिन्हित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत योजना के दिशा–निर्देश के अनुरूप |
| 08 | अग्रधन की राशि | 50,000/–(पचास हजार) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट परियोजना निदेशक, ITDA, सिमडेगा के पक्ष में एवं भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सिमडेगा में भुगतेय होगा। |
| 09 | सर्वेक्षण (Survey) निष्पाद अवधि | 45 (पैंतालिस) दिन अन्तर्गत |

Special Central Assistance to Tribal Sub-Scheme (SCA to TSS) नामित "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY) अन्तर्गत ईच्छा की अभिव्यक्ति (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन समर्पित करने से संबंधित शर्त्त एवं जानकारी www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा। परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, सिमडेगा।

PR.NO.307723
Simdega(23-24):D


# इडी की चुनौतियों के बीच सियासी पिच पर सधी बल्लेबाजी कर रहे सीएम हेमंत सोरेन

सत्येन्द्र



**रांची।** झारखंड में झामुमो की अगुवाई वाली सरकार दिसंबर 2023 में अपना चार साल का कार्य पूरा कर लेगी। आदिवासियों मूलवासियों के हक और जल, जंगल, जमीन से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष के मूल से उपजी इस पार्टी को पहली बार कायदे से सत्ता का खाद-पानी हासिल हुआ और यह कहने-मानने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि पावर एक्सरसाइज की बदौलत वह अपने अब तक के इतिहास में आज सबसे मजबूत स्थिति में है। यही कारण है कि ईडी दबिश के बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो की राजनीति की पिच पर शानदार बैटिंग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तमाम मुश्किलों और चुनौतियों के बीच भी सियासी पिच पर आक्रामक बैटिंग कर रहे हैं। 2024 में भी वह इसी पोजिशन पर डटे रहने की कोशिश करेंगे क्योंकि 2024 में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से यह साल बेहद अहम साबित होने वाला है। पार्टी की जो मौजूदा पोजिशन है, उसके आधार पर भविष्य के लिए अच्छे स्कोर की संभावनाएं जरूर दिख रही हैं, लेकिन यह भी सच है कि नेतृत्व की एक भी बड़ी सियासी चूक उसे पीछे भी धकेल सकती है।

वहीं दूसरी ओर मिशन 2024 को देखते हुए राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा तगड़ी फिल्डिंग सजाने की तैयारी में है और मौका पाते ही वह झामुमो की मौजूदा जमीन खिसकाने की तैयारी में है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के शीर्ष रणनीतिकार अमित शाह की नजर झारखंड राजनीतिक गणित पर विशेष रूप से है। यही कारण है कि संगठन में फेरबदल कर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा की बगडोर सौंपा है। इधर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के बाद से ही बाबूलाल मरांडी 2019 के चुनाव में भाजपा की खिसकी हुई जनाधार को पुनः वापस करने के लिए संकल्प यात्रा के नाम पर राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे है। उनकी सभाओं में हो रही भीड़ को देखकर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेता भी अपने आपको असहज महसूस कर रहे हैं।

हालांकि झामुमो की केंद्रीय कमेटी के वरिष्ठ नेता और मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य कहते हैं कि अमित शाह के कहने पर बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के नाम पर राज्य के हर प्रमंडल और जिले का दौरा कर लें, वह झारखंड में हाशिए पर पहुंच चुकी पार्टी को नहीं उबार पाएंगे। वह बताते हैं कि झामुमो के लिए वर्ष 2023 संकल्प का वर्ष रहा है। संकल्प इस बात का कि 2024 में झारखंड को भाजपा से मुक्त करा दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि पार्टी ने 2019 में विधानसभा चुनाव हेमंत सोरेन की अगुवाई में ही लड़ा और अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य की सत्ता हासिल की। जेएमएम ने राज्य की 81 में से 30 विधानसभा सीटों पर कब्जा किया और कांग्रेस एवं आरजेडी के साथ मिलकर कुल 47 सीटों के साथ गठबंधन की सरकार बनाई। 2019 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद जेएमएम की अगुवाई में पांचवीं बार सरकार बनी और हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। जेएमएम की ये अब तक की सबसे लंबी चलने वाली सरकार है, लेकिन इसके साथ यह भी सच है कि इस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को अपने राजनीतिक जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। खनन घोटाले में ईडी की पूछताछ, खनन लीज पट्टा मामले में चुनाव आयोग से लेकर अदालतों तक में सुनवाई, विधानसभा सदस्यता पर संकट, राजभवन से टकराव, भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग में करीबियों की गिरफ्तारी जैसे प्रकरणों के चलते वह कई बार गंभीर मुश्किलों में घिरते दिखे हैं।

कई बार तो कुर्सी अब गई कि तब गई वाली हालत बनती दिखी, लेकिन इन तमाम मुश्किलों के बीच उन्होंने सियासी मोर्चे पर शानदार स्कोर किया। इधर वर्ष 2023 में भी हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी के लिए कानूनी मोर्चे पर चुनौतियां बनी रही। खनन पट्टा, शिबू सोरेन की संपत्ति की जांच जैसे मामले अदालतों में हैं। वहीं मनी लांड्रिंग में ईडी की जांच में लगातार खुल रहे पन्नों से काफी परेशान हैं। इसके बावजूद भी राजनीतिक पीच पर शानदार बैटिंग कर रहे हैं।

### एक अक्टूबर तक बारिश होने का पूर्वानुमान जारी

**रांची।** रांची समेत राज्य के कई जिलों में मंगलवार को भी झमाझम बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में राज्य के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि कहीं-कहीं भारी वर्षा भी दर्ज की गयी। सबसे अधिक वर्षा 92.2 मिमी महारो (दुमका) में दर्ज किया गया। मौसम विभाग की आंकडों के अनुसार राज्य में सामान्य से 27 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 1 अक्टूबर तक राज्यभर में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। विशेषकर राज्य के पश्चिमी और मध्य हिस्से में रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, लातेहार, पलामू, चतरा समेत अन्य जिले शामिल है।


**AFFIDAVIT**

I BHAWNA, R/O- AASHIRWAD, D-81 ASHOK NAGAR, ROAD NO-1 DECLARE THAT VIDE AFFIDAVIT NO. 321, DATED 23/9/23, BY EXECUTIVE MAGISTRATE RANCHI HAS CORRECTED MY NAME FROM BHAVANA KUMAR TO BHAWNA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

# युवक ने ऑनलाइन ऑर्डर किया था मोबाइल, पैकेट में मिला 'दीया', फोन करने पर कहा हैप्पी दीपावली!

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा के युवक तारिक अनवर से साइबर अपराधियों ने ठगी की कोशिश की। युवक ने ऑनलाइन 25 हजार रुपये मूल्य का मोबाइल मंगाया था, लेकिन जब मोबाइल पहुंचा तो मोबाइल के डिब्बे में मोबाइल न होकर दीपावली के दीये भेजे गये थे।

**क्या है पूरा मामला:** त्योहारों का सीजन शुरू होते ही साइबर अपराधी अब गिफ्ट बदलकर ठगी का धंधा शुरू कर चुके हैं।

दरअसल तारिक अनवर ने ऑनलाइन कमर्शियल कंपनी से एक महंगा मोबाइल खरीदा। मंगलवार को तारिक की दुकान पर डिलीवरी मैन डिलीवरी देने पहुंचा। चूंकि तारिक ने ऑनलाइन कंपनी से कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन देकर मोबाइल मंगवाया था, इसलिए उसने डिलीवरी मैन को पैसे देने से पहले अपने मोबाइल को चेक करने का मन बनाया। मोबाइल का डिब्बा खोलते ही वह चौंक गया, क्योंकि मोबाइल के डिब्बे के अंदर मोबाइल नहीं था बल्कि चार दीये थे।

तारिक जब मोबाइल का डिब्बा खोल रहा था उस दौरान उसकी दुकान के अंदर सीसीटीवी काम कर रहा था। इसलिए मोबाइल का डिब्बा खोलने की सारी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मोबाइल की जगह दीया निकलने पर डिलीवरी मैन को इस संबंध में जब पूछा गया तो उसने बताया कि उसे कोई जानकारी नहीं है। उसे कंपनी के द्वारा डिलीवर करने के लिए दिया गया था जो पूरी तरह से सील पैक है। अब मोबाइल के बदले दीया कैसे निकाला इसकी जांच कंपनी के द्वारा ही की जाएगी। डिलीवरी मैन के द्वारा काफी माफी मांगने के बाद उसे जाने दिया गया। हालांकि डिलीवरी मैन ने सबके सामने ही कंपनी में कंप्लेन भी दर्ज करवाया।

### ऑनलाइन शिकायत दर्ज

साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी से बचे तारिक अनवर ने ई-कॉमर्स कंपनी के साथ-साथ साइबर के कंप्लेंन नंबर को फोन करके भी शिकायत दर्ज करवाई है, ताकि अन्य लोग इस तरह की ठगी से बच सकें।

# 48 घंटे में लोगों ने ढाई लाख रुपये का भरा चालान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले एक सप्ताह से रांची पुलिस अपनी पूरी ताकत राजधानी को जाम मुक्त करने में लगाई हुई है। ट्रैफिक पुलिस के अलावा शहर के सभी थानेदार अपने अपने क्षेत्रों में अभियान चला रहे हैं लेकिन इसका असर राजधानी में कहीं देखने को नहीं मिल रहा है। जब तक अभियान चलता है सड़क पर सब कुछ ठीक रहता है अभियान बंद होते ही स्थिति फिर से पहले जैसी हो जाती है। जबकि मात्र 48 दिनों में ट्रैफिक पुलिस ने सिर्फ सड़क पर पार्किंग को लेकर ही ढाई लाख का चालान काटा है।



### एक सप्ताह का अभियान हुआ बेकार

रांची पुलिस पिछले एक सप्ताह से शहर को जाम मुक्त करवाने के लिए अभियान पर है। इस अभियान में सिटी एसपी से लेकर सभी डीएसपी और तमाम थानेदार भी शामिल हो रहे हैं। अभियान की वजह से थोड़ी देर के लिए सड़क से जाम हट भी जाता है लेकिन ठीक आधे घंटे के बाद जब पुलिस वाले वापस लौट जाते हैं तो फिर से सड़क जाम नजर आएगा। स्थिति यह है कि रांची के मेन रोड रोड, कांटाटोली, किशोरगंज या रातू रोड से होकर गुजरना हो तो आप समय पर अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाएंगे।

### सबसे ज्यादा दुकानदार कर रहे परेशान

राजधानी की ट्रैफिक पुलिस सबसे ज्यादा सड़क किनारे दुकान लगाने वालों से परेशान हैं। दुकान में पूरी तरह से जगह नहीं हो पाने की वजह से अधिकांश दुकानदार सामान सड़क पर ही लगा देते हैं, जिसकी वजह से सड़क का अतिक्रमण हो जाता है और नतीजा रोड पर जाम लग जाता है। दूसरी तरफ जहां-तहां वाहन पार्क करने वाले लोगों से पुलिस सबसे ज्यादा परेशान हो रही है। पिछले एक सप्ताह के दौरान आधा दर्जन से अधिक बार दुकानदारों को समझाया गया है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

सिंदरी में संकल्प सभा, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का आह्वान

# गठबंधन सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त व्यापारियों की हो रही हत्या: बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/सिंदरी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला है। श्री मरांडी मंगलवार को सिंदरी के बलियापुर उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित संकल्प सभा क ो संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें। साथ ही, झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने गांव, गरीब, किसान मजदूर, युवा और महिला के प्रति सरकार को किया समर्पित।

उन्होंने कहा कि मोदी प्रधानमंत्री बनते ही महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण करवाया, गैस कनेक्शन दिया। अब महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नये बहनों को भी जोड़ा जाना है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। गठबंधन सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। अंचल ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसे देना पड़ रहा है। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए घूस देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आने पर मामले में सीबीआई जांच कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिये 2024 में केंद्र में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें।

20 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन की खरीद-बिक्री मात्र 1.78 करोड़ में करने का आरोप , इडी भी कर रही जांच

# पुनीत भार्गव के यहां जीएसटी का छापा, कई दस्तावेज जब्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पुनीत भार्गव ने 1 एकड़ जमीन 1.78 करोड़ में खरीदी, फिर विष्णु अग्रवाल की 2 कंपनियों को मात्र 62 हजार मुनाफे में बेची**

**रांची।** जीएसटी विभाग की टीम ने जमीन पर निवेश करनेवाले पुनीत भार्गव नामक व्यक्ति के हरिओम टॉवर स्थित प्रतिष्ठान में मंगलवार की शाम छापेमारी की। छापामारी अभियान देर रात जारी था। छापेमारी अभियान पटना जीएसटी के टीम ने की। पुनीत भार्गव पर आरोप है कि उसने केंद्र व राज्य सरकार को बिजनेस के माध्यम से चूना लगाया है। जीएसटी ने वहां से कई दस्तावेज को जब्त किया है, जिसमें लेखा-जोखा से संबंधित मामला है।

गौरतलब हो कि पुनीत भार्गव पर राजेश राय से एक एकड़ जमीन 1 करोड़ 78 लाख, 55 हजार 800 रुपए में खरीद कर उसे दुगुने दाम पर बेचने का आरोप है। भार्गव पर जमीन 62 हजार रुपए मुनाफा लेकर 1 करोड़ 79 लाख 17 हजार 806 रुपए में विष्णु अग्रवाल की दो कंपनियों को बेच दी थी। अग्रवाल ने आदर्श हाइट्स प्रा. लि. के नाम पर 57 डिसमिल और चैलिस रियल इस्टेट एलएलपी के नाम पर 43 डिसमिल जमीन खरीदी। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस जमीन की खरीद-बिक्री मात्र 1 लाख 78 हजार 558 रुपए डिसमिल की दर से दिखाई गई है, उसका बाजार मूल्य लगभग 20 लाख रुपए प्रति डिसमिल है। यानी करीब 20 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन की खरीद-बिक्री मात्र 1.78 करोड़ में हो गई। अब इडी इसकी जांच कर रहा है। जांच में कई और खुलासे सामने आयेंगे



### उदय शंकर के मोबाइल से कई घोटाले का मिलेगा सुराग!

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव पिंटू से जुड़े आप्त सचिव उदय शंकर के डोरंडा स्थित सरकारी आवास पर 10 घंटे तक छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने उनका मोबाइल जब्त किया था। इडी सूत्रों के अनुसार मोबाइल से मिले डेटा से जमीन घोटाला व पत्थर खनन मामले में अहम सुराग मिल सकता है। इन घोटालों से जुड़े कई बड़े नामों का भी खुलासा हो सकता है। मंगलवार को हुई छापेमारी की चर्चा सरकारी महकमे में रही। इधर, ईडी को कई और जमीन में हुए फर्जीवाड़ा की जानकारी मिली है। इनमें ऐसे भूखंड शामिल हैं जिन्हें कई नेता और नौकरशाहों ने खरीदे हैं। ईडी इन सभी जमीन का ब्यौरा खंगाल रही है।

### आपत्ति के बावजूद बड़गाई सीओ ने कर दिया था म्यूटेशन

चेशायर होम रोड स्थित जिस जमीन की खरीद-बिक्री में फर्जी डीड का इस्तेमाल किया गया है, उसके मूल रैयत उमेश गोप हैं। जब जमीन की खरीद-बिक्री हुई तो गोप ने फरवरी 2021 में बड़गाई सीओ को लिखित आवेदन देकर बताया कि एक एकड़ जमीन उसकी पुस्तैनी है। मामला कोर्ट में है, इसलिए म्यूटेशन पर रोक लगाई जाए। पर, बड़गाई सीओ मनोज कुमार ने आपत्ति को दरकिनार कर मात्र 19 दिनों में पुनीत भार्गव के नाम एक एकड़ जमीन का म्यूटेशन कर दिया। जमीन की रजिस्ट्री 6 फरवरी 2021 और म्यूटेशन 25 फरवरी 2021 को हुआ। भार्गव ने दो माह बाद 1 अप्रैल को जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल के नाम कर दी। 12 मई 2021 को म्यूटेशन भी हो गया। इतना ही नहीं अंचल सीआई वीरेंद्र साहू और राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद ने पंजी टू रेकर्ड में छेड़छाड़ कर अन्य जमीन की रसीद नंबर चढ़ाकर म्यूटेशन दिखाया।

# पांच जिलों व 15 विधानसभा क्षेत्रों में प्रदेश कांग्रेस के नये प्रभारी नियुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति के सदस्य सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे के अनुमोदन के उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिलों में फेरबदल कर पांच जिला प्रभारी एवं 15 नये विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति की है।

इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि विगत दिनों को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों के प्रभार के जिलों में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखण्ड क्षेत्रों में मण्डल एवं पंचायत स्तर तक संगठन निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु समीक्षात्मक बैठक हुई थी। समीक्षा बैठक में आपसी विचार-विमर्श के आधार पर कुछ जिला में फेरबदल कर जिला प्रभारियों एवं विधानसभा प्रभारियों की जिम्मेदारियों में आवश्यक बदलाव एवं नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की आवश्यकता महसूस की गई थी। इस निमित्त सांगठनिक पूर्णता के कार्य को गति देने के लिए जिलों में फेरबदल कर नये जिला प्रभारी महासचिवों एवं नये विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति गई है।



### इन्हें दी गयी जिलों की जिम्मेवारी

गोड्डा अनुकूल चन्द्र मिश्रा, देवघर परविन्दर सिंह, पाकुड तनवीर आलम, गिरिडीह श्वेता सिंह, रामगढ़ में सुरेन्द्र सिंह को जिला प्रभारी बनाया गया है। वहीं घाटशिला तापस चटर्जी, सरायकेला अम्बर राय चौधरी, विश्रामपुर पूर्णिमा पांडेय, बरकळा आभा ओझा, लातेहार बद्री राम, मधुपुर उपेन्द्र सिंह, सिल्ली परितोष सिंह, ईचागढ़ खगेन चन्द्र महतो, रांची अनूप केशरी, चक्रधरपुर केके शुक्ला, गुमला सीमा सीता एक्का, तमाड़ प्रिंस सिंह, मनिका अशोक यादव, हटिया वेद प्रकाश मिश्रा, कोलेबिरा अकील रहमान को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।

# झारखंड में करप्शन का बोलबाला : जफर इस्लाम

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा 77000 करोड़ रुपये का किया गया है घोटाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड में करप्शन का बोलबाला है। सरकार का भी उसे संरक्षण प्राप्त है। जफर इस्लाम मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गठबंधन सरकार पर लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में 77000 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि घोटाले करनेवाले के दिल्ली और पटना में बैठे हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, लालू यादव, नीतीश कुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे आदि सभी के सहयोग से झारखंड की संपत्ति लूटी जा रही है और संपत्ति का बंटवारा भी किया जा रहा है।




उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन ने 2004 से 2014 तक देश की संपत्ति को लूटा। वहीं 2014 के बाद जब उनकी सरकार चली गई, तब उन्होंने करप्शन के स्लीपर सेल को ढूंढना प्रारंभ किया। स्लीपर सेल उन्हें वैसे प्रदेशों में मिले, जहां उनकी गठबंधन की सरकार है। झारखंड में सरकार के साथ मिलकर उन्होंने लूटपाट शुरू की। झारखंड में अधिकारी और बिचौलिये मिलकर करप्शन कर रहे हैं। सभी के तार शीर्ष पद पर बैठे नेता से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा, कोल आवंटन, अवैध खनन, लैंड स्कैम आदि घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। फायरिंग रेंज के बगल में 100 एकड़ की जमीन घोटाला किया गया। सीबीआई को 108 संपत्ति का ब्यौरा इन्होंने दिया है। कई संपत्तियों को ये खुद भूल गये हैं। राज्य के कई जिले के ये नागरिक बने हुए हैं। वह जहां जिस जिले में जाते हैं, वहीं से इनकी रजिस्ट्री हो जाती है। मनोज कुमार आईएएस की पोस्टिंग में लाखों रुपये दिया गया। मनीष रंजन का इसमें बड़ा रोल है। अविनाश कुमार की दलालों को बॉडीगार्ड उपलब्ध कराने में संलिप्तता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के सवालों से जितना भी भागना चाहें, भाग लें। लेकिन पर्दाफाश होकर रहेगा। भाजपा भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर चल रही है। जनता के साथ धोखा करने वालों को भाजपा एक्सपोज करती रहेगी। जनता के उम्मीद पर हम पूरी तरह खरा उतरेंगे, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश में एक नारा बहुत मजबूती से बुलंद हुआ कि मोदी है तो मुमकिन है। चाहे जितनी भी विपरीत परिस्थिति हो लेकिन, अगर इरादे नेक हो, मजबूत हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। नौ साल के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने इसे बार-बार साबित किया है। महिला आरक्षण अब ख्वाब नहीं, हकीकत बन गया है। सभी विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं को गुमराह करने और छलने का काम किया। मोदी सरकार ने इस गारंटी को पूरी कर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी आम महिला, आम जनता को मजबूत नहीं किया। कांग्रेस ने अगर मजबूत किया तो इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी को।

इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### कबाड़ी मालिक समेत चार गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ऑटो से बैटरी चुरा कर कबाड़ी में बेचने के मामले में कबाड़ी मालिक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में क्रमश: आशीष कुमार सोनी, राजू कुमार पोददार, संजीत कुमार उर्फ छोटू, विनोद कुमार सिंह शामिल है। पुलिस ने इनलोगों के पास से चोरी की बैटरी के पाट्‌र्स बरामद किया है। इस संबंध में टोटो मालिक उमेश सिंह ने सुखदेवनगर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराया था।

### झारखंड हाईकोर्ट में शोक सभा का आयोजन

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को दिन के 11 बजे के बाद न्यायिक कार्य नहीं हुए। दिवंगत जस्टिस केपी देव के निधन पर हाईकोर्ट परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा सहित सभी न्यायाधीश और न्यायिक पदाधिकारी शामिल हुए। बता दें कि शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के सिटिंग जज केपी देव का निधन हो गया था। वह काफी दिनों से अस्वस्थ थे।

### वकील नईमुद्दीन की एबीपी पर सुनवाई 11 को

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत में दहेज प्रताड़ना मामले के आरोपी गोंदा थाना के टिंबर गली भीठा निवासी वकील नईमुद्दीन अंसारी उर्फ नूरी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने केस डायरी की मांग की। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 11 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की है। नईमुद्दीन अंसारी की पहली पत्नी ने शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुये 17 अगस्त को नामजद प्राथमिकी गोंदा थाना में दर्ज कराई है।

### फाड़ी जायेगी नारी शक्ति वंदन एक्ट की कॉपी : राजेश

**रांची।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम में ओबीसी महिलाओं का आरक्षण नहीं मिलने के कारण ओबीसी समुदाय में भारी आक्रोश है। इसका विरोध 30 सितंबर को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति को फाड़कर जलाया जाएगा क्योंकि इस बिल में ओबीसी महिलाओं को अलग से कोटा नहीं दिया गया है। यह बिल संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के खिलाफ है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही। प्रेस वार्ता में जगत सोनी, प्रवीण कुमार, कमलेश चौधरी और विष्णु कुमार उपस्थित थे।

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी को लेकर बैठक डीसी ने की बैठक

# आसामजिक तत्वों पर रखी जायेगी पैनी नजर, कानून तोड़ने पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शहर में 28 सितंबर गुरुवार को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलुस को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणायल में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची, अपर जिला दण्डाधिकारी, (विधि- व्यवस्था), रांची, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर रांची, सम्बंधित अधिकारी, मुस्लिम संगठन एवं दरगाह कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कमेटी के सदस्यों से जुलुस को लेकर निर्धारित मार्ग की जानकारी ली। जिस पर कमिटी के सदस्यों ने पूर्व से निर्धारित मार्ग से जुलुस ले जाने की बात पर सहमति जताई।

जश्न-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी सुबह 9:00 बजे निकाला जायेगा। रांची के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से जुलूस निकाला जायेगा जो रिसालदार बाबा मजार, डोरंडा तक पहुंचेगा। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम को लेकर कमिटी के सदस्यों को आश्वासन दिया गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची ने भी सभी से आपसी सौहार्द बनाएं रखने की अपील की। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका पर पुलिस प्रशासन को संपर्क करने की अपील की।

जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक

# राजधानी के सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक की। बैठक में सिविल सर्जन, रांची प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची डॉ एके खैतान, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी रांची, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर, पीसी एंड पीएनडीटी कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय एवं सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में नया निबंधन के लिए 3 अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की स्वीकृति दी गयी। नवीकरण के लिए 1 अल्ट्रासाउंड क्लिनिक को स्वीकृति दी गई। उपायुक्त ने वैसे क्लिनिक जो निबंधित नहीं है और कोई अशिक्षित आदमी अल्ट्रासाउंड का कार्य कर रहा है उस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुखबरी योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार के आवेदन का संपादन ससमय करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख़्ती से निरीक्षण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

# सदर हॉस्पिटल में कैंसर रोगियों को आज से मिलेगा ओपीडी परामर्श

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी का सदर अस्पताल मरीजों के भरोसे का एक बड़ा केंद्र बन कर उभर रहा है। अस्पताल में बुधवार से कैंसर के मरीजों को इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जायेगी। मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ गुंजेश मरीजों को परामर्श देंगे। उन्होंने बताया कि हर तरह के कैंसर मरीजों को सदर अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा दी जायेगी। यह आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क होगा। वहीं जो इस योजना के तहत नहीं आते हैं, उन्हें सरकारी दर या न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा कैंसर सर्जरी की सुविधा भी सदर में मिलेगी। कैंसर सर्जरी के लिए तीन दिन ओपीडी की सुविधा मिलेगी। वहीं मेडिकल आंकोलॉजी में डॉ गुंजेश दो दिन बुधवर और शुक्रवार को परामर्श देंगे।

**कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी और हॉर्मोनल थेरेपी की मिलेगी सुविधा** : सदर अस्पताल में बुधवार से कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी और हॉर्मोनल थेरेपी भी होगी। वहीं इम्यूनोथेरेपी की सुविधा मिलने में मरीजों को अभी थोड़ी परेशानी होगी, क्योंकि यह आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर नहीं होता है। डॉ गुंजेश ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से लोग निजी अस्पतालों में होने वाले खर्चों से बचेंगे।

**छह बेड के साथ शुरूआत** : सदर अस्पताल में कैंसर मरीजों का इलाज छह बेड के साथ शुरू होगी। इसके बाद मरीजों के हिसाब से बेड बढ़ाया जायेगा। वर्तमान में ब्लड कैंसर के मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जो हमेशा भरे रहते हैं। डॉ गुंजेश ने बताया कि दो ओपीडी होने से एक ओपीडी में 50 से अधिक नये कैंसर मरीजों के पहुंचने की संभावना है।

# नामकुम में जल्द काम करने लगेगा आधुनिक पासपोर्ट सेवा केंद्र : मनीता

- नगड़ी में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नए भवन के निर्माण को मंजूरी
- जल्द ही झारखंड के सभी पासपोर्ट ऑफिस को ऑनलाइन किया जाएगा
- एक दिन में पासपोर्ट के लिए 700 आवेदन स्वीकार करने की क्षमता होगी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पासपोर्ट की बढ़ती मांग और नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए रांची में कुछ ही महीनों के भीतर मौजूदा पासपोर्ट सेवा केंद्र की जगह पर नया एवं आधुनिक पासपोर्ट सेवा केंद्र मीमेक आईटी पार्क, नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में कार्यशील हो जाएगा। नए सेवा केंद्र में एक दिन में कम से कम 700 आवेदकों का पासपोर्ट के लिए आवेदन स्वीकार करने की क्षमता होगी। यह जानकारी क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय रांची में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अधिकारी मनीता कुमारी ने दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची एवं विदेश मंत्रालय द्वारा झारखंड वासियों के हित में कई कदम उठाए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने रांची के नगड़ी में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नए भवन के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इस भवन में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अलावा विदेश मंत्रालय के अन्य जन केंद्रित विभाग भी कार्यशील भी होंगे। जल्द ही झारखंड के सभी पासपोर्ट ऑफिस को ऑफलाइन से ऑनलाइन किया जाएगा।

**गोड्डा में जल्द खुलेगा राज्य का 16वां पासपोर्ट आवेदन केंद्र**

उन्होंने बताया कि गुमला और गिरिडीह में पोस्ट ऑफिस आधारित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र को ऑफलाइन से ऑनलाइन मोड में बदला जा रहा है। इससे रांची पासपोर्ट कार्यालय इन केंद्रों में प्राप्त आवेदनों का वास्तविक समय में निस्तारण कर सकेगा। इसी तरह गोड्डा वासियों की सहूलियत के लिए गोड्डा स्थित मुख्य डाकघर में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसकी स्थापना के उपरांत झारखंड राज्य में यह सोलहवां पासपोर्ट आवेदन केंद्र होगा। इसका उद्घाटन जल्द ही गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे करेंगे। वहीं क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय जमशेदपुर, बोकारो एवं चाईबासा पोस्ट ऑफिस स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्रों को पहले से अधिक पासपोर्ट आवेदन स्वीकार करने में सक्षम बनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय झारखंड में अपनी सेवाओं को श्रेष्ठ बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

### कैसे और कब तक बनेगा आपका पासपोर्ट

पासपोर्ट अधिकारी मनीता कुमारी ने बताया कि पासपोर्ट के आवेदन के लिए दो प्रूफ देने होते हैं। एक डेट ऑफ बर्थ और दूसरे में आधार और बैंक पासबुक। इसमें पैन कार्ड या बैंक पासबुक लगा सकते हैं। इसके साथ ही एड्रेस प्रूफ देने होते हैं। सरकारी कर्मी को गवर्नमेंट द्वारा जारी ज्वाइनिंग लैटर दिए जा सकते हैं। अगर आपको तुरंत में पासपोर्ट चाहिए और पुलिस सत्यापन एक से दो दिन में हो जाये, तो पासपोर्ट जल्दी मिल सकता है। बताया गया कि अगले 10 सालों के लिए पासपोर्ट बनवाने के लिए 1500 रुपये देने होते हैं। अगर आपको तत्काल में चाहिए तो 2000 अतिरिक्त देने होते हैं। इसमें लगभग 15 दिनों का समय लगता है।

## अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त सदस्य डॉ एम तौसीफ ने किया पदभार ग्रहण



**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त सदस्य डॉ एम तौसीफ ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि आयोग की कुछ चीजों का उन्होंने अध्ययन किया है। दूसरे राज्य के आयोग का भी अध्ययन करना है। बिहार बंगाल और दूसरे राज्यों में जिस प्रकार से आयोग द्वारा बेहतर काम किया गया है उसी तर्ज पर झारखण्ड में भी काम करने का प्रयास किया जाएगा।

डॉ तौसीफ ने कहा कि झारखण्ड राज्य अल्पसंखयक आयोग को जिस मकसद से गठन किया गया है उस मकसद को पूरा करने के लिए भरपूर कोशिश की जाएगी। अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास के लिए इनोवेटिव तरीके के साथ प्रयास किया जाएगा।

पदभार ग्रहण के दौरान झारखंड राज अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह माथारू, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, विनय सिंहा दिप्पू , शांतनु मिश्रा, सुनील सिंह, हुसैन अंसारी, अमन अहमद, अशफाक आलम, अरुण कुमार, तौकीर अख्तर, महमूद अख्तर, आनंद कुमार, सोनू कुमार फिरोज अंसारी, असिस्टेंट प्रोफेसर सैयद अहमद, असिसटेंट प्रोफेसर समदानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पोक्सो एक्ट का सजावार बंदी रिमिश गुड़िया की रिम्स में मौत

पोस्टमार्टम प्रक्रिया की करायी गयी वीडियोग्राफी, मजिस्ट्रेट की निगरानी में किया गया पोस्टमार्टम

**रांची।** पोक्सो एक्ट का सजावार बंदी रिमिश गुड़िया (60 वर्षीय) का रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम किया गया। साथ ही पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी गयी। रिमिश गुड़िया खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम डिंबूकेल नीचे टोली का रहने वाला था। 17 अगस्त को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में अचानक उसकी तबीयत खराब हो गयी थी। इसके बाद उसे रिम्स रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गयी। जेल अधीक्षक ने रिम्स अधीक्षक से मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने का आग्रह किया था।

## यादव महासभा का शताब्दी वर्ष शौर्य शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा



**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के प्रमुख सदस्यों का महत्वपूर्ण बैठक परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव की अध्यक्षता में हटिया रेलवे मार्केट स्थित वीर लोरीक कार्यालय में मंगलवार को हुई। बैठक में चर्चा के दौरान निर्णय हुआ की अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह सम्मेलन के उपलक्ष्य में भव्य रूप से शौर्य शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा। सम्मेलन आगामी दिनांक 1अक्टूबर 23 को पुराना विधान-सभागार ऊपरी मंजिल में दिन के 10 बजे से आयोजित होगा।

इस मौके पर कैलाश यादव ने कहा कि यादव महासभा का सौ वर्ष पूर्ण होना गौरव की बात है। कार्यक्रम में राज्यभर से यादव समाज के हजारो प्रतिनिधिगण शामिल होंगे। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दल के सांसद, विधायक,सहित अनेक सामाजिक संगठन के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रमुख महासचिव नंदन यादव, सुरेश राय, रामकुमार यादव, राजकिशोर सिंह यादव, मैनेजर राय, कन्हैया सिंह, चंदन यादव, लोकनाथ यादव, सुनील राय, सूरज कुमार, आयुष कुमार, आदित्य राज, राम इकबाल चौधरी, जगरनाथ यादव, उमेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अपने अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के सभी शोषित वर्गों को एकजुट होना होगा : रामचंद्र डोम

## संविधान लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प के साथ दलित समागम संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दलितों के हक और अधिकार की रक्षा के लिये मंगलवार को पुराना विधानसभा हॉल धुर्वा में दलित समागम का आयोजन किया गया। समागम में निर्णय लिया गया कि दलितों के हक और अधिकार के लिए एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मुलाकात करेगा। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ एवं दलित शोषण मुक्ति मंच के संयुक्त तत्वाधन में किया गया था।

समागम में दलितों के मुद्दे पर कई मांग रखे गये। इसमें राज्य अल्पसंख्यक आयोग में बौद्ध और जैन धर्म के प्रतिनिधियों को शामिल करने की प्रमुख मांग शामिल है। वहीं निर्णय लिया गया कि राज्य भर के दलित बस्तियों में 9 नवंबर से भीम संदेश यात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार तथागत ने किया।

समागम में बतौर मुख्य वक्ता दलित शोषण मुक्ति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ रामचंद्र डोम ने कहा कि केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार निवारण कानून को निष्प्रभावी बनाने के लिए संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। लोकतंत्र की रक्षा करने वाली तकरीबन सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। अपने अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के सभी शोषित वर्गों को एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में मंच संचालन अमल आजाद ने किया। समागम में आधार पत्र राजकुमार दास ने पेश किया। जबकि राष्ट्रीय मांग पत्र दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश अध्यक्ष शिवबालक पासवान और राज्य स्तरीय मांग पत्र महासचिव दिनेश रविदास ने पेश किया।

इस मौके पर भंते जैनेंद्र कुमार तथागत ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार हो या कांग्रेस की सभी ने दलितों का शोषण किया है। जबतक लोकतांत्रिक समतामूलक समाज की स्थापना नहीं हो जाती है, यह आंदोलन और संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक समतामूलक की स्थापना के लिये कोई संघर्ष किया तो वो हैं कांशीराम। इन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर को किताबों से निकालकर धरातल पर उतारा है। समागम में बामसेफ के रघुराई राम, सीपीआइ के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, अजय सिंह, डीएसएमएम के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार दास, दिव्या भारती, गणेश राम, शिवनाथ राम, दीनानाथ सहित अन्य ने अपने विचार रखे।

## खबर एक नजर में

### श्रीविष्णु के पांचवें अवतार वामन का प्रकाट्योत्व पर्व मना



**रांची।** मंगलवार भादो शुक्लपक्ष की श्रवण द्वादशी को बालाजी मंदिर में पूरे शास्त्रीय पद्धति से वामन भगवान के जयन्त्योत्सव पर्व मनाया गया। आज ही के दिन वामन भगवान का अवतार हुआ, इसलिये इस तिथि को वामन द्वादशी भी कहते हैं। प्रातः ब्रम्ह मुहूर्त में भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम मंगलाशासन और तिरूवाराधना हुआ। फिर अनेकानेक उपचार पूर्वक दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल, गंगाजल और कई औषध युक्त द्रव्यों से महाभिषेक हुआ। इसके बाद भगवान को वस्त्राभूषण से अलंकृत करके सुवासित पुष्पों से श्रृंगार किया। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती करके मंत्रपुष्प महास्तोत्रों से स्तवन हुआ। भगवान को खीर, आलू पकौड़ा, फल व मेवे का भोग लगा। अर्चक- सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजनादि अनुष्ठान रात्रि श्रीभगवान के शयन आरती के बाद सुसंपन्न कराया। रामअवतार नारसरिया, रमेश धरनीधरका, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, सुशील लोहिया के अतिरिक्त दर्जनों भक्तों ने प्राकाट्य पर्व के अनुष्ठान में भागीदारी निभायी।

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर कार्यशाला



**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय,रांची में हिंदी पखवाड़ा समारोह अंतर्गत मंगलवार को हिंदी भाषा की दक्षता बढ़ाने के लिए राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी डिजिटल टोल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। मालूम हो कि राजभाषा नीति के हिस्से के रूप में हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारी रोजमर्रा के आधिकारिक कामकाज में हिंदी का उपयोग करते हैं, लेकिन अक्सर विभिन्न सीमाओं जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी का कामकाजी ज्ञान, विशेष रूप से वाक्य निर्माण और व्याकरण संबंधी त्रुटियों के कारण इसे प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो जाता है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए, हिंदी डिजिटल टूल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसे एल एन प्रधान, उप महाप्रबंधक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी) द्वारा प्रस्तुत किया गया। सत्र के दौरान, ऑनलाइन मोड पर उपलब्ध विभिन्न हिंदी उपकरण जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी डिक्टेशन, हिंदी अनुवाद, हिंदी शब्दकोश का उपयोग आदि को रोजमर्रा के काम में व्यावहारिक उपयोग के लिए प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक हिंदी टिप्पण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## बाजे-गाजे और नृत्य-गीत के साथ हुआ करम राजा का विसर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** करम पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को राजधानी के विभिन्न हिस्सों में करम राजा का विसर्जन किया गया। करमाईत बहनों तथा ग्रामवासियों के द्वारा धूमधाम से पारंपरिक गीत के साथ गाते-बजाते हुए करम राजा का विसर्जन किया गया।

राजधानी रांची के चड़री सरना समिति ने चडरी तालाब में विसर्जन का कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, पुजा समिति अध्यक्ष सबलू मुंडा, विक्की मुंडा, राहुल मुंडा, प्रकाश मुंडा, शंकर लिंडा, सागर भगत, बादल लिंडा, अमनदीप मुंडा, सबलू खान, बंजरग मुंडा, पल्लू मुंडा, रामा मुंडा, पनीर मुंडा, संजय लकड़ा, अप्पू लिंडा, प्रेम लिंडा, चिक्कू लिंडा आदि सैकड़ों की संख्या ग्रामवासी उपस्थित थे। एक दिन पहले चड़री सरना समिति के अखरा में धूमधाम से करम पूजा का आयोजन किया गया। करम पूजा के बाद देर रात तक नृत्य-संगीत का दौर चला।

### समृद्ध आदिवासी विरासत पर करते हैं गर्व : बबलू मुंडा



करम पर्व राजधानी में धूमधाम से संपन्न हुआ। करम पर्व के दूसरे दिन करम राजा के विसर्जन अवसर पर केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि समृद्ध आदिवासी विरासत पर गर्व करते हैं। आदिवासी समाज प्रकृतिपूजक है। हमें अपनी परंपरा, रीति-रिवाज और संस्कृति को बचाये रखना है। हमारी परंपरा और संस्कृति पर चौतरफा हमला जारी है। इससे बचाना हमसबों का दायित्व है। नयी पीढ़ी को अधिक सतर्क रहना होगा।

## कावेरी हॉस्पिटल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट टीम को ट्रान्सटन की ओर से मिला सम्मान



**रांची।** तमिलनाडु राज्य प्रत्यारोपण प्राधिकरण (ट्रांसटन) ने कावेरी हॉस्पिटल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट टीम को बेहद प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह विशिष्ट सम्मान अस्पताल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट टीम की सच्ची लगन, विशेषज्ञता और शानदार कामयाबी का प्रमाण है, जिसने ट्रांसप्लांटेशन का उपचार पाने वाले अनगिनत मरीजों की जिंदगी बचाई है। इस टीम ने बीते कुछ सालों में ट्रांसप्लांटेशन की प्रक्रियाओं में लगातार शानदार नतीजे हासिल किए हैं। इससे ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में योगदान मिला है। संभावित तौर पर सबसे बेहतर परिणाम देने की सच्ची लगन की वजह से ही, यह टीम हार्ट और लंग्स ट्रांसप्लांट की जरूरत वाले मरीजों के लिए आशा की किरण बन गई है। कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अयप्पन पोन्नुस्वामी ने इस पुरस्कार के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रानस्टन से यह पुरस्कार प्राप्त करना हमारे लिए बड़े सम्मान की बात है। यह इस बात को उजागर करता है कि हमारी हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांटेशन टीम सबसे बेहतर नतीजों के लिए पूरी तरह समर्पित है। ट्रांसप्लांटेशन के जरिये लोगों की जिंदगी बचाना ही हमारी टीम के हर सदस्य का उद्देश्य है। यह पुरस्कार हमारे मिशन की पुष्टि करता है और हमें देखभाल के अपने मानकों को और ऊंचा उठाने की प्रेरणा देता है।

## मारवाड़ी सहायक समिति का चुनाव एक अक्टूबर को, उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति, रांची की साधारण सभा एवं समिति के निर्वाचन सत्र-2023- 25 का चुनाव 1 अक्टूबर को मारवाड़ी भवन, रांची में होगा। चुनाव के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कमल कुमार केडिया ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति के चुनाव में सत्र 2023- 25 के लिए संस्था के पदाधिकारियों में अध्यक्ष- एक, उपाध्यक्ष- दो, सचिव -एक, उप सचिव- दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं 20 सदस्यों का निर्वाचन होगा।

**2500 वोटर करेंगे मतदानः** समिति के लगभग 2500 सदस्य मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव के लिए सह निर्वाचन पदाधिकारी राजेंद्र केडिया, पवन शर्मा एवं विनोद कुमार जैन है। मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा की बैठक 1 अक्टूबर दिन रविवार को होगी। मतदान 1 अक्टूबर को ही पूर्वा 11 बजे से संध्या 5 बजे तक मारवाड़ी भवन में होगा।

### उम्मीदवारों की सूची में

अध्यक्ष- प्रेम मित्तल, मनोज चौधरी। उपाध्यक्ष- कौशल कुमार राजगढ़िया, पवन कुमार कनोई, भरत कुमार बगड़िया, सज्जन कुमार पाड़िया, सुरेश कुमार जैन। सचिव-अशोक कुमार पुरोहित एवं रमन बोडा। उपसचिव- अजय कुमार डीडवानिया, कन्हैया लाल भरतिया, विजय कुमार खोवाल एवं मनीष लोधा, कोषाध्यक्ष-किशन कुमार पोद्दार तथा कार्यकारिणी सदस्यों में अजय कुमार खेतान, अजय बजाज, अर्चना साबू, अर्जुन अग्रवाल, अशोक लाठ, आनंद जालान, कमल खेतावत, कमल शर्मा, कमलेश कुमार संचेती, किशन अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, नंदकिशोर आर्या, निर्मल कुमार बुधिया, पदमचंद्र जैन, प्रकाश नाहटा, प्रमोद बगड़िया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया, राजकुमार मित्तल, राजेश कौशिक, राम बांगड़, ललित कुमार पोद्दार, विनोद बेगवानी जैन, संजय बजाज, सुरेश चौधरी, सुरेश पोद्दार एवं श्रवण अग्रवाल।

## सिविल कोर्ट में दी गयी दिवंगत जस्टिस केपी देव को श्रद्धांजलि

**रांची।** जिला बार एसोसिएशन ने मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट के दिवंगत जस्टिस केपी देव को श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर बार एसोसिएशन के नये बार भवन के प्रथम तल्ले पर मंगलवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें जस्टिस केपी देव की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि उनका आकस्मिक निधन से राज्य ने एक महान न्यायाधीश को खो दिया है। जस्टिस रहते उन्होंने कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किये थे। उनका व्यक्तित्व बहुत मिलनसार था। अधिवक्ता समाज से जज बने थे। शोकसभा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, पवन रंजन खत्री, दीनदयाल सिंह, कार्यकारिणी समिति के सदस्यों समेत काफी संख्या में वकील शामिल हुये। शोकसभा के बाद वकील न्यायिक कार्य नहीं किये। जिसके कारण मंगलवार को सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई टल गई।

## एचइसी प्रबंधन जल्द दे प्रमोशन, दुर्गा पूजा से पहले चाहिए वेतन : रामाशंकर प्रसाद

**रांची।** एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद ने प्रबंधन से अविलंब मांग करते हुए कहा कि 2012 बैच के तकनीकी कर्मचारी का प्रमोशन 30 दिसंबर 2022 को ही होना था। लेकिन प्रबंधन की लापरवाही के कारण अभी तक प्रमोशन नही हो पाया है। इससे मजदूरों मे काफी नाराजगी है। रमा शंकर प्रसाद ने प्रबंधन से मांग किया है कि शीघ्र सभी का प्रमोशन निकाले। इसके अलावा 2018 बैच का भी प्रमोशन का समय आ गया है। इन सब का भी प्रमोशन प्रक्रिया अभी से ही शुरू कर दिया जाए ,ताकि समय पर हो जाए । प्रबंधन को यह भी सोचना चाहिए कि इस महंगाई के दौर में बिना वेतन के का घर चलाना कितना मुस्किल हो गया है। आज मजदूर का 16 महिना और अधिकारी का 19 महीना का वेतन बकाया हो गया है। प्रबंधन दुर्गा पूजा से पहले वेतन भुगतान करे। अगर भुगतान नही होता है तो आक्रोशित मजदूर कभी भी मुख्यालय का घेराव कर सकते हैं। इसकी पूर्ण जिमेवारी प्रबंधन की होगी।

# नाबार्ड ने आयोजित किया एनजीओ और एफपीओ प्रतिनिधियों का रिफ्रेशर मीट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिले के एनजीओ और एफपीओ प्रतिनिधियों के लिए नाबार्ड और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक प्रेम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में नाबार्ड के सभी विकास मॉडल- कृषि और गैर कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, उदयमिता विकास और नाबार्ड के द्वारा संचालित अन्य सभी प्रकार की योजनाओं जैसे अनुदान सहायता जिसमे एग्री-क्लीनिक एग्री-बिजनस और कृषि-विपणन अवसंरचना के प्रावधानों पर जानकारी दी गयी।

इस प्रशिक्षण मीट में बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबन्धक वीवी कृष्ण किशोर के नेतृत्व में उप क्षेत्रीय प्रबन्धक भूपेन्द्र नारायण, एलडीएम राकेश आजाद और कृषि ऋण प्रभारी मधु-मिश्रा ने स्थानीय एनजीओ और एफपीओ के प्रतिनिधियों को कृषि/ सहबद्ध क्षेत्र/ गैर- कृषि क्षेत्र में बैंक ऋण से संबन्धित योजनाओं की जानकारी दी और उनसे बैंकिंग सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आवाहन किया।

डीडीएम ने नाबार्ड की विभिन्न विकास और उद्यमिता विकास योजनाओं के विषय में उनके प्रावधानों पर लक्षित रूप से विवरण देते हुए महिलाओं और अन्य सूक्ष्म उद्यमियों के बीच क्लस्टर मोड में उद्यमिता प्रशिक्षण और डेमो यूनिट की स्थापना को लक्षित नाबार्ड के कई कार्यक्रमों का सविस्तार विवरण एनजीओ प्रतिनिधियों को दिया गया।

कार्यक्रम में डीआईसी के प्रतिनिधियों ने भी पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजनाओं के संबंध में कार्य योजना के अनुसार सभी प्रकार की सुविधाओं का अश्वाशन दिया और एफपीओ से इन योजनाओं को किसानों और उद्यमियों तक पहुँचने की उम्मीद की।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा विंग की बैठक



**रांची।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा विंग की बैठक देवी मंडप रोड, सरोवरनगर सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता मनोज कुमार पुटू ने किया। श्री पुटू ने सभी युवा युवाओं को जोड़कर उनमें अनुशासन, देश भक्ति के भाव को जागृत कर उनको सोसल एक्टिविटी से जोड़कर उनको एक सैनिक की तरह तैयार रहने पर बल दिया। अपने अपने मोहल्ले में महीना एक बैठक अवश्य करें। उस बैठक में पूर्व सैनिक के साथ साथ बीएसफ नेवी, एयरफोर्स, सीआरपीएफ एवं प्रसाशन से रिटायर्ड लोगो को भी उसमें सम्मिलित करें। बैठक में महिला अध्यक्ष स्वेता आर्या, हर्ष राज, विवेक कुमार, विकास कुमार, आयुष कुमार अग्रवाल, मुन्ना कुमार, सौरभ उपाध्याय, बाल कृष्णा मिश्रा, रिशु उपाध्याय, निशांत कुमार मिश्रा, आयुष कुमार, ऋषभ कुमार, कृतिका कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रेरणा कुमारी, लवली गिरी उपस्थित थीं।

## आरकेडीएफ विश्वविद्यालय कैंपस में जॉब प्लेसमेंट का आयोजन

**रांची।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के रांची कैंपस में दो दिवसीय प्लेसमेंट पूल का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस चटर्जी ने चयनित छात्रों को बधाई दी। वहीं, एसटीईएम ट्रेनर के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए बताया किविज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितज्ञ ट्रेनर एक पेशेवर शिक्षक होता है, जो विज्ञान प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग या गणित के विषय को पढ़ाता ही नहीं, बल्कि एसटीईएम विषयों से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन करने, विकसित करने और वितरण करने के लिए जिम्मेदार है। एसटीईएम शिक्षक बनकर वैज्ञानिकों, टेक्नोक्रेट, इंजीनियरों और गणितज्ञ का निर्माण कर सकते हैं, जल्दी से जल्दी इस अवसर का लाभ अधिक से अधिक छात्रों को उठाना चाहिए। इस अवसर पर आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अमित कुमार पांडे ने कहा कि एसटीईएम ट्रेनर पर भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी हैं।

स्पीड न्यूज

## राहे : भालू के हमले से युवक घायल

**राहे।** प्रखंड के अम्बाझरिया पंचायत के सुअरमारा गांव में भालू के हमले से 27 वर्षीय युवक डोमन मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार सुबह 5 बजे डोमन मुंडा घर से शौच के लिये जंगल में गया था। शौच से वापस लौटने के क्रम में झाड़ी से निकल कर भालू ने हमला कर दिया। उसने भालू का मुकाबला किया जिससे भालू भाग गया। घटना की जानकारी मिलने पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो गांव पहुंच कर एंबुलेंस की व्यवस्था कर रिम्स भेजा और वन विभाग से बात कर इलाज के लिये मुआवजा देने को कहा। मौके पर उत्तम सरदार, त्रिभुवन सरदार, कांदरू मुंडा, गौतम सरदार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## अनगड़ा : सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के रांची-पुरुलिया सड़क पर अनगड़ा पूरना पानी के पास मंगलवार की सुबह एक बाइक जेएच01 एफसी 2851 के चालक नीतेश कुमार नामक व्यक्ति ने ट्रक जेएच 01 डीयू 5965 को सामने से ठोकर मार दिया, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि उसका पैर टूट गया है और सिर पर भी चोट है। घायल व्यक्ति सिल्ली पतराहातू का रहने वाला बताया गया है। वह सिल्ली से रांची की ओर जा रहा था, जबकि ट्रक सिल्ली की ओर जा रहा था। अनगड़ा पुलिस ने बाइक चालक को रिम्स भेज दिया व ट्रक को जब्त कर लिया है।

## बेड़ो : सड़क हादसे में दो युवक घायल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र स्थित बाजरा गांव के समीप स्कूटी सवार युवकों की हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी पर सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घटना की सूचना नरकोपी पुलिस को दिया। इसके बाद नरकोपी पुलिस की टीम ने स्कूटी सवार दोनों युवकों को इलाज के लिए उठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनों घायल युवकों की पहचान ग्राम सरवा के 22 वर्षीय लालू उरांव पिता शनि उरांव और 21 वर्षीय पवन उरांव पिता बिरसा उरांव के रूप में हुई।

## बेड़ो सीएचसी में रक्तदान शिविर आज

**बेड़ो।** बेड़ो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को आयुष्मान भवरू सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर बुधवार को प्रातः दस बजे से प्रारंभ होगा। इस शिविर को लेकर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने प्रखंड के तमाम राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं वे पंचायत के प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह किया है कि इस शिविर का प्रचार प्रसार क्षेत्र में करें ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें।

## मैकलुस्कीगंज धुर्वा मोड़ दुर्गा पूजा समिति का गठन

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज धुर्वा मोड़ दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें पंकज कुमार सिंह अध्यक्ष, सचिव बने सूरज पासवान। आर्यन ढाबा प्रांगण में हुई बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक प्रीतम कुमार साहु, लालो रजक, गोविंद साहु, राजेन्द्र गिरि, हरिलाल साहु, अजय कुमार, रविन्द्र कुमार बनाये गए है।

# इंद मेला की प्राचीनता ही इसके महत्व को दर्शाता है : संजय सेठ

**परंपरा जारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिठोरिया।** महाराजा मदरा मुंडा ने पड़हा पंचों की सहमति से सन् 83 में जब अपनी राजगद्दी बालपोश पुत्र फणिमुकुट राय को सौंपी, इसी की याद में इंद मेला की शुरूआत की गई। इसके बाद से पिठोरिया के मदनपुर गांव में इंद मेला का आयोजन होता रहा है। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि इंद मेला की प्राचीनता ही इसकी महत्ता को दर्शाता है। यह स्थल महाराज मथुरा मुंडा के साथ प्रथम नागवंशी महाराज फणिमुकुट राय की याद भी दिलाता है। विशिष्ट अतिथि कांके विधायक समरीलाल ने कहा कि यह मेला आदिवासी और गैर आदिवासियों की समानता और समरसता का उदाहरण है। सामाजिक सद्भाव का यही रूप इस मेले की मुख्य विशेषता रही है। इंद मेला का झारखंड में लगने वाले मेलों में विशेष स्थान है। इस मौके पर पाहन और पुरोहित द्वारा विधिवत रूप से टोपर की पूजा की गई। झुका पड़हा समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा व हथियार के साथ में उपस्थित होकर मेले की शोभा बढ़ा रहे थे। वर्षा के व्यवधान के बावजूद लोगों को उत्साह चरम पर था। मेला के आयोजन में सुतियांबेगढ़ इंद मेला पड़हा समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष सोहराई टोप्पो, उपाध्यक्ष फ्रांसिस लिंडा व तीर्थनाथ पाहन, महासचिव प्रो भदी प्रकाश उरांव, कोषाध्यक्ष रामू उरांव, पड़हा राजा उज्जवल पाहन का योगदान सराहनीय रहा।



## उमेडंडा इंदुआटांड़ में लगा इंद मेला

**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र के उमेडंडा इंदुआटांड़ में मंगलवार को प्राचीन परंपराओं के तहत करम पर्व पर लगाने वाले इंद मेला का आयोजन किया गया। मौके पर मेला टांड़ में आयोजित रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू आयोजकों के साथ संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किये। इस दौरान जिप सदस्य ने ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक रूप से सभी समाज को जोड़ने वाला प्राचीन सांस्कृति का वाहक बताया। मौके पर रोहित उरांव, शिधेश्वर मिश्रा, अनिरुद्ध राणा का सराहनीय योगदान रहा।

# बिरहोर दंपति अपने एक बच्चे के साथ 26 दिनों से लापता

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के बरवादाग पंचायत के पहाड़ सिंह गांव स्थित बिरहोर टोली के बहादुर बिरहोर अपनी पत्नी और एक बच्चे के साथ पिछले 26 दिनों से लापता हैं। ग्रामीणों के अनुसार बिरहोर दंपति एक सितंबर की सुबह अपने एक बच्चे के साथ दोना-पत्तल और दातुन बेचने के लिए किता स्टेशन से ट्रेन पड़कर रांची जाने के लिए निकले थे, लेकिन आज तक तीनों घर नहीं लौटे हैं। मालूम हो कि तेजी से विलुप्त होती वे बिरहोर आदिम जन जाति के सदस्य हैं। बताया गया कि उक्त बिरहोर दंपति की दो बेटियां एक तीन साल और दूसरी पांच साल की घर पर हैं और माता पिता के घर नही लौटने से उन दोनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इनका आगे पीछे देखने वाला कोई नहीं है। इनके पास खाने के लिए अनाज भी नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों को इसकी जानकारी होने के बाद जनवितरण दुकान से उन्हें चावल तो उपलब्ध कराया गया है, लेकिन और भी चीजों के अभाव से बच्चियां जूझ रही हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि या तो उन्हें रेल पुलिस ने जेल में डाल दिया होगा या फिर वन विभाग के अधिकारियों ने वन उत्पाद बेचने के आरोप में पकड़ कर उन्हें जेल भेज दिया होगा। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई है कि वे किसी दुर्घटना के भी शिकार हो गए हो। जानकारी के अभाव में इतने दिनों से वे स्थानीय पुलिस को गुमसूदगी की सूचना भी नहीं दिए हैं। ग्रामीणों ने लावारिश हुए बच्चों की सहायता की मांग की है।

# नदी-तालाबों में हुआ करम डाल का विसर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र में प्रकृति पर्व करमा पूजा मंगलवार को विसर्जन के साथ पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व सोमवार की शाम सभी गांवों में कन्याओं तथा महिलाओं ने विधि विधान से पवित्र करम डाल के समक्ष पूजा-अर्चना किया। वहीं इस मौके पर समितियों द्वारा आकर्षक विद्युत सज्जा भी करम अखाड़ों में की गई थी। थाना क्षेत्र में ठाकुरगांव, बरौदी, उरुगुट्ट, बंसरी, हेसलपिरी, सोबा, पतरातू, इटहे, गुरुगाई आदि जगहों में अखरा में उत्साह देखते ही बन रहा था। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ संभाले हुए थे।



ठाकुरगांव में करम अखड़ा का उद्घाटन करते अतिथि।

## रातू में करम पूजा का समापन

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न अखरा स्थल में स्थापित करम वृक्ष की डाली को मंगलवार की शाम तालाब व जलाशयों में विसर्जित कर दिया गया। इसके साथ ही भाई-बहन के प्रेम पर आधारित प्रकृति पर्व करमा महोत्सव का समापन हो गया। थानेदार सपन महथा ने बताया कि विसर्जन के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। गोताखोर की भी व्यवस्था की गयी थी। इलाके में शांति बनी रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# बेड़ो : करम डाल के विसर्जन जुलूस में मांदर की थाप पर थिरके युवक-युवतियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** करमा पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को करम डाली का विसर्जन किया गया। सुबह में करम डाली की पूजा के बाद विभिन्न जलाशयों में विसर्जन किया गया। इससे पूर्व करम डाल को उठाया गया। और उपवास पर रहीं युवतियां.महिलाओं ने करम डाली की पूजा अर्चना की। विसर्जन करने के लिए निकले लोग पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते दिखे। बालिकाओं ने करम करम कहले आयोए करम का दिनए अषाढ़.सावन बीत गेला रेण्ण्णएआए गेलैं भादोए आंगना में कादो भाई रीझ लागे झुमइर खेले में आगे बाई रीझ लागे भादो की एकादशी समेत अन्य गीतों पर जमकर नृत्य किया। करम डाली विसर्जन को लेकर बेड़ोए टिकरा टोली करंज टोली डूमर टोली बेड़ो बस्ती समेत विभिन्न गांवों में गाजे बाजे व पारम्परिक नृत्य गीत के साथ शोभायात्रा निकाला गया। इसके पूर्व जावा फूलों को एक दूसरे को देते हुए करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मांदर ढोल नगाड़े की धुन पर करमा के गीतों पर सामूहिक नृत्य किया गया। गांव के खोड़हा दलों द्वारा निकाले गए जुलूस में महिला पुरुष बच्चो ० युवतियों ने पारंपरिक गीत गाये गए। इधर बेड़ो के हथुवा पुल के समीप गांव के पहान पुजार की अगुवाई में अखड़ा से लाये गए करम डाली का विसर्जन किया गया।

# लापुंग : गांव-गांव में घूमकर महिलाओं के बीच बांटी साड़ी



खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के कई गांवों में अलग-अलग तिथियों में प्रकृति का पर्व करमा की पूजा होगी। प्रकृति पर्व करमा के शुभ अवसर पर लापुंग प्रखंड के दोलैचा पंचायत के विभिन्न गांवों में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के सौजन्य से सैकड़ों साड़ियां वितरण के लिए भेजा गया। मंगलवार को दोलैचा पंचायत के समाजसेवी और विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक पंचायत के अध्यक्ष दुर्गा नाथ पाईक चरकु भगत जितिया उरांव सनिका उरांव कुसिया उरांव विकास उरांव रविन्द्र महतो सहित कई लोगों ने गांव-गांव में घूम कर ग्रामीणों से मिले और महिलाओं को साड़ियों का सौगात दिया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी और विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक ने कहा कि लापुंग प्रखंड के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तिथियां में करमा मनाई जाती है।

# इटकी : पिकअप वैन चोरी के तीन आरोपियों को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंगलवार को मुख्य न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। तीनों आरोपी बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया सिंद्वार टोली का मनोज उरांव व सुनील उरांव बेड़ो थाना क्षेत्र के ही जहानाबाज चिनिया टोली के राम उरांव का नाम शामिल है। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के अनुसार तीनों आरोपी पिकअप वैन चोरी कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। ज्ञात हो कि 15 सितंबर 2023 को कुर्गी बस्ती के समीप से जेएच 01 डीजेड 9071 नम्बर की पिकअप वैन की चोरी हो गई गयी थी। इटकी थाना पुलिस ने 16 सितंबर को गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप वैन को बेड़ो थाना क्षेत्र के जाड़ी करमटोली गांव से बरामद कर लिया था। जबकि पुलिस की भनक मिलते ही तीनों आरोपी वैन छोड़ कर फरार हो गए थे।

## सीसीएल रिजनल सम्मेलन को लेकर सीटू की बैठक

**खलारी।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) की बैठक वीआईपी क्लब डकरा में हुई। अध्यक्षता रतिया गंझू व संचालन इरफान खान ने किया। बैठक में 29-30 सितम्बर को एनएके एरिया के वीआईपी क्लब डकरा में होने वाले बीसीकेयू ;सीटूद्ध का सीसीएल रिजनल का सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई।

# आजसू नेता भरत कांशी ने काठीटांड़ में लगे हाई मास्ट लाईट का कराया जीर्णोद्धार

**● जिप अध्यक्ष ने स्विच ऑन कर किया उद्घाटन जगमगा उठा काठीटांड़**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** आजसू नेता भरत कांशी ने अपने निजी कोष से काठीटांड़ में लगे हाई मास्ट लाईट का जीर्णोद्धार कराया। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला बिरेंद्र भगत ने स्विच ऑन कर इसका उद्घाटन किया। इससे चौक जगमगा उठा। दुकानदार संघ और सामाजिक संगठन ने श्री कांशी के प्रयासों को सराहा और उनके प्रति आभार भी जताया। बताते चलें कि 2006 में हटिया विस क्षेत्र के दिवंगत कांग्रेस विधायक युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव ने हाई मास्ट लाइट लगाया था। दो बार इसमें टेक्निकल खराबी आ गयी। उन्होंने इसकी मरम्मत भी करायी, लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद से चौक रात में वीरान सा हो गया था। अपराधियों ने अंधेरे का लाभ उठा कर कई बार एटीएम में चोरी की घटना को अंजाम भी दिया। संचालन आजसू के केंद्रीय सदस्य राजीव रंजन मिश्र उर्फ चिंटू ने किया।

## समारोह में लिया हिस्सा

पृथ्वीनाथ शाहदेव, अरविंद पांडेय, बेलाल अंसारी, विशाल साहू, सुनिल सिंह, हीरामणि साहू, सरवर खान, राजकिशोर सिंह, मनोज साहू, राजेंद्र साहू, विवेक सिंह, आजम अंसारी, मंजुर आलम, उमेश सिंह, जगदीश साहू, प्रदीप सिंह, कृष्णा बैठा, मुरारी गुप्ता, अमित तिवारी, जयंत लकड़ा, अशोक साहू, राजेश शर्मा, सनी सिंह, बिक्की साहू, शैलेंद्र पांडेय, दीपेंद्र साहू, अजय गुप्ता, सुरज गुप्ता, मंटू सिंह, साकेत रमण, अमित बर्णवाल व अभिषेक गुप्ता आदि।

# विद्यार्थियों के कैरियर काउंसलिंग के लिए कौशल विकास रथ रवाना

**विद्यार्थियों को मिलेगी नई शिक्षा नीति की जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कौशल विकास रथ रवाना किया गया। कौशल विकास रथ के माध्यम से करियर काउंसलिंग करने और युवाओं में रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्या डॉ नजनीन कौशर व डॉ शाहीन कौशर ने हरि झंडी दिखा रथ को रवाना की और इसकी जानकारी देते हुए कहा कि 37 वर्षों से कौशल विकास व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत देश के प्रतिष्ठित सामाजिक उद्यम आईसेक्ट की पहल पर रथ रवाना किया गया है। कौशल विकास रथ रांची से शुरू होकर जमशेदपुर, घाटशिला, सराईकेला-खरसांवा, चाईबासा, खूंटी, सिमडेगा व दुमका होते हुए 30 सितम्बर को पुनः रांची पहुंचेगी। इस दौरान विभिन्न जिलों में विद्यार्थियों को विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास के महत्व व मार्गदर्शन करेगें। उन्होंने कहा कि कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है। ऐसे में हर विद्यार्थी का ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं के उद्योग जगत की आवश्यकता के अनुरूप खुद को कौशल युक्त बनाएं। डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरूक करना जरूरी है। मौके विकास मौर्य, शमीम अंसारी, रिजवान अंसारी, शिखा कुमारी, मजहर अंसारी, मुशरफ अंसारी, अनिल कुमार महतो व तौहीद आलम उपस्थित थे।



ओरमांझी से रथ रवाना करने के वक्त मौके पर मौजूद लोग।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई-प्रोक्युरमेंट सूचना
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-RDD/SD/SIMDEGA/03/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा जिला के पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत कैरबेड़ा पंचायत के कोलबहार एवं कदमटोली गाँव के बीच छताएल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 313.74700 | 6.275 | 10000 | 18 Month |
| 2 | सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत मेरोमडेगा पंचायत भवन जाने वाले पथ में मेरोमडेगा नाला पर पुल निर्माण। | 416.81800 | 8.337 | 10000 | 18 Month |
| 3 | सिमडेगा जिला के केरसई प्रखण्ड स्थित टैंसेर पूर्वी पंचायत में तिरमिल से मुहीयाडीह जाने वाले पथ में घुटबहार गाँव के निकट बैईलधोवा नदी पर पुल निर्माण। | 471.44900 | 9.430 | 10000 | 18 Month |
| 4 | सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत पण्डरीपानी, डुमरटोली से जामबहार जाने वाले पथ पर छिन्दा नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 308.59100 | 6.172 | 10000 | 18 Month |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.10.2023
3. ई-निविदा प्राप्त की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 03.10.2023 से दिनांक 12.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 16.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :-
i)जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा।
ii)जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
iii)E-procurement cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 17.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
10. ई०-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (कार्यपालक अभियंता का दूरभाष सं०)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट (http://jharkhandtenders.gov.in)में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
सिमडेगा

PR 307710 (Rural Development)23-24*D



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़)
महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) संविदा सृजित पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु सूचना

विज्ञापन सूचना-01/2023

ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या 4729 दिनांक 04.06.2007, नियुक्ति सेवाशर्त, कर्तव्य नियमावली (संशोधित नियमावली 2012) के संकल्प संख्या 6440 दिनांक 17.07.2012 एवं पत्रांक (N)848 दिनांक 21.03.2017 एवं मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक-972 दिनांक-13.07.2023 से निर्गत तथा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1617 दिनांक 17.03.2023 एवं संकल्प संख्या ज्ञापांक 3198 दिनांक 18.04.2016 में निहित स्थानीय निवासी की परिभाषा एवं पहचान के अनुरूप तथा (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या-2020 दिनांक 09.04.2010 एवं यथा संशोधित ज्ञापांक 1617 दिनांक 17.03.2023 के आलोक में) जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ के अधीन महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु रिक्त पदों पर सीधी (प्रत्यक्ष) पूर्णतः संविदा आधारित निम्नांकित शर्तों के आधार पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसकी रिक्त पदों की विस्तृत विवरणी निम्न है :-

| क्र0 | पद का नाम | पदों की संख्या | | | | | | कुल रिक्ति | निःशक्तता के अनुमान्य प्रवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अनु0ज0जाति | अनु0जाति | अत्य0पि0व0 | पि0व0 | आ0क0 वर्ग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | – |
| 2 | तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | – |
| 3 | तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 7 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 | 18 | – |
| 4 | लेखा सहायक | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | – |
| 5 | कम्प्यूटर सहायक | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 6 | – |

नोट-1. कोटिवार रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है।
2. नियुक्ति में राज्य सरकार द्वारा निर्गत (रामगढ़ जिला हेतु) आरक्षण नीति ही मान्य होगी।

I. आवेदक के द्वारा दिनांक 16.10.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला समन्वयक, रामगढ़ के पदनाम पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ के कार्यालय में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा। अन्य माध्यम से समर्पित आवेदन पत्र एवं निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन हेतु लिफाफा के उपर आवेदित पद का नाम आवश्य लिखे।
II. आवेदन-पत्र का प्रारूप एवं रिक्त पदों के लिए वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी रामगढ़ जिले के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर तथा उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/-
उपायुक्त, -सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक,
रामगढ़।

PR 307679 District(23-24)D

# लौटता मानसून

भारतीय मौसम विभाग ने बाकायदा सूचना जारी की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अब लौट रहा है। राजस्थान के कुछ हिस्से से वह चला भी गया। यूं तो इसकी वापसी की सामान्य तारीख 17 सितंबर है, मगर इस बार यह आठ दिन देरी से वापस लौट रहा है। आम आदमी बारिश के मिजाज देखकर यही सोचता होगा कि इस बार जमकर बारिश हुई है, लेकिन बारिश का औसत बताता है कि इस बार सामान्य से कुछ कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार अब तक 780.3 मिमी बारिश हुई है। जबकि सामान्य बारिश 832.4 मिमी मानी जाती है। बहरहाल, काले मेघों की वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। हिमाचल, उत्तराखंड आदि पर्वतीय राज्यों में दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार जमकर बरसा है। खासकर हिमाचल में बारिश का रौद्र देखने को मिला और भूस्खलन व बाढ़ में जन-धन की व्यापक क्षति हुई। इस बार मानसून तेरहवीं बार अपने निर्धारित समय से देरी से वापस लौट रहा है। वैसे तो मानसून का देर तक सक्रिय रहना खेती के लिये लाभदायक ही होता है। झारखंड में भी मानसून कम बरसा है। आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 सितंबर के नजदीक उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू कर देता है। फिर मध्य अक्तूबर तक मानसून की लगभग पूरी विदाई हो जाती है। वहीं देश में मानसून की विदाई के बीच कश्मीर में बर्फबारी होने की खबरें हैं। लद्दाख में भी बर्फबारी की खबरें हैं। हिमाचल के बारे में कहा जा रहा है कि वहां मानसून की विदाई हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में खूब धूप खिलेगी। जाहिर है तापमान में वृद्धि होगी। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बारिश के पैटर्न में भी बदलाव आया है। इस बार का मॉनसून अनियंत्रित, अनियमित और कही बाढ़ तो कही सूखाड़ वाला रहा है। आने वाले बरसों में इसकी तैयारी करनी होगी।

# विदेशी पूंजी का लाभ

जेपी मॉर्गन ने गत सप्ताह यह घोषणा की कि भारत सरकार के बॉन्डों को उसके उभरते बाजारों के सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल किया जाएगा। इस खबर से वित्तीय बाजारों और सरकार दोनों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस सूचकांक में 236 अरब डॉलर की प्रबंधन योग्य परिसंपत्ति है और चूंकि इसमें भारत की हिस्सेदारी 10 फीसदी होगी इसलिए अनुमान है कि प्रक्रिया पूरी होने पर इसमें 24 अरब डॉलर मूल्य के सरकारी बॉन्ड शामिल होंगे। यह प्रक्रिया जून 2024 में आरंभ होगी। समय के साथ इस सूचकांक द्वारा ट्रैक की जाने वाली परिसंपत्तियां भी बढ़ेंगी और फंड की आवक में भी इजाफा होगा। चूंकि भारत के सरकारी बॉन्डों को व्यापक रूप से ट्रैक किए जाने वाले सूचकांक में शामिल किया जा रहा है इसलिए यह संभव है कि ऐसे अन्य सूचकांक भी समय के साथ इसमें शामिल होना चाहेंगे। इनको शामिल किया जाना सक्रिय फंड प्रबंधकों को भी प्रोत्साहित करेगा कि वे भारत सरकार के बॉन्डों में आवंटन बढ़ाएं।भारत सरकार के बॉन्डों की मांग में इजाफे को सैद्धांतिक रूप से देखें तो इससे सरकार की उधारी लागत कम होगी। परंतु बाजार ने इस घोषणा को लेकर बहुत अधिक उत्साह नहीं दिखाया क्योंकि पूंजी की वास्तविक आवक में अभी भी समय है। भारत सरकार के बॉन्ड पर अपेक्षाकृत कम प्रतिफल राज्यों और निकायों को भी कम लागत पर ऋण लेने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा विदेशी पूंजी की आवक में वृद्धि चालू खाते के घाटे की भरपाई करने में भी मदद करेगी। ऐसे में भारत सरकार के बॉन्डों को अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में शामिल किए जाने के कई लाभ देखने को मिल सकते हैं। संभावित लाभों को देखते हुए भारत सरकार भी कुछ समय से सूचकांकों में शामिल किए जाने का प्रयास कर रही थी।

# कौन बना रहा गांधी के सपनों का स्वच्छ भारत





- आर के सिन्हा

> अब वह समय आ गया है जब सभी को एकजुट होकर स्वच्छता व्यवस्थाएं बरकरार रखने के लिए योगदान देना होगा, ताकि जो व्यवस्थाएं स्थापित हो चुकी हैं उनमें स्थायित्व बना रहे, स्वच्छता सेवाएं सुचारु रूप से बनी रहें, इसके लिए अपने हिस्से का सहयोग तो देना होगा। ये काम तो सरकार के हैं, स्थानीय निकायों के हैं या सफाई कर्मचारियों के हैं, तो हमें योगदान देने की क्या जरूरत है।

**महात्मा** गांधी का दिल्ली के मंदिर मार्ग पर स्थित वाल्मीकि मंदिर में देश की आजादी से पहले रहना बेहद खास था। वे वहां एक अप्रैल 1946 से 10 जून, 1947 तक रहे। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी वहां पर स्थानीय वाल्मीकि परिवारों के बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। अब जब गांधी जयंती आने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, तो इस सवाल पर भी विचार करना होगा कि मौजूदा सरकार के सत्तासीन होने से पहले देश में साफ-सफाई को लेकर किसी तरह का कोई आंदोलन क्यों नहीं चल रहा था?

हां, गांधी जी का नाम उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर बहुत लिया जाता रहा है । आप मानेंगे कि गांधी जी की स्वच्छता को लेकर रही सोच को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। साल 2014 में यह मुहिम छेड़ी गई और यह ऐसा पहला अवसर था जब देश के किसी प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। संयोग देखिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसी वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरूआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे।

देखिए महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया था। ये कोई भी मानेगा कि जिस स्वच्छता अभियान का 2014 में श्रीगणेश हुआ था, उसका बड़े पैमाने पर असर देखने को मिल रहा है। देखते ही देखते यह मिशन जन आंदोलन बन गया और अब इस मिशन के नौ साल पूरे होने जा रहे हैं, तो वास्तव में स्वच्छता की दृष्टि से तस्वीर काफी हद तक बदली हुई नजर आ रही है। फिर भले ही उसमें देश की राजधानी में हुए जी-20 सम्मेलन का अहम योगदान रहा हो या फिर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए गए ऐसे प्रयासों का, जो पहले कभी नहीं हुए।

अब देश के विभिन्न शहरों के निकायों में अपने शहर को सबसे अधिक स्वच्छ रखने की एक स्वस्थ होड़ सी मची हुई है। भारत सरकार की तरफ से देश के सबसे साफ-शहरों की सूची भी जारी होने लगी है। सरकार के ताजा वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार छह बार स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम कर लिया है। देश के टॉप 10 स्वच्छ शहरों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही के एक कार्यक्रम में पुरस्कृत किया। इस सूची को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी की देखरेख में उनका मंत्रालय हर वर्ष तैयार करता है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की प्रगति आंकने के लिए विभिन्न स्वच्छता और स्वच्छता मानकों के आधार पर शहरी स्थानीय निकायों को रैंक करने के लिए सर्वे देशभर के शहरों में किया जाता है। देश के 10 सबसे साफ शहरों की सूची में देश की राजधानी नई दिल्ली और नवी मुंबई जैसे मेट्रो सिटी भी शामिल हैं। बड़े शहरों के अलावा, हरिद्वार को एक लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में सबसे स्वच्छ गंगा शहर घोषित किया गया। वहीं शिव की नगरी वाराणसी और ऋषिकेश को भी इसमें शामिल किया गया है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के देवलाली को देश का सबसे स्वच्छ छावनी बोर्ड का खिताब मिला है। अब उन शहरों की सूची को भी देख लेते हैं, जो देश के 10 सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल किए गए हैं। इनमें इंदौर के बाद सूरत, नवी मुंबई, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, भोपाल, तिरुपति, मैसूर, नई दिल्ली, अंबिकापुर शामिल हैं।

यह सही है कि गांधी जी के स्वच्छ भारत का सपना देश के समक्ष एक बेहद कठिन चुनौती था, पर जिस तरह से 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन पूरा देश हर साल ह्यस्वच्छ भारत दिवसह्ल के लिए एक साथ खड़ा दिखता है। आज प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक स्वच्छता के पखवाड़े चलाए जा रहे हैं । प्रधानमंत्री के जन्मदिन को ह्यस्वच्छता और सेवा दिवसह्ल के रूप में मनाया जा रहा है। यही वजह है कि गांधी जी का स्वच्छ भारत का सपना आज साकार होता हुआ दिख रहा है, जिसके लिए ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्ल का रास्ता अपनाया है।

एक समय था जब स्वच्छता की दिशा में ऐसे परिवर्तनों की कल्पना करना भी मुश्किल था, मगर अब परिवर्तन साफ नजर आ रहे हैं तो स्वच्छता के प्रति देशवासियों को अपनी कुछ अहम जिम्मेदारियां समझने की भी सख्त जरूरत है।

अब वह समय आ गया है जब सभी को एकजुट होकर स्वच्छता व्यवस्थाएं बरकरार रखने के लिए योगदान देना होगा, ताकि जो व्यवस्थाएं स्थापित हो चुकी हैं उनमें स्थायित्व बना रहे, स्वच्छता सेवाएं सुचारु रूप से बनी रहें, इसके लिए अपने हिस्से का सहयोग तो देना होगा।

अगर कोई ऐसी धारणा रखता है कि ये काम तो सरकार के हैं, स्थानीय निकायों के हैं या सफाई कर्मचारियों के हैं, तो हमें योगदान देने की क्या जरूरत है। ऐसी धारणा रखने वाले इतना तो कर ही सकते हैं कि स्वच्छता के प्रति अपने व्यवहार में परिवर्तन ले आएं, सफाई नहीं कर सकते तो कम से कम गंदगी न फैलाएं। पूरे देश को स्वच्छ बनाना वास्तव में कोई आसान काम नहीं है, इसलिए यह केवल सरकार, स्थानीय निकायों या सफाई कर्मचारियों के बस की बात नहीं है। क्या हमें ये तय नहीं करना चाहिए कि आने वाले सालों में जब हम महात्मा गांधी की जयंती मनाएंगे, तो हमारे गांव, शहर, गली, मोहल्ला, स्कूल, और अस्पताल, कहीं भी गंदगी नहीं होगी? यह काम अकेले सरकार से नहीं होता, जन-भागीदारी से होता है इसलिए हम सभी को मिलकर करना है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## खास बात

# जी-20 के आगे

**चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लिए जी-20 शिखर बैठक में आना जरूरी नहीं था। वो जकार्ता में चल रही आसियान शिखर बैठक की ग्रांड सफलता चाहते थे। चीन का मीडिया उन्हीं खबरों से लबरेज रहा, जिसे पूर्वी एशियाई देशों का मीडिया फॉलो कर रहा है। मंशा यही है कि जी-20 बैठक को महत्वहीन साबित किया जाए, उसकी कवरेज कम से कम हो। जकार्ता की बैठक में चीनी प्रधानमंत्री ली छियांग मंगलवार को अपना वक्तव्य दे रहे थे। 26वीं चाइना-आसियान शिखर बैठक, 26वीं आसियान प्लस थ्री, और 18वीं ईस्ट एशिया समिट के बाद ली छियांग इस आलेख के छपने तक भारत प्रस्थान कर चुके होंगे। जी-20 की शिखर बैठक में ली छियांग शायद उन सवालों को उभारें, जिसपर चीन को आपत्ति है।

चीन की बुनियादी आपत्ति जी-20 समारोहों का उन भारतीय इलाकों में होना था, जिसपर वह जबरदस्ती का दावा ठोकता है। कुछ दिल पहले चीन ने एक तथाकथित मानक मानचित्र जारी किया जिसमें अरुणाचल प्रदेश, अक्साईचिन के साथ-साथ ताइवान और दक्षिण चीन सागर पर क्षेत्रीय दावा किया गया। चीन हर साल इस तरह के मानक मानचित्र जारी करता है। यह पहली बार है कि भारत ने चीनी दावों को खारिज करते हुए इस मानचित्र पर कड़ा एतराज किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले इस नक्शे का प्रकाशन चीनी शरारत ही कहा जाना चाहिए। जोहान्सबर्ग की बैठक में शी और मोदी की मुलाकात, सीमा विवाद के हल के लिए पहल संबंधी जो बयान जारी हुआ था, उससे लगा था कि अब गाड़ी पटरी पर चलने लगेगी।

शी को यह भी लगा कि पुतिन के बगैर यदि वो दिल्ली शिखर बैठक में जाते हैं, तो कहीं उनकी कूटनीतिक घेरेबंदी न हो जाए। शी का दिल्ली बैठक में नहीं आना भी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के लिए बड़ी खबर बन गई, जिसकी व्यापक कवरेज देखकर लगता है कि जैसे सबकुछ पूर्वनियोजित हो। शी 14 मार्च 2013 को चीन के राष्ट्रपति बने, तब से वो लगातार जी-20 की शिखर बैठकों में जाते रहे। अपवाद के रूप में 2021 की बैठक में शी आभासी रूप से स्क्रीन पर दिखे। वह कोविड काल था।

# स्वान सिद्धांत

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**सप्ताह** में एक बार समय निकालकर किसी एकांत स्थान में चार कागज लेकर बैठ जाओ। पहले कागज पर अपने सामर्थ्यों, अपने गुणों को लिखो। दूसरे कागज पर अपनी कमजोरियों को लिखो। तीसरे कागज पर अपनी महत्वाकांक्षाओं, अभिलाषाओं और अपेक्षाओं को लिखो। चौथे कागज पर अपनी आवश्यकताओं को लिखो। ये तुम्हारे जीवन की वास्तविक आवश्यकताएँ होनी चाहिए, कामनाएँ नहीं। इस सूची को कालांतर में बढ़ाते जाओ। यह काम एक दिन में पूरा नहीं होगा। मुझे अपनी सूची बनाने में कई महीने लगे। एक सप्ताह मैं कोई एक चीज जोड़ता, फिर अगले सप्ताह जब विश्लेषण करता तो सोचता, 'नहीं, यह सही नहीं है। मुझे यह चीज यहाँ से हटाकर दूसरी सूची में डालनी चाहिए। यहाँ कुछ और आना चाहिए।' इस प्रकार तुम भी अपने सामर्थ्यों, कमजोरियों, महत्वाकांक्षाओं और आवश्यकताओं का विश्लेषण करो। इसमें समय जरूर लगेगा। हो सकता है एक महीना लगे, हो सकता है दो-तीन महीने लगें। लेकिन धीरे-धीरे तुम अपने स्वभाव और चरित्र के बारे में बहुत कुछ जानने लगोगे।

तुम अपने सामर्थ्यों के प्रति सजग बनोगे और जीवन की ऐसी परिस्थितियों में, जहाँ तुम्हारी कमजोरियां उजागर होती हैं, वहाँ तुम उन कमजोरियों के प्रतिपक्ष सामर्थ्यों का प्रयोग कर उन परिस्थितियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाओगे। बल्कि अपनी त्रुटियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का प्रयास है। (रिखिया आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### लुप्त होती प्रजातियां

**स्टेट** बड्र्स ऑफ इंडिया के एक अध्ययन अनुसार देश में पक्षियों की कई प्रजातियों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। इनमें से कुछ तो लुप्त भी हो चुकी हैं। कुछ लुप्त होने की कगार पर हैं। बढ़ती इंसानी आबादी और विकास के चलते पेड़-पौधे नष्ट हो रहे हैं। वातावरण असंतुलित हो रहा है। विश्व भर में पक्षियों की प्रजातियां धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं।

**-विभूति सिंह, गढ़वा**

### एकता और समानता

**जनप्रतिनिधि** संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण एक बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि इससे महिलाओं को राजनीति क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा। जब सभी दल इस बिल को संसद में मंजूरी दे चुके हैं जब भारत कभी भी उन्नति और समृद्धि की ओर बढ़ता है तो उसे क्यूं वर्ग और जाति के जाल में फंसा कर बढ़ने नही दिया जाता।

**-मुस्कान सैनी, रांची विवि**

## आपके ट्वीट

गुमला के रायडीह प्रखंड स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात श्रीधर ज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हो कर छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया

**-सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

प्रकृति-पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

**- हेमंत सोरेन**





गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि में नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण हुआ। शिक्षा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता यह विवि विकास की नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहे। हार्दिक बधाई!

**- योगी आदित्यनाथ**

# श्रीगुरु गोविन्द पदे, करिया उद्धेष बन्दी माता गौरी गणेष, दया कर शारदा शेष।



**डॉ हराधन कोईरी**

**उत्तरकांड** का यह पद गोस्वामी तुलसी रचित मानस के इस छंद की याद दिलाती हैं- **नभ दुंदुभीं बाजहिं बिपुल गंधर्ब किंनर गावहीं।नाचहिं अपछरा बृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं। भरतादि अनुज बिभीषनांगद हनुमदादि समेतते।**

**गहे छत्र चामर ब्यजन धनु असि चर्म सक्ति बिराजते।**

पंचपरगना की धरती में विनन्दिया द्वारा रचित रामकथा और कृष्ण कथा के पद रचे बसे हैं। उनके पद काव्य-रसिकों और झूमर गायकों के कंठाग्र हैं। पंचपरगना की जनता वैष्णव धमार्नुरागी हैं। इसलिए उस क्षेत्र में राम और कृष्ण को मानने वाले अधिक हैं। इस क्षेत्र में राधा-कृष्ण के मंदिर अधिक हैं, राम के थोड़े कम। पंचपरगना की धरती की एक खास विशेषता यह है कि जब कभी साहित्यिक सांस्कृतिक व धार्मिक अनुष्ठान का अयोजन होता है। तब-तब महात्मा विनन्द रचित गोष्ठपाला वंदना को पारम्परिक वाद्य-यंत्र (ढोल, ढाँक, नगड़ा, खौल, खापु ) के साथ सस्वर गया जाता है। यह परम्परा अभी भी जीवित है। जिसका प्रभाव बंगाल के पुरूलिया जिला में भी देखने को मिलता है। वह लोकप्रिय पद है-

**श्रीगुरु गोविन्द पदे, करिया उद्देष**
**बन्दी माता गौरी गणेष, दया कर शारदा शेष।तुमी आदि तुमी अन्त, तुमी नाग शेष।**
**अज्ञानेरी ज्ञान उपदेष, दया कर शारदा शेष,विनन्दियार गुचाव अन्धेष, दयाकर शारदा शेष।।**

## धर्म

कवि विनन्दिया के रामकथा संबंधी कुल 124 (एक सौ चैबीस) गीति पद हैं जो आदि झूमर संगीत में संकलित हैं। इसमें बालकांड के तीन, अयोध्याकांड के उन्नतीस, अरण्यकांड के इक्कीस, किष्किन्धाकांड के नौ, सुन्दरकांड के चौवालीस, लंकाकांड के सत्रह और उत्तरकांड के एक पद हैं। चिर परिचित रामकथा में कवि की चार मौलिक उद्धावनाएँ हैं- राम का राज तिलक के लिए राजा दशरथ द्वारा नेवता भेजवाना, सीता द्वारा राजा दशरथ को बालू का पिंडदान कराना, राम का वियोग वर्णन, मन्दोदरी का स्वप्न देखना और रावण को सुनाना आदि। संसार के स्वामी अनादि,परम ज्योति राम के अनन्त चरित्र हैं। उन चरित्रों को सुनने से मन प्रफ्फुलित होता है। मानव जीवन की मति और गति राम के चरणों में होना चाहिए। राम-सीता जगत के माता-पिता हैं। विनन्दिया कहते हैं --' रामेर चरित्र जत, सुनि चित्त उल्लसित, असंख्य महिमा तार, बुझा नहीं जाय, चारी युगान्त, इबे अमर, ना करि अत्येर आस, ह्यगति मति जीवन मरने, श्रीचरण अन्ये नाहीं मने और ह्यराम सीता माता-पिता जगतेर पालनकर्ता, युगे-युगे ना छाड़िहो सेई राग आदि पंक्तियों के माध्यम से राम के आदि, अनादि, परम ज्योति होने का स्वरूप स्वतः सिद्ध हो जाता है। परम पवित्र राम कथा को कविवर विनन्दिया ने 'शिव - गौरी ' संवाद के रूप में प्रस्तुत किया है उन पदों में ग्यारह रसों का सुन्दर चित्रण मिलता है। भक्ति और करुण रस में तो मानो ये सिद्धहस्त

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि पंचपरगनिया भाषा-साहित्य में रामकथा का गान करने वाले कवियों में महात्मा विनन्दिया का नाम सर्वोपरि है। पंचपरगनिया का भक्ति साहित्य इनके ऋणी हैं। इन्होंने ही सर्वप्रथम पंचपरगना की धरती में रामकथा रूपी गंगा बहायी है। एतदर्थ इन्हें पंचपरगनिया का वाल्मीकि कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। रामानुरागी सुधी पाठकों व अन्वेषकों से जब इनकी कविता की भेंट होगी तब इनकी लोकप्रियता पंचपरगना की धरती से निकलकर विश्वव्यापी होगी।

**(समाप्त)**

# सनातन के विरोध की सच्चाई क्या है?

**वीरेंद्र सिंह परिहार**

**सनातन** अथवा हिंदू धर्म के विरोध का सिलसिला एक प्रयोग है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे एवं राज्य सरकार के मंत्री उदय निधि के बाद डीएमके के ए राजा और प्रियंक खड़गे के बाद बिहार राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगतानंद सिंह भी इस मैदान में कूद चुके हैं। कार्ति चिदंबरम, मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री जी. परमेश्वर टीका टिप्पणी से पीछे नहीं रहे। इन सब का उद्देश्य तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री पोनगुडी ने व्यक्त कर दिया की विपक्ष के गठबंधन बनाने का मकसद ही सनातन का विरोध करना है। यह निर्विवाद सच्चाई है कि हिंदू धर्म शास्त्रों में ऐसी कोई सूची नहीं है, जिसमें ऐसा कहा गया हो कि फला फला जातियां अछूत हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि वेदों में छुआछूत का कोई उल्लेख नहीं है। हिंदू धर्म शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था का जरूर उल्लेख है लेकिन वर्ण भेद का नहीं। हिंदू शास्त्रों में जो शूद्र शब्द का उल्लेख है इसका अर्थ शिल्पी या कुशल कलाकार होता है। इन्हीं परंपरागत व्यवसाय वालों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में दिल्ली में मिले। उनकी समस्या जानी। इस अवसर पर 300000 रुपये तक का गारंटी का लोन देने का ऐलान किया। निश्चित रूप से इससे उनके और उनके परिवार के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा।

सच्चे अर्थों में प्राचीन जाति व्यवस्था की तुलना आधुनिक आर्थिक गिल्डो से की जा सकती है। आज के दौर में सनातन का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्व हिंदू परिषद 1969 के उडुपी सम्मेलन में यह घोषित कर चुकी है हिंदवासोदराः सर्वेयानी सभी हिंदू भाई-भाई हैं। निसंदेह उदय निधि जैसे लोग जब सनातन का विरोध करते हैं तो इसमें उसी धारा का प्रवाह होता है जो डीएमके का मुख्य उद्देश्य रहा है- सनातन और हिंदू धर्म को गाली देकर सत्ता में बने रहने की राजनीति? इसके पहले रामा स्वामी पेरियार के कारनामों से देशवासी परिचित होंगे, जिन्होंने आर्य बनाम द्रविड़ की थ्योरी विकसित करते हुए अलग द्रविड़स्तान की मांग की थी। बीते कई सालों से यह मुद्दा ठंडा पड़ा हुआ था।


गौर करने की बात यह है कि आखिर इसी समय सनातन का मुद्दा क्यों उठाया गया। जबकि कभी विवेकानंद ने इसी सनातन की पताका पूरे विश्व में फहराई थी। गांधी जी भी अपने को सनातनी और हिंदू कहने में गर्व महसूस करते थे। महान इतिहासकार अर्नाल्ड टायनबी ने लिखा है-हिंदू धर्म ह्यजियो और जीने दोह्ल का धर्म है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हिंदू होने पर गौरव महसूस करते हैं और खुलकर जय श्री राम बोलते हैं।

आज पूरी दुनिया में कहीं न कहीं हिंदू धर्म के प्रति उसकी सहिष्णुता और वैज्ञानिकता के चलते आकर्षण बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह बात समझ के परे है कि हमारे देश में ही सनातन का ऐसा विरोध क्यों? दिखता तो यह है कि जो लोग सनातन में भेदभाव और असमानता की शिकायत कर रहे हैं, वह कुल मिलाकर जातिवाद की शिकायत कर रहे हैं, पर वही लोग जातिवाद को बढ़ावा देने के लिए खास तौर पर पिछड़ी जातियों को अपने पक्ष में करने के लिए यह सभी उपक्रम कर रहे हैं। इनको लगता है कि ऐसा करके वह चुनाव में भाजपा को चुनौती दे सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708 48433
पिन- -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, वंशावली, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### कुजू में धूमधाम से मना करमा



**कुजू।** प्राकृतिक व भाई बहन का पर्व करमा पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र कुजू बस्ती, मुरपा, रामनगर, बमनगर, मच्छखंदवा, ओरला, तोपा, सांडी, बोंगावार, करमा, दिगवार, रतवे, आरा, सारूबेड़ा आदि स्थानों में करम डाल स्थापित कर बहनों ने विधिवत पूजा अर्चन कर अपने-अपने भाईयों के लंबी उम्र की कामना किया। करमा को लेकर आकर्षक रूप से करम मंडप भी बनाया गया था, जो आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही पूजा के बाद लगाये गये डीजे की धून पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान युवतियों व महिलाओं ने एक से बढ़कर एक नागपुरी, भोजपुरी गीतों पर नृत्य किया। बाद में स्थानीय तालाब व नदी में करम डाल को गाजे-बाजे के साथ विसर्जित कर दिया गया।

### बुढ़ाकरमा झमुर प्रतियोगिता आज



**कुजू।** आजसू मांडू विधानसभा स्तरीय 27 सितंबर को मुरपा तरवा टांड़ में होने वाले बूढ़ाकरमा झुमर प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर मंगलवार को आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को लेकर बनाये जा रहे स्टेज व प्रतिभागियों के द्वारा किये जाने झुमर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारियों को कई दिशा निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, मुख्य वक्ता के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी, देवशरण भगत, डॉ लंबोदर महतो, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल महतो के अलावे विधानसभा अंतर्गत सभी जिप सदस्य, आजसू जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

### लायंस क्लब ने लगाया हृदय जांच शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पारस एचईसी रांची और लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित ट्रेकर स्टैंड के समीप राज नर्सिंग होम में हृदय रोग जांच शिविर लगाया गया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुंवर अभिषेक आर्य द्वारा लगभग 70 लोगों का ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित हृदय रोग से संबंधित अन्य बीमारियों की जांच किया गया। साथ ही शिविर में पाये गये मरीजों को डॉ. कुंवर अभिषेक आर्य ने उचित परामर्श देते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने हल्की-फुल्की भी शारीरिक तकलीफ होने पर तत्काल चिकित्सों से मिलने की सलाह दी। शिविर में सीने में दर्द, बेचौनी, घबराहट, सांस की तकलीफ एवं पसीना आना, कंधे, पीठ एवं जबड़े का दर्द, दम घुटना, चक्कर आना, उल्टी आना, कमजोरी, पैदल चलने एवं सीढ़ी चढ़ने में सांस का फूलना आदि से ग्रसित 70 लोगों ने अपना जांच कराया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक करता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा आगे भी स्वास्थ्य शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, विजयंत कुमार, मोहम्मद मुमताज, शिव प्रसाद, अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

### भुरकुंडा में धूमधाम से मना करमा

भदानीनगर (रामगढ़)। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को प्रकृति और भाई-बहन के आस्था व प्रेम का महापर्व करमा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान करम डाल की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, अमन-चैन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही करमा और धरमा दोनों भाईयों की कथा कही व सुनी गई। पूजा-अर्चना के बाद उपवास रखी युवतियों ने लोगों के बीच लावा फूल का वितरण किया। वहीं मंगलवार को करम डाल का विसर्जन किया गया। इसके पूर्व सोमवार की रात्रि पूजा-अर्चना के बाद विभिन्न पर श्रद्धालु महिला-पुरूष मांदर की थाप पर थिरकते दिखें।

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक

रामगढ़। होटल लॉ मेरिटल के सभागार में मंगलवार को जिलाध्यक्ष आलोक रतन चौधरी की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक हुई। जिसमें प्रांत कार्यवाहक सह व्यवसाई तिलकराज मंगलम एवं प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित हुए। संगठन विस्तार एवं 8 अक्तूबर को रांची में आयोजित होने वाले धर्मसभा की तैयारी के निमित्त इस बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों ने बौधिक देते हुए तैयारी की समीक्षा की। जिला संगठन का विस्तार करते हुए गौरक्षा प्रमुख हेतु ललन लहरी,दिनेश पाठक को धर्म प्रसार प्रमुख,आलोक अग्रवाल जिला संघ प्रतिनिधि,रवि अग्रवाल सेवा प्रमुख,दिलीप पासवान संपर्क प्रमुख,कन्हैया रविदास जिला सुरक्षा प्रमुख नामित किए गए वहीं मातृशक्ति हेतु शिक्षिका सिंधु झा को जिला सह संयोजिका एवं यशोदा देवी को सत्संग प्रमुख का दायित्व सौपते हुए नवनयुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दी।

# भुरकुंडा में 115 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

**भुरकुंडा पुलिस ने पटेलनगर व सुंदरनगर में की छापेमारी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पुलिस ने गांजा कारोबार के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाकर पटेलनगर व सुंदरनगर भुरकुंडा से 1 क्विंटल 15 किलो गांजा बरामद किया है। तीन युवकों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। मंगलवार को भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस में पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी ब्रजेश खरवार उर्फ विक्की खरवार पिता गुलाब खरवार द्वारा गांजा की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के पश्चात पुलिस टीम का गठन कर मंगलवार की अहले सुबह छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान ब्रजेश खरवार और पटेलनगर निवासी रंजीत यादव पिता राजदेव राय के घर से 115 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। वहीं अनुसंधान के क्रम में पटेलनगर निवासी राजकुमार यादव पिता भगवान राय को भी हिरासत में लिया गया है। साथ ही तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। एसडीपीओ ने बताया कि गांजे के अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस की छापामारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। नशा के कारोबारियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। नशेड़ियों पर भी पुलिस नकेल कसेगी। छापेमारी दल में भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, एसआई अक्षय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक पूरन सिंह सशस्त्र बल के साथ शामिल थे।

# करम की डाली बहाने गयी छह बच्चियां बही

## चौपारण में हादसा : तीन को बचाया, एक का शव मिला और दो लापता

- दिव्यांग शाहिल शाह की दिलेरी से बची तीन बच्चियों की जान
- विधायक, एसडीओ, डीएसपी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** प्रखंड के बच्छई पंचायत अंतर्गत ग्राम ओबरा की तीन युवतियां ओबरा घाट पर करम की डाल बहाने गई थी। करम डाल बहाने के बाद कुछ युतियां नदी में नहाने लगी। इस इसी क्रम में 6 युवती पानी के तेज बहाव मे बहने लगी, जिसमें तीन को स्थानीय लोगों की मदद से एक दिव्यांग मछुआरे ने बचाया और तीन तेज धार में बह गई।

बताया जाता है कि नदी की धार में युवतियों को बहता देख मछली पकड़ रहा दिव्यांग शाहिल शाह पिता वज्जुद्दीन शाह जो चय का निवासी बताया जा रहा है। उक्त युवक ने बताया कि लड़कियों के चीखने की आवाज सुन कर वह उनके तरफ पानी मे कूद गया और पहले दो और फिर एक युवती को बचाया। फिर जब गया तो बाकी का कुछ पता नही चल पाया। घटना की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी और जो भी सुना घटना स्थल की ओर दौड़ा। ग्रामीणों को जब बही लड़कियों की सुराग नही मिल पाया तो चय से गोताखोर की टीम आई। जिसके बाद एक युवती का शव बरामद किया गया। बाकी की खोज जारी है। घटना के बाद से विधायक उमा शंकर अकेला, एसडीओ पूनम कुजूर व डीएसपी नाजिर अख्तर समेत प्रशाशनिक व राजनैतिक लोग डटे रहे और पूरी हालात का जायजा लेते रहे।



बच्ची की शव के साथ परिजन।

**इन युवतियों की हुई मौत :** दुर्घटना में सपना कुमार, पिता नारायण राणा, दिव्या कुमारी, पिता सत्येंद्र यादव एवं सरस्वती कुमारी, पिता राजू यादव, पायल कुमारी पिता विकास राणा, लक्ष्मी कुमारी पिता दीपक राणा सभी नदी की तेज धार में बह गई जिसमें लक्ष्मी, पायल व अनिशा को बचा लिया गया और दिव्या का शव बरामद हुवा जबकि सपना व सरस्वती की खोजबीन जारी है।

### कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव में पीवीयूएन पतरातू को मिले कई पुरस्कार



**बासल/पतरातू (रामगढ़)।** पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक विकास और प्रभावी संचार के प्रति प्रतिबद्धता व उत्कृष्ट प्रयासों के लिए पीवीयूएन पतरातू को 17वें वैश्विक संचार कॉन्क्लेव में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। साथ ही कंपनी को कॉन्क्लेव में चैंपियन-ऑफ-चैंपियंस का ताज भी पहनाया गया।

विशेष अनुष्ठानों और आकर्षक कर्मचारी गतिविधियों के माध्यम से आंतरिक हितधारकों के बीच मजबूत संचार को बढ़ावा देने के लिए पीवीयूएन पतरातू को कांस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पूरे एनटीपीसी लिमिटेड परिवार के लिए यह गौरव की बात है।

## पोषण की दी गयी जानकारी



**बरही।** प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना में पोषण माह से सम्बंधित बाल परियोजना पदाधिकारी नीलू कुमारी की देखरेख में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू,जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय मौजूद थे। इस दौरान पोषण माह मनाने को लेकर रंगोली के माध्यम से लोगो को कुपोषण से बचने का संदेश दिया गया। कार्यशाला में माताओं को बताया गया कि पौष्टिक आहार कितने मात्रा में कितने उम्र के बच्चे को कब देना चाहिए।

इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू कुमारी ने दिया। मौके पर दो स्वस्थ बच्चों को अन्नप्राशन व पुरस्कृत किया गया। साथ ही दो महिलाओं का गोद भराई किया गया। कार्यक्रम में तिरुपति भारत गैस एजेंसी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां महिलाओं को गैस सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी गयी। इस सम्बंध में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि वर्तमान में बरही में कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी आई है जो कि दशार्ता है कि बरही में काफी अच्छा कार्य हुआ है। वहीं जन सेवा परिषद व कम्यूनिटी सोशल वर्कर एवं जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी ने नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन एवं जन सेवा परिषद हजारीबाग के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह बाल मजदूरी एवं बाल यौन शोषण और बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर सुपरवाइजर निभा कुमारी, सुनीता कुमारी, रंजीता कुमारी, रचना साहू, रेखा देवी, पार्वती देवी, नीलू देवी, रंजू कुमारी, नमिता कुमारी, नीतू कुमारी, सरोज देवी, अनिता देवी, संगीता देवी सहित दर्जनों सेविकाएं उपस्थित थी।

## 5 से 7 किलो हो रही है राशन कटौती

**झरपो में लाभुकों ने कम राशन देने का लगाया आरोप**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत मे लक्ष्मी महिला मंडल द्वारा चलाये जा रहे जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा लाभुकों को कम राशन देने का मामला सामने आया है। लाभूकों ने समाज सेवियों और जनप्रतिनिधियों से न्याय की गुहार लगायी है। लाभुकों मे शान्ति देवी पति उमेश प्रसाद से 25 किग्रा के जगह 19 किग्रा चावल दिया गया। वही छोटन महतो 15 किग्रा के जगह पर 10 किग्रा चावल बिनोद प्रसाद, सोभा देवी 20 किग्रा को13 किग्रा चावल सीता देवी 20 किग्रा को 13किग्रा,चावल गुड़िया देवी 20 किग्रा को13 किग्रा चावल करमी देवी को 30 किग्रा को 14 किग्रा चावल दिया गया। लाभुकों ने जविप्र के दुकानदार द्वारा राशन कटौती करने पर जमकर हल्ला बोला और हंगामा किया। लक्ष्मी महिला मंडल से इस संबंध में जब जानकारी ली गयी तो उन्होने कहा कि विभाग ही कम चावल दिया है तो हम कहां से दे। परन्तु सवाल यह उठता है कि यदि विभाग ने कम राशन दिया तो लाभुक कार्डधारी के कार्ड में पूरा राशन क्यों अंकित किया जा रहा है। इस ममले पर जन प्रतिनिधियों ने जब दुकानदार से पूछा तो दुकानदार ने विभाग द्वारा कम कम राशन दिए जाने की बात कहकर सारा ठीकरा विभाग पर फोड़ दिया। टाटीझरिया प्रखंड के खाद्य आपूर्ति विभाग पदाधिकारी एमओ आलोक कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि जविप्र दुकानदारों पर लगाये गये आरोप बिल्कुल गलत है। यदि इस प्रकार कोई जन वितरण प्रणाली दुकानदार कृत्य करें तो लाभुक एवं जनप्रतिनिधि गण उक्त दुकानदारों के खिलाफ सबूत समेत लिखित आवेदन दें। विभाग कार्रवाई करेगा। मौके पर झरपो पंचायत उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा, जीप सदस्य प्रतिनिधि शंकर कुमार, सरजू प्रसाद कुशवाहा, राहुल राम, अनुज कुमार वर्मा, संतोष कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।



# भुरकुंडा के पटेलनगर में श्री श्याम महोत्सव संपन्न

## भजन पर रातभर झूमे श्यामभक्त, प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्री अग्रसेन भवन (मारवाड़ी धर्मशाला) में श्री श्याम सखा मण्डल के तत्वावधान में कलियुग के अवतार श्री श्याम प्रभु का 10वां भव्य महोत्सव सोमवार की रात्रि विभिन्न अनुष्ठानों के बीच संपन्न हो गया। महोत्सव में भव्य दरबार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, श्याम चौरासी के जरिए बाबा श्याम की पूजा हुई। जमशेदपुर से बाबा श्याम का शीश लाये गये शीश के स्वागत में पटेलनगर बैंक मोड़ से कार्यक्रम स्थल तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में बाबा श्याम को 51 ध्वज चढ़ाए गए। भजनों की धुन पर निशान यात्रा में मंडल के सभी सदस्यगण महिला-पुरुष और बच्चे नाचते गाते और झूमते चल रहे थे। श्री श्याम महोत्सव का मुख्य समारोह अखंड ज्योत से हुई। रामगढ़ से आए पंडित सुजीत मिश्रा ने सम्पूर्ण विधि-विधान से बाबा के शीश को प्रतिष्ठापित किया। इसके बाद शीश का श्रृंगार किया गया। पूरे महोत्सव परिसर को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया था। हवन पूजन के साथ श्याम बाबा की पूजा की गई। वहीं टाटानगर की उभरती भजन गायिका सौमी चौधरी ने भाव भरे गीत गाए। सोमी चौधरी ने शास्त्रीय संगीत की शैली में अनेक गीत गाकर मन मोह लिया। कोलकाता के मशहूर तबला वादक गंगा दा, धनबाद के गायक पंकज शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। इस दौरान भजन गायक-गायिका की कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो ह! हारे के सहारे आजा, तेरा भक्त पुकारे आजा! महोत्सव में विधायक अंबा प्रसाद भी बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने पहुंची। यहां उन्होंने खाटू महाराज के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना। मौके पर गिरधारी गोप, विनय सिंह चौहान, योगेश दांगी, अशोक सिन्हा, पूर्व मुखिया विमल रॉय, बार एसोसिएशन से अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, रामगढ़ चेंबर अध्यक्ष पंकज तिवारी, प्रदीप सिंह, बालकिशन जालान, रामगढ़ अरदास कीर्तन परिवार, रांची से श्याम मंडल, हनुमान मंडल, रांची श्याम मंदिर कमिटी, अमृत अग्रवाल, गोपाल केडिया, रांची से कमल अग्रवाल, जिम्मी अग्रवाल सहित सैंकड़ों महिला-पुरूष शामिल हुए।



श्रद्धालुओं को झुमाती सौमी चौधरी।

## एक नजर में

### मुखिया ने की जल्द ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग



बरही। बुंडू में अत्याधिक बारिश एवं बिजली चमकने से एक साथ दो-दो 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। जिससे गांव में बिजली आपूर्ति बिल्कुल ठप हो गई है। बुंडू गांव के ग्रामीणों ने एक आवेदन देकर बिजली विभाग बरही के सहायक विद्युत अभियंता से जल्द से जल्द दो नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बिजली विभाग के सक्षम पदाधिकारी से मांग की कि आज के आधुनिक एवं डिजिटल युग में बिजली के बिना जीवन जीने की कल्पना भी नहीं किया जा सकता है। बुंडू में एक साथ दो दो ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए तत्काल नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। आवेदन में विशुन महतो, परमेश्वर यादव, सरजू यादव, किशुन यादव, महावीर चौधरी, गणेश पंडित, वासुदेव यादव, बाबूलाल यादव का हस्ताक्षर शामिल है।

### विनोद यादव की रिहाई के लिए पूजा -अर्चना

**बरही।** कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव सह वरिष्ठ समाजसेवी विनोद कुमार यादव के सकुशल रिहाई के लिए पूजा पाठ का दौर शुरू हो गया है। करियातपुर पंचायत में बाजार पर स्थित बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में विनोद यादव के समर्थकों ने पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया। हवन वरिष्ठ समाज सेवी रघुनंदन गोप के नेतृत्व में पुरोहित अशोक पांडे के द्वारा संपन्न कराया गया। रघुनंदन गोप ने कहा कि हवन पूजन का कार्यक्रम पूरे बरही विधानसभा के प्रत्येक पंचायत में आयोजित किए जाएंगे, इसकी शुरूआत पूर्व में बरही पूर्वी पंचायत अंतर्गत छठ घाट नदी के तट पर स्थित सूर्य मंदिर में हवन पूजन के साथ शुरू हो चुका है जो अब निरंतर जारी रहेगा। हवन में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, वासुदेव यादव, शरीफुल हक, मनोहर यादव, देवचंद यादव, महेश प्रसाद कुशवाहा, कौलेश्वर चंद्रवंशी, टिंकू केसरी, संजय केसरी समेत दर्जनों समर्थक शामिल रहे।

### खेल से खिलाड़ियों का होता है विकास : अरुण साहू



**बरही।** रसोइया धमना पंचायत अंतर्गत छोटकी बरही में स्टार क्लब छोटकी बरही द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेन्दगी बनाम खांडी के बीच खेला गया। जिसमें तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साहू ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी और कहा कि खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार जीत जीवन का एक अटूट हिस्सा है किंतु इसमें समन्वय बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट हमारे समुदाय के युवाओं के लिए न केवल खेल है, बल्कि यह एक शिक्षा है जो जीवन के मूल्यों को सिखाती है। मौके पर तिलेश्वर साहू सेना के प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर,मीडिया प्रभारी बबलू साहू, स्टार क्लब छोटकी बरही के अध्यक्ष मोहम्मद दाउद, उपाध्यक्ष मो. वाहिद, सचिव मो. सेराज, उपसचिव मो. आफताब, कोषाध्यक्ष मो. फिरोज, उपकोषाध्यक्ष मो. आरिफ, मो. शमीम, आदि सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

### टाटीझरिया में धूमधाम से मनाया गया करमा



**टाटीझरिया।** भाई बहन रिस्ते का अटूट पर्व करमा का पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड के झरपो,भराजो खैरा नारायपुर , बेडमक्का,अमनारी डूमर बेडम,धर्मपुर गोधिया, डहरभंगा, टाटीझरिया बेरहो खंभवा सहित गांवों में करमा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया करमा के पावन पर्व पर प्रखंड के जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधि प्रमुख संतोष मंडल जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद उपप्रमुख रवि वार्नवाल और प्रतिनिधि बीस सूत्रीअध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी मिथलेश कुमार पाठक ,कैलाश पति सिंह सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल उमेश प्रसाद उपेंद्र पांडेय सुरेंद्र यादवने शुभकामनाएं दी है।

### सीसीएल के अधिकारियों का भव्य स्वागत



**चरही।** मंगलवार को चुरचू प्रखंड के इंद्रा पंचायत भवन में सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र चरही के पदाधिकारी निशांत कुमार,वरुण कुमार,धीरेंद्र कुमार सिंह,चन्द्रिका कुमार,गौतम रंजन सहित कई पदाधिकारी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अमृत क्लश यात्रा मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम को लेकर पहुंचे।जहां पर उपरोक्त पदाधिकारियों को पंचायत भवन प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया।तथा पंचायत भवन के परिसर के मिट्टी को उठाकर क्लश में भरकर सौंप दिया गया। स्वागत करने वालों में से मुखिया राधिका देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,पूर्व मुखिया दशरथ महतो,पंसस वीरेंद्र भुइयां,उप मुखिया विनोद कुमार महतो,वार्ड सदस्य सुग्रीव रजवार,आसमा खातून,इदरीश अंसारी,अहमद रज्जा,गुलाचो देवी,चमेली कुमारी, शीतल टुडू, सोनी ,कुलदीप कुमार,जीतेश्वरी देवी,संगीता देवी थे।

### दो बाइकों में भिड़ंत, एक की मौत

**केरेडारी।** बडाकगांव एवं केरेडारी बॉर्डर के समीप राजाबागी में मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल जोरदार टक्कर होने से केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारियातु के मुकेश भुइयां पिता स्वर्गीय धनेश्वर भुइंया उम्र 33 वर्ष का दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गया। मुकेश भुइयां घर से किसी काम को लेकर मोटरसाइकिल से बड़कागांव जा रहा था। उस क्रम मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति सवार हो कर बड़कागांव से टंडवा गाड़ीलांग जा रहे थे। तभी दोनों मोटरसाइकिल से राजबागी में टक्कर हो गई। टक्कर इतना जोरदार हुई की एक व्यक्ति का मौके पर मृत्यु हो गई और दो व्यक्ति को हजारीबाग सदर अस्पताल के लिए भेज दिया गया। मृतक के परिजनों सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने आकर सड़क जाम किया।

### वार्ड सदस्य ने की विद्यालय में चहारदीवारी की मांग



विष्णुगढ़। गैड़ा पंचायत के कितोर्डीह प्राथमिक विद्यालय और बसरिया मध्य विद्यालय में चाहारदीवारी नहीं होने से विद्यालय की व्यवस्था खराब हो रही है। जिसको लेकर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिनोद महतो व समुरुदिन अंसारी ने बीडीओ संजय कोंगारी को आवेदन देकर विद्यालय में चहादिवारी की मांग की। इसी तरह के मामले इसी पंचायत के कितोर्डीह प्राथमिक विद्यालय का है। यहां के विद्यालय में चारदीवारी नहीं है। उससे भी बड़ा और गंभीर समस्या इस विद्यालय से सटे एक गहरे तालाब है।

### हाथियों ने स्कूल के चापाकल को किया ध्वस्त

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत अंतर्गत किरतोड़ी बसरिया आदि क्षेत्र में करम पूजा की रात सोमवार को गजराज की टोलियों के आने से लोग सहमे हुवें है। वही बसरिया मध्य विद्यालय में पेयजल की सुविधा के नाम पर लगे एकमात्र चापाकल को उखाड़ दिया। जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड पास के पहाड़ी की और जाने की बात कही है। वहीं मामले की लिखित जानकारी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभाग दे दी गई है।

## एशियाई खेल का इतिहास और भारत का प्रदर्शन

# खेलों के गौरवमयी इतिहास दोहराने की तैयारी

**विवेक सिंह**

**एशियाई** खेल में भारत का गौरवशाली इतिहास और पीटी उषा के स्वर्ण पदक जीतने की कहानी

1951 में उद्घाटन संस्करण के बाद से भारत ने एशियाई खेल में अब तक 672 पदक जीते हैं। भारत ने जकार्ता में आयोजित एशियाई खेल 2018 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक पदक जीता था।

साल 1951 से शुरू हुए एशियाई खेल में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया है और प्रतियोगिता का दिग्गज टीम बना रहा है।

चार साल में एक बार आयोजित होने वाले इस मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट के सभी संस्करणों में भाग लेने वाले भारत ने एशियाई खेल की स्थापना और इसे शुरू करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा भारत ने एशियाई खेल के पहले संस्करण की मेजबानी भी की थी जिसका आयोजन देश की राजधानी नई दिल्ली में किया गया था।

भारत ने 1951 के एशियाई खेल में 51 पदक जीते थे, जिसमें 15 स्वर्ण, 16 रजत और 20 कांस्य पदक शामिल था। एशियाई खेल की पदक तालिका में भारत से आगे सिर्फ जापान था, जिसने 60 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया था।

तैराक सचिन नाग ने 1951 में नई दिल्ली में 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में जीत दर्ज करते हुए एशियन गेम्स में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था।

उसी साल रोशन मिस्त्री भी एशियन गेम्स में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं, जब उन्होंने 1951 के एशियन गेम्स की 100 मीटर रेस स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया।



तब से भारत ने एशियाई खेल में 155 स्वर्ण, 201 रजत और 316 कांस्य सहित 672 पदक जीते हैं।

भारत ने एशियन गेम्स के अब तक के हर संस्करण में स्वर्ण पदक हासिल किया है और महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पांचवां सबसे सफल देश है।

भारत के ट्रैक एंड फील्ड एथलीटों ने 18 संस्करणों में सबसे अधिक 254 पदक हासिल किया है।

दिग्गज भारतीय धावक मिल्खा सिंह, बिना किसी शक के भारतीय एथलेटिक्स का सबसे बड़ा नाम हैं, जिन्होंने 1958 के एशियाई खेल में 200 मीटर और 400 मीटर की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद जकार्ता में 1962 के संस्करण में दो और स्वर्ण (400 मीटर और 4 ७ 400 मीटर रिले) अपने नाम किया।

इसके बाद एशियाई खेल की ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता में भारत की स्वर्णिम परंपरा को पीटी उषा ने जारी रखा।

'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से जाने जाने वाली पीटी उषा ने 1986 के एशियाई खेल में ट्रैक पर शानदार प्रदर्शन किया। उस साल भारत के द्वारा जीते गए पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते पीटी उषा ने जीते थे।

तीन बार की ओलंपियन पीटी उषा ने सियोल 1986 खेलों में चार स्पधाओं (200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर हर्डल रेस और 4 ७ 400 मीटर रिले) में एशियन गेम्स रिकॉर्ड को तोड़ा।

पीटी उषा ने एशियाई खेल में सबसे सफल भारतीय एथलीट के रूप में अपने शानदार करियर का अंत 11 पदकों के साथ किया जिसमें 4 स्वर्ण और 7 रजत पदक शामिल हैं।

जकार्ता में आयोजित हुए एशियन गेम्स 2018 में भारत ने पदकों की लिहाज से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और रिकॉर्ड 70 पदक जीते, जहां एक बार फिर से एथलेटिक्स सबसे सफल खेल रहा। भारत ने 2018 एशियाई खेल की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 20 पदक हासिल किया था।

एशियाई खेल 2018 में नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। जबकि, दुती चंद ने साल 1982 में पीटी उषा के रजत के बाद महिलाओं के 100 मीटर रेस में भारत को पहला पदक दिलाया।

हिमा दास ने भी एशियाई खेल के पिछले संस्करण में तीन पदक जीतीं - महिला और मिश्रित 4७400 मीटर में स्वर्ण और 400 मीटर रेस में रजत पदक।एशियाई खेल 2018 के भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद जश्न मनाते हुए नीरज चोपड़ा।

एशियाई खेल 2018 के भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद जश्न मनाते हुए नीरज चोपड़ा।

एथलेटिक्स के अलावा, पहलवानों, मुक्केबाजों और, हाल ही में, निशानेबाजों ने एशियाई खेल में भारत की पदक संख्या को बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट, मुक्केबाज मैरी कॉम और विजेंदर सिंह और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा और जसपाल राणा जैसे भारतीय एथलीट भी एशियन गेम्स में पोडियम पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

हालांकि, एशियाई खेल की कबड्डी प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा है। साल 1990 में एशियन गेम्स में कबड्डी की शुरूआत के बाद से आठ संस्करणों में से सात में भारत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। भारत को एकमात्र हार जकार्ता में आयोजित हुए एशियाई खेल 2018 में मिली जहां ईरान ने भारत को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

पुरुष भारतीय कबड्डी टीम ने एशियाई खेल में रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक जीते हैं।

पुरुष भारतीय कबड्डी टीम ने एशियाई खेल में रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक जीते हैं।

भारत 23 सितंबर, 2023 से चीन के हांगझोऊ में आयोजित होने वाले एशियाई खेल 2023 में अपना कबड्डी खिताब फिर से हासिल करने के इरादे से मैट पर उतरेगा।

# ज्योति याराजी ने जीता एशियन गेम्स में गोल्ड?

### आशा भोसले और गौतम गंभीर से हो गई चूक

एक ओर जहां चीन में एशियन गेम्स का रोमांच चरम पर है तो दूसरी ओर, भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने एक्स डॉट कॉम पर एक पोस्ट किया। उन्होंने देश की बेटी ज्योति याराजी को बधाई दी और दावा किया कि उन्होंने गोल्ड मेडल जीता है। हालांकि, यह पूरा सच नहीं है....

इंटरनेट की दुनिया में सोशल मीडिया की वजह से क्रांति है। एक ट्वीट से कुछ ही देर में कोई भी जानकारी लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुंचाई जा सकती है। हालांकि, सोशल मीडिया पर कई बार ऐसी बातें पोस्ट हो जाती हैं, जो पूरी तरह से सही नहीं होती हैं। कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है भारतीय एथलीट ज्योति याराजी को लेकर। सोशल मीडिया पर तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी है और सिलसिला अभी भी जारी है। दावा किया जा रहा है कि ज्योति ने एशियन गेम्स 2023 (जो कोविड की वजह से एक साल देरी से हो रहा है। यानी एशियन गेम्स 2022) में गोल्ड मेडल जीता है। ट्वीट करने वालों में भारत के दिग्गज क्रिकेटर गौतम गंभीर और महानतम सिंगर आसा भोसले भी हैं।



गौतम गंभीर ने एक्स डॉट कॉम पर लिखा- यह स्वर्ण पदक इस बात का सच्चा प्रमाण है कि हालात चाहे जो भी हों, सपने सच होते हैं। शानदार ज्योति याराजी। वहीं, आसा भोसले ने लिखा- एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर आंध्र प्रदेश की याराजी को हार्दिक बधाई। गंभीर की पोस्ट में हालांकि यह नहीं लिखा गया कि यह मेडल एशियन गेम्स में जीता है, लेकिन पोस्ट अभी किया है तो इसे एशियन गेम्स से ही जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ताजा पोस्ट से भ्रम की स्थिति बनी है।

इसमें कोई शक नहीं की देश की बेटी ने गोल्ड मेडल नहीं जीता, लेकिन यह बात काफी पुरानी हो गई है। वायरल वीडियो की सच्चाई यह है कि ज्योति ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। यह टूनार्मेंट 13 जुलाई, 2023 को हुआ था और भारत के बेटी ने देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया था। दूसरी ओर, ज्याति को एशियन गेम्स में अभी ट्रैक पर उतरना है। वह महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में उतरेंगी, जो 1 अक्टूबर को भारतीय समय के अनुसार शाम 6:45 बजे निर्धारित है।

गौतम गंभीर की पोस्ट पर ढेर सारे फैंस ने यह बताने की कोशिश भी की है कि यह ताजा अपडेट नहीं है। एक यूजर ने लिखा- ये फेक है। पुराना वीडियो है। थोड़ा सब्र करो मेडल आएगा। लेकिन थोड़ा अपडेट करिए खुद को। ऐसे कोई भी पोस्ट नही डालते।

# एशियाई खेलों में बैडमिंटन की शुरूआत टीम इवेंट के साथ होगी

एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में बैडमिंटन प्रतियोगिताएं 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बिंजियांग जिम्नेजियम में आयोजित की जाएंगी। भारत को सात इवेंट में पदक की उम्मीद होगी, जिसमें पुरुष और महिला टीम, पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल शामिल हैं।

एशियाई खेलों में बैडमिंटन की शुरूआत टीम इवेंट के साथ होगी। एकल और युगल स्पधाएं 2 अक्टूबर से शुरू होंगी और 7 अक्टूबर तक जारी रहेंगी।

महिला एकल और टीम स्पर्धा में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु भारत की अगुवाई करेंगी। बता दें, पीवी सिंधु को साल 2018 के एशियन गेम्स में ताई जु यिंग से हारकर रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में इस बार वह अपने प्रदर्शन को और भी बेहतर करना चाहेंगी।

वहीं, 2018 जकार्ता एशियाई खेल में कांस्य पदक जीतने वाली और लंदन 2012 ओलंपिक खेल की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल, इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रही हैं।

महिला युगल में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज गायत्री गोपीचंद-त्रिशा जॉली, एशियाई खेल में हिस्सा लेने वाली भारत की शीर्ष महिला जोड़ी है। दोनों ने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेल में कांस्य पदक जीता था और अब एशियाई खेल में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

साल 2014 की कांस्य पदक विजेता और भारतीय टीम की अनुभवी खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ जोड़ी बनाई है। 33 वर्षीय पोनप्पा एशियन गेम्स में भारत की सबसे अनुभवी शटलर होंगी।



इस बीच, भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम में पुरुष एकल में एचएस प्रणॉय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और पुरुष युगल में चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी शामिल हैं, ये सभी विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता रह चुके हैं।एचएस प्रणॉय दुनिया में छठे नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी होने के साथ ही भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं।

उन्होंने अगस्त में कोपेनहेगन में बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, जिसके कारण वह हांगझोऊ 2023 में व्यक्तिगत पदक के लिए भारत के प्रमुख दावेदारों में से एक हैं।

ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन के नाम से मशहूर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी से भी पदक की उम्मीद होगी।

एशियन गेम्स के पिछले संस्करण में, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था।

बैडमिंटन ने साल 1962 में एशियाई खेलों में अपना डेब्यू किया था और उसके बाद से भारत ने इस खेल में 1 रजत और 9 कांस्य पदक जीते हैं।

एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय बैडमिंटन टीम

पुरुष एकलः एचएस प्रणॉय, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन, मिथुन मंजूनाथ

पुरुष युगलः सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी, ध्रुव कपिला/एमआर अर्जुन

महिला एकलः पीवी सिंधु, अश्मिता चालिहा, अनुपमा उपाध्याय, मालविका बंसोड़महिला युगलः गायत्री गोपीचंद/त्रिशा जॉली, अश्विनी पोनप्पा/तनीषा क्रैस्टो

मिश्रित युगलः तनीषा क्रैस्टो/रोहन कपूर, एन सिक्की रेड्डी/साई प्रतीक

### जानिए कौन हैं भारत के प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी

ऑल इंग्लैंड ओपन में प्रकाश पादुकोण की ऐतिहासिक जीत ने भारतीय बैडमिंटन के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी, जिसके बाद साइना नेहवाल और पीवी सिंधु सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों ने विश्व बैडमिंटन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आज साइना नेहवाल, पीवी सिंधु जैसे प्रसिद्ध भारतीय खिलाड़ियों की चर्चा पूरी दुनिया में है। इसके साथ ही पारुपल्ली कश्यप, किदांबी श्रीकांत, बी साईं प्रणीत, ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भारतीय बैडमिंटन की तस्वीर ही बदल दी है।

प्रकाश पादुकोणएक ही साल में जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीतकर प्रकाश पादुकोण ने घरेलू भारतीय बैडमिंटन की दुनिया में तहलका मचा दिया। इसके बाद उन्होंने साल 1978 के राष्ट्रमंडल खेल में पुरुष एकल का स्वर्ण जीतकर भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

सिर्फ दो साल बाद ही पादुकोण ने एक और उपलब्धि अपने नाम की, जब उन्होंने साल 1980 में इंडोनेशियाई दिग्गज लिएम स्वि किंग को फाइनल में हराकर बैडमिंटन के सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक माने जाने वाले ऑल इंग्लैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया।

प्रकाश पादुकोण ने साल 1981 में डेनमार्क के क्लबों के लिए खेलने का फैसला लेकर अपने लिए यूरोप के दरवाजे भी खोल दिए। भारतीय बैडमिंटन के दिग्गज खिलाड़ी बैडमिंटन की ट्रेनिंग के लिए अकादमी खोलने वाले पहले खिलाड़ियों में से एक थे जिसका नाम 'प्रकाश पादुकोण सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' है, पुलेला गोपीचंद विश्व बैडमिंटन में पुलेला गोपीचंद का नाम किसी से छिपा नहीं है और भारत में तो इस नाम का डंका बजता है।

**साइना नेहवाल**

साइना नेहवाल वह खिलाड़ी थीं, जिन्होंने लंदन 2012 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर भारतीय बैडमिंटन की तस्वीर बदल दी। गौरतलब है कि यह बैडमिंटन में भारत का पहला ओलंपिक पदक था।

**पीवी सिंधु**

सिंधु ने साल 2012 में जबरदस्त प्रदर्शन किया और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 2013 बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक भी जीता।

इसके बाद पीवी सिंधु ने ओकुहारा को हराकर इतिहास में सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक का प्रदर्शन किया और 2019 में ऐतिहासिक इहऋ विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।

# एशियाई खेल: भारत की उम्मीदें



**सत्यनारायण गुप्ता**

क्रिकेट में एशिया कप में भारत की जीत, टी -20, एकदिवसीय और टेस्ट तीनों फॉर्मेट में नंबर वन स्थान हासिल करना , ऑस्ट्रेलिया के साथ श्रृंखला में बढ़त और उसके बाद भारत में आयोजित होने वाले विश्व कप की प्रतीक्षा ।भारतीय खेल प्रेमियों का सारा ध्यान क्रिकेट पर ही है,पर उधर एशियाई खेल भी शुरू हो चुके हैं। जहां भारतीय खिलाड़ी क्रिकेट समेत दर्जनों खेलों में जी-जान लगा रहे हैं।

19 में एशियाई खेलों का आगाज 23 सितंबर से चीन के होंगझाऊ में हो शुरु हो चुका है जो 8 सितंबर तक चलेंगे। इस शहर के आसपास कुल 56 स्थानों पर सभी स्पोर्टिंग इवेंट्स होंगे। एशियन गेम्स 2023 में टारगेट पर कुल 481 गोल्ड मेडल हैं। फुटबॉल, वॉलीबॉल और बीच वॉलीबॉल के मुकाबले 19 सितंबर से शुरू हो चुके हैं। भारतीय महिला टीम 21 सितंबर से आगाज कर रही है ।पहली बार एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट को भी शामिल किया गया है ।इसलिए उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम में देश को पदक जरुर दिलाएंगे। जकार्ता एशियाई खेलों में एशियाई खेलों में भारत ने 16 गोल्ड मेडल के साथ कुल 70 पदक जीते थे और पदक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था।

19 वें एशियाई खेलों में भारत के 655 एथलीट्स 40 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। एशियन गेम्स के इतिहास में भारत ने अभी तक कुल 672 मेडल जीते हैं इनमें 155 गोल्ड 201 सिल्वर और 316 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। वहीं चीन ने अब तक 3187 मेडल जीते हैं, जिसमें 1473 गोल्ड 994 सिल्वर 720 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

एशियाई खेलों की शुरूआत 1951 में भारत से ही हुई थी। पहले एशियाई खेल नई दिल्ली में आयोजित हुए थे। तब से प्रत्येक एशियाई खेलों में भारत भाग लेता रहा है। 1951 के पहले ऐसे खेलों में 15 गोल्ड समेत 51 पदकों के साथ भारत दूसरे नंबर पर था ।जापान ने 24 गोल्ड समेत कुल 60 मेडल जीतकर पहला स्थान हासिल किया था।

एशियाई खेलों के इतिहास में भारत के सबसे सफल खिलाड़ियों की बात करें तो पीटी उषा सबसे सफल एथलीट है जिन्होंने चार गोल्ड और साथ सिल्वर सहित 11 पदक हासिल किए हैं। होंगझाऊ में जिन भारतीय खिलाड़ियों/एथलीट्स से पदक की उम्मीद है, उनमें नीरज चोपड़ा - जैवलिन थ्रो ,निखत जरीन -बॉक्सिंग ,अंतिम पंघाल- कुश्ती, सात्विक -चिराग शेट्टी -बैडमिंटन, मीराबाई चानू- वेटलिफ्टिंग। 4 गुना 400 मी - पुरुष रिले टीम ,रुद्रांक्ष पाटिल -शूटिंग आदि शामिल हैं। टीम इवेंट्स में क्रिकेट, कबड्डी, हाकी, वालीबाल स्पधाओं से पदक की उम्मीद है।

अरूणाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले दो भारतीय वुशु खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा देकर चीन ने भारतीयों का जो मजा किरकिरा किया है, उसकी भरपाई भारतीय एथलीट्स ढेर सारे पदक जीत कर सकते हैं। इस बार एशियन गेम्स में भारत ने अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा है जिसमें विभिन्न खेलों के इवेंट्स में हिस्सा लेने वाले कुल 655 एथलीट्स शामिल हैं. इसी कारण सभी को अधिक पदक जीतने की भी उम्मीद है.साल 1951 में शुरू हुए एशियन गेम्स के इतिहास में अब तक भारत ने सभी में हिस्सा लिया है. पहले एशियाई खेलों में भारत ने कुल 51 पदक जीते थे, इनमें 15 गोल्ड और 16 सिल्वर के अलावा 20 कांस्य पदक भी शामिल थे. भारत अब तक एशियन गेम्स के इतिहास में कुल 672 मेडल अपने नाम कर चुका हैं. इसमें 155 गोल्ड, 201 सिल्वर और 316 कांस्य पदक शामिल हैं.

एशियाई खेलों के इतिहास में पदक जीतने के मामले में भारत अब तक पांचवां सबसे सफल देश रहा है. इस बार सभी को भारतीय दल से इतिहास रचे जाने की उम्मीद है. अब तक ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में भारत का सबसे बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला है जिसमें कुल 254 पदक जीते गए हैं.

**40 खेलों में 481 स्पोर्ट्स इवेंट का होगा आयोजन**

इस बार एशियन गेम्स में 40 खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनके अलग-अलग इवेंट की कुल 481 प्रतियोगिता होंगी. इस बार 45 देशों के 10,000 से अधिक एथलीट्स हिस्सा लेंगे. वहीं पहली बार भारत की तरफ से एशियन गेम्स के दल में 5 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो ओलंपिक में भी पदक जीतने में कामयाब हुए हैं.

भारत ने टेनिस में पाकिस्तान की निकाली हेकड़ी, जीता एकतरफा मैच, प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एशियन गेम्स 2023 के तीसरे दिन भारतीय टेनिस खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। खासकर मिक्स डबल में भारत ने अपने चिर प्रिद्वंदी पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया।

हांगझोऊः मिक्स डबल्स में शीर्ष वरीयता प्राप्त युकी भांबरी और अंकिता रैना की जोड़ी ने पाकिस्तान के अकील खान और साराह खान की जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-0 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को दमदार सर्विस लगाने वाले बीबिट जुकायेव की चुनौती से पार पाने के लिए पसीना बहाना पड़ा। वहीं अंकिता रैना ने आसानी से आदित्या पी करुणारत्ने को मात देकर मंगलवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

ये दोनों खिलाड़ी अगर क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने में सफल रहे तो उनका पदक पक्का हो जायेगा। टेनिस में सेमीफाइनल हारने वाले खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है। पुरुष और महिला एकल के अन्य मैचों में क्रमशः रामकुमार रामनाथन और रुतुजा भोसले को हार का सामना करना पड़ा। कजाखस्तान के जुकायेव ने अपनी सर्विस से नागल को परेशान किया लेकिन भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी ने बेहतर नियंत्रण दिखाते हुए तीसरे दौर के मैच में 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की।

देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी अंकिता ने हांगकांग की आदित्या को एकतरफा मुकाबले में 6-1 6-2 से शिकस्त दी। नागल ने कोर्ट में अपनी खेल की गति से काफी प्रभावित किया। जुकायेव ने नागल के खिलाफ ड्रॉप शॉट खेलने की रणनीति अपनायी लेकिन नागल ने गेंद तक पहुंच बनाकर विनर्स लगाये। नागल ने दो सेट प्वाइंट हासिल करने के बाद बैकहैंड के इस्तेमाल से जुकायेव से दूर शॉट खेला और कजाखस्तान का खिलाड़ी रिटर्न लगाने में विफल रहा।

**भारतीय महिला टीम के गोल्ड जीतने पर बोले खेल मंत्री अनुराग ठाकुर**

दूसरे सेट में नागल ने 4-1 बढ़त बनायी लेकिन जुकायेव ने वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर दिया। 26 साल के खिलाड़ी ने इसके बाद प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग में 198 वें स्थान पर काबिज अंकिता रैंकिंग में 354वें स्थान की खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले में अपने तीनों ब्रेक प्वाइंट भुनाने में सफल रही। अंकिता को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जापान की हारुका काजी (213 वीं रैंकिंग) की चुनौती से पार पाना होगा। रैंकिंग में 336 स्थान पर काबिज रुतुजा को फिलीपींस की अलेक्जेंडर एला (विश्व रैंकिंग 190) ने एक घंटे 51 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6, 6-2 से हराया।पुरुष एकल में रामकुमार विश्व रैंकिंग में 78वें स्थान पर काबिज योसुके वतानुकी की चुनौती से पार पाने में नाकाम रहे। रामकुमार ने जापान के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन दो घंटे और 40 मिनट तक चले मुकाबले को 5-7, 7-6, 5-7 से हार गये। रामकुमार और रुतुजा दोनों के युगल मुकाबले में बने हुए हैं। रुतुजा और करमन कौर थांडी की महिला युगल जोड़ी को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। थाईलैंड की अन्चिसा चंता और पुन्निन कोवातितुकतेड की जोड़ी ने एक घंटे 59 मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय जोड़ी को 7-5, 6-2 से हराया।



### इस बार 100 से अधिक पदक जीतने की उम्मीद

**एशियन गेम्स में पिछली बार भारत ने कुल 70 मेडल जीते थे, जिसमें 16 गोल्ड, 23 सिल्वर और 31 कांस्य पदक शामिल थे. भारत ने साल 2018 के एशियन गेम्स की पदक तालिका में 8वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया था. इस बार भारतीय दल में पिछली बार के मुकाबले 100 एथलीट्स अधिक गए हैं. ऐसे में सभी को पदकों का आंकड़ा 100 के पार होने की उम्मीद है. भारत को इस बार जिनसे पदक जीतने की उम्मीद है उसमें नीरज चोपड़ा, निखत जरीन, सात्विक सैराज रैंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, मीराबाई चानू, एचएस प्रणॉय, रिले टीम, रूद्रांक्ष पाटिल, मुरली श्रीशंर, भारतीय हॉकी टीम, भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम, वॉलीबॉल टीम, पुरुष रोइंग टीम और टेबल टेनिस टीम प्रमुख तौर पर शामिल है.**

## स्पीड न्यूज

### ऑटो पलटने से पिता पुत्र हुए घायल सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के बिरकेरा रोड में ऑटो के पलटने से बिरकेरा के इंद्रजीत लोहरा (40) पिता मंगल लोहार और उसका पुत्र शिवा लोहरा (8) घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिता पुत्र व अन्य चार-पांच लोग ऑटो से करमा पूजा में बजाने के लिए बाजा लेने बांस टांड़ जा रहे थे। तभी यह घटना घटी। अन्य सवार को चोट नहीं लगी, जबकि पिता पुत्र दोनों घायल हो गये।

### सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज ने किया कोच के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**गुमला।** सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज ने एराउज गुमला में चयनित फुटबॉल कोच का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सी 3 इंडिया के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 से 19 वर्ष के किशोर बालकों के लिए गुमला के बसिया, पालकोट, भरनो, डुमरी एवं लोहरदगा के किस्को एवं कुरु प्रखंड में चल रहा हैं। फुटबॉल खेल के माध्यम से हमारा उद्देशय उनमे खेल के प्रति रुचि लाना। जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो। साथ ही जो हमारे समाज में ब्याप्त मुद्दे हैं जैसे नशा पान, लिंग असमानता, बाल विवाह इन विषयों पर किशोरों को जागरूक कर समाज में बदलाव ला पायेंगे। इस उन्मीखीकरण कार्यक्रम में सी 3 इंडिया के प्रशिक्षक समन्वयक प्रकाश सारंगी ने सभी फुटबॉल कोच को उनके कार्य एवं दायित्वों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी कोच को अपने कार्यक्षेत्र के गांव व पंचायत में फुटबाल टीम का निर्माण करना है और फुटबॉल खेलना सिखाना है। कार्यक्रम में गुमला कुल 13 फुटबॉल कोच सहित सी 3 इंडिया के आलोक, गणेश, नवल उपस्थित थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से पतिया में एक ही परिवार के दो लोग हुए गंभीर

**गुमला।** गुमला प्रखंड के पतिया गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक ही परिवार के दो लोग जख्मी हो गए। घायलों में 18 वर्षीय अनिल खड़िया और बुजुर्ग महिला सानी देवी शामिल है। घटना सोमवार रात्रि करीब 8:30 बजे की है। तत्काल दोनों घायलों को इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर पर किया गया। घायल अनिल खड़िया ने बताया कि खाना खाने के बाद घर के दरवाजे के समीप दोनों बैठे थे। इसी दौरान वज्रपात के झटके से गिर पड़े और कान सुन हो गया। साथ ही गिरने के कारण शरीर के कई हिस्से पर अंदरूनी चोट पर पहुंची। मजदूर नेता ने दोनों घायलों के इलाज में सहयोग किया।

### चार दिवसीय सिद्धो-कान्हू स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 28 से आरंभ

**भंडरा।** भंडरा लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में आगामी 28 सितंबर से चार दिवसीय सिद्धो कान्हु स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी टूर्नामेंट के अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने देते हुए बताया कि आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में बालक वर्ग में 32 टीम वही बालिका वर्ग में 8 टीम भाग लेंगे। जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले बालक टीम को 21000 नगद तथा द्वितीय पुरस्कार 15000 नगद, तृतीय पुरस्कार 11000 नगद, चतुर्थ पुरस्कार 7000 नगद तथा संतावना पुरुष्कार में पंचम से लेकर आठवां तक पुरस्कार भी दिया जायेगा। इसी तरह बालिका वर्ग में भी खस्सी व फुटबॉल प्रथम एवं द्वितीय टीमों को दिया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित प्रखंड के जनप्रतिनिधि करेंगे। जिसका फाइनल मुकाबला 1 अक्टूबर को किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि दिलीप कुमार टोप्पो पूर्व उपायुक्त लोहरदगा सहित कई गणमान्य लोग भाग लेंगे।

### धूमधाम से मना प्रकृति पर्व करमा



**भंडरा।** प्रखंड के सभी 9 पंचायतों में प्रकृति पर्व करम परब धूमधाम के साथ मनाया गया। भाई बहन के प्यार व प्रकृति पर्व के रूप में करम परब पारंपरिक तरीके से मनाया गया। सभी आखाडो में शाम चार बजते ही पहान पुजार द्वारा पूजा शुरू करा दी गयी थी, जो देर रात तक चला। करम डाली के समीप बैठकर बहनों ने करमा व धरमा की कहानी सुनी। विधि विधान के साथ करम डाली की पूजा की। पूजा संपन्न होने के बाद रातभर करम डाली के समीप नाचने व गाने का दौर चला। पूरा भंडरा मांदर, ढोल व नगाड़ा की आवाज से गूंज उठा। प्रखंड के सभी 45 गांवों में करम परब का उत्साह देखा गया। वहीं प्रखंड के सभी गांवों में करम डाली गाड़ी पूजा की गयी। इससे पहले शाम चार बजे युवक युवती पारंपरिक वेशभूषा में करम डाली लाने गये। मांदर की थाप पर नाचते गाते करम डाली लेकर पूजा स्थल पहुंचे। पूजा स्थल में विधि विधान के साथ करम डाली को गाड़ा गया था।

**प्रकृति से जुड़ा हुआ है करम पर्व : पहान**- भंडरा के पहान बुधराम उरांव ने कहा है कि करम परब आदिवासी व सदानों की परंपरा, आस्था व विश्वास से जुड़ा हुआ है। इस परब की काफी महत्व है। परब का प्रकृति से जुड़ाव के अलावा भाई बहन के अटूट प्यार का भी परब है। कहा कि करम आपसी भाईचारगी का परब है। हम सब लोग मिल-जुल कर करम परब मनाते हैं। यह परब प्राकृतिक, कृषि कार्य, सुख दु:ख से जुड़ा हुआ है। प्रकृति के प्रति अपना आस्था, प्रेम और विश्वास को बनाये रखें। यही हमलोगों का जीवन दाता है। करम परब आदिवासियों की परंपरा, रीति रिवाज और प्रकृति से जुड़ा पर्व है। करम पर्व हमारी धरोहर है।

# राज्य का हर व्यक्ति सरकार की कार्यप्रणाली से दुखी : सुदेश महतो

- आजसू पार्टी समानता और सम्मान की लड़ाई राज्य में लड़ रही, चैनपुर में आजसू पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन
- विभिन्न राजनीति दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दामा आजसू का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** आजसू पार्टी ने मंगलवार को विधानसभा स्तरीय एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन चैनपुर प्रखंड के लूथरन मैदान में किया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल हुए।

**आज कोई काम बिना घूस दिये नहीं हो रहा :** उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी समानता और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है। हमारा मकसद बिल्कुल स्पष्ट है कि राज्य की नीति निर्णय में झारखंडी भावनाओं की अनदेखी न हो तथा प्रदेश के संसाधनों तथा नीति निर्णय से हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो। लेकिन इसके विपरीत आज अपने ही राज्य में आमजनों की भागीदारी को कोई जगह नहीं मिल रही है। मानो सत्ता और सिस्टम झारखंड का मालिक बन बैठा हो। आज कोई भी कर्मचारी कोई भी पदाधिकारी बिना घूस लिए कोई काम नहीं कर रहा है। हर ओर लूट-खसोट भ्रष्टाचार की राजनीति हो रही है। आज के समय में सरकार बीडीओ, सीओ एवं थानेदार चला रहे हैं। छोटी-छोटी योजनाओं में बिना घूस दिये काम नहीं हो रहा है।




कार्यक्रम को संबोधित करते आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व अन्य।

### विडंबना : संपन्न गुमला के युवा पलायन के लिए मजबूर

हमारा गुमला जिला खनिज संपदा से परिपूर्ण है। जिसके बाद भी यहां के युवा नौजवान काम के लिए पलायन करने पर मजबूर हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि केरल से जो बेटी बाहर जाती है। वह डॉक्टर या नर्स बनने जाती है। मगर हमारी बेटी बहन दूसरे राज्य में जाकर दाई का कम कर रही है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि धनबाद रामगढ़ में कोयला है तो गुमला में बॉक्साइट है इसके बाद भी आज गुमला काफी पिछड़ा है तो इसका जिम्मेवार वर्तमान सरकार है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय एक पारा शिक्षक के भरोसे चल रही है। बच्चे पढ़ाई नहीं बल्कि खिचड़ी खाने विद्यालय जा रहे हैं। आज के समय में सरकार दसवीं क्लास तक किसी को फेल नहीं कर रही है जिससे हमारा पढ़ाई का स्तर काफी गिरता जा रहा है। सरकारी स्कूल में ना शिक्षा मिल रही है ना सरकारी अस्पताल में बेहतर इलाज आज अच्छी शिक्षा के लिए आपको प्राइवेट स्कूल जाना पड़ रहा है। वहीं अच्छी इलाज के लिए गाड़ी कमाई पैसा खर्च कर आपको प्राइवेट अस्पताल में इलाज करना पड़ रहा है। आजसू सुप्रीमो ने कहा कि सरकार की दिलचस्पी मुद्दों को हल करने में नहीं बल्कि विषयों को जिंदा रखकर राजनीति करने में है। गरीबों किसानों नौजवानों तथा शोषितों व वंचितों और पिछड़ों की अनदेखी हो रही है सरकार शोषितों पिछड़ों के हित पर कुठाराघात कर रही है। पिछड़ा वर्ग राजनीति का शिकार हो रहा है। यहां के आदिवासी मूलवासीयों को गैर मजुरव समझा जा रहा है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं अपील करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि कार्यकर्ता संकल्प बंद होकर हर साधारण लोग से जुड़े तथा जन सवाल पर आवाज बने सत्ता और सिस्टम तक आम आदमी के आवाज पहुंचा कर ही राजनीति की लीक बदली जा सकती है और आजसू पार्टी के कार्यकताओं में यह दमखम है उन्होंने कहा कि सामूहिक और जनभागीदरी से हम राजनीतिक हालात बदलेंगे। वहीं आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो के नेतृत्व में झारखंड को एक नई दिशा मिली है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर लोहरदगा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष किरण सिंह, आनंद गुप्ता, तुलसी साहू, दुर्गा साहू, मेघनाथ साहू, अमीर रब्बानी, सद्दाम हुसैन, रितेश प्रीतम, जीवंती एक्का, हीरा देवी, चीकू सिंह, मेहराब खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# करम डाल विसर्जन करने गये दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत

**करमा पर्व का उत्सव मातम में बदला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बाघमारा थाना क्षेत्र के माटीगढ़ कॉलोनी के समीप स्थित जमुनिया डैम में मंगलवार की सुबह कर्मा पर्व डाली का विसर्जन करने गए दो बच्चों की डूब जाने से हुई मौत से यहां पुरे कालोनी में मातम छा गया। घटना के अनुसार माटीगढ़ डैम कॉलोनी से पांच बच्चे मंगलवार की सुबह 6 बजे के आसपास कर्मा पूजा का अवशेष विसर्जन करने के लिए समीप स्थित जमुनिया डैम गए थे। तभी नहाने के दौरान विनेश्वर चौहान की पुत्री सलोनी कुमारी (उम्र 14 वर्ष) एवं बबलू तुरी का पुत्र देवराज कुमार (उम्र 10 वर्ष) गहरे पानी में डूब गए। जिन्हें आनन-फानन में नदी से निकालकर डुमरा क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। जहाँ जांच उपरांत चिकित्स्कों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मृत बच्चों का शव कॉलोनी में लाये जाने के बाद वहां उनके परिजनों के रोने-चिल्लाने से माहौल गमगीन हो गया। घटना को लेकर आसपास के लोगो की भारी भीड़ लग गई। मृत बच्चों के घर आसपास है। दोनों परिवार जनों के लोगो का रो-रोकर बुरा हाल था। मौके पर पहुंची बाघमारा थाना की पुलिस दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम के लिए अग्रिम कार्रवाई कर रही है।



**घटनास्थल पर पहुंचे विधायक ढुल्लू महतो**

घटना की सूचना पाकर मौके पर बाघमारा के विधायक ढुल्लु महतो पहुंचे उन्होंने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए बीसीसीएल प्रबंधन पर नदी में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था नहीं किये जाने पर नाराजगी जताया। उन्होंने आपदा प्रबंधन से चार लाख मुआवजा दिये जाने की बात कही। उन्होंने इस संबंध में बाघमारा के सीओ से मोबाइल पर बात भी किया।

# अपराध मुक्त राज्य के लिए सरकार को हटाने का लें संकल्प : बाबूलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुमारधुबी।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज मंगलवार को निरसा विधानसभा स्थित कुहका स्थित फुटबॉल मैदान में भाजपा की संकल्प यात्रा व विशाल जनसभा के कार्यक्रम में पहुंचे। जहां भाजपा के लोगों ने फूल माला पहनाकर व निरसा विधायक अपर्णा सिंह गुप्ता ने उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो महिलाओं गरीबों मजदूरों की चिंता की महिलाओं के इज्जत घर शौचालय गैस व चूल्हा गरीबों के लिए पीएम आवास देने का कार्य किया। गरीबों को खाता जनधन योजना का तहत खुलवाकर कोरोना कल से पहले व बाद तक सभी योजनाओं को सीधा लाभ उनके खाते में देने का कार्य किया। 2020 लॉकडाउन का समय से फ्री राशन देने का कार्य किया। लेकिन झारखंड में तो खुलेआम तस्करी जारी है। राशन कार्ड के नाम जोड़ने के लिए भी पैसा लिया जाता है ऐसे में भ्रष्टाचार कैसे समाप्त होगा। झारखंड सरकार राज्य में कोयला लोहा बालू जमीन आदि की लूट मची हुई है। उन्होंने मंच से कहा कि आगामी चुनाव में झाबुआ को झारखंड से उखाड़ फेंकना है उन्होंने कहा राज्य सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। मौके पर धनबाद सांसद पीएन सिंह, धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिंहा, निरसा विधायक अर्पण सेनगुप्ता, गणेश मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री अनिल यादव, चिरकुंडा न्यू वर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, सहित बड़ी संख्या भाजपा में लोग मौजूद थे।

# मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक की मौत, दो घायल

**तेज रफ्तार की वजह से हुई दुर्घटना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण पथ में मंगलवार की दोपहर पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई है। दुर्घटना तेजी से आ रहे दो मोटरसाइकिल के आपस में टकराने के कारण हुई है। मृतकों में झुमरी तिलैया का विक्की कुमार, सागर कुमार तथा इटखोरी का मुकेश रविदास शामिल है। वही इस मोटरसाइकिल दुर्घटना में झुमरी तिलैया का ही आयुष शर्मा और सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। झुमरी तिलैया के उपरोक्त चारों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर इटखोरी की ओर आ रहे थे। जबकि मुकेश रविदास अपनी स्कूटी से चौपारण की ओर जा रहा था। पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल तथा स्कूटी में आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिससे पांचो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के पश्चात थाना प्रभारी विनोद कुमार ने पांचो घायल युवकों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल युवकों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। लेकिन हजारीबाग जाने के दौरान रास्ते में विक्की कुमार तथा इटखोरी के मुकेश रविदास की मौत हो गई। वहीं इलाज के दौरान सागर की भी मौत हो गई।



### छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा: त्रिलोकीनाथ

**मेदिनीनगर।** जिले के विभिन्न बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होने पर आईसा के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालया के समक्ष उग्र प्रदर्शन कर पोटिको में घुसकर धरना पर बैठ गये। छात्रों ने छात्रवृत्ति का भुगतान अविलंब करो, कल्याण विभाग होश में आओ, छात्र एकता जिंदाबाद सरीखे नारे लगा रहे थे। आईसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि त्रिपाठी बीएड कॉलेज, एलिट बीएड कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों में छात्रों की छात्रवृत्ति समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। घेराव की सूचना पाकर सदर सीओ जेके मिश्रा धरनास्थल पर पहुंचकर छात्रों की समस्याओं से अवगत होते हुए कहा कि बहुत छात्रों के छात्रवृत्ति की राशि बैंक में चली गई है।

# विधेयक नारी सशक्तिकरण का बेजोड़ उदाहरण : आशा लकड़ा

- केंद्र की नीति लायी रंग, अब महिलाओं को लोकसभा व विधान सभा चुनाव में मिलेगा 33 प्रतिशत आरक्षण
- झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार में बढ़ी महिलाओं पर हिंसा, कांग्रेस ने 27 वर्षों तक लटका कर रखा महिला आरक्षण विधेयक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पारित कराकर नारी सशक्तिकरण का बेजोड़ उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब लोकसभा व विधान सभा चुनाव में महिलाओं को जल्द ही 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को जिला भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में आशा लकड़ा ने उक्त बातें कहीं। यह कानून 20 सितंबर 2023 को संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा व राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस विधेयक को जरूर लेकर आयी थी लेकिन 27 वर्षों से अपने चुनावी फायदे के लिए लटका कर रखी थी। विधेयक को लेकर कांग्रेस के पास में न तो नीति थी और न ही नियत थी जबकि भाजपा के पास नीयत भी है और नीति भी।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में आशा लकड़ा, जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी व अन्य।

### बजरंगबली की मूर्ति के अपमान पर टंडवा रहा बंद

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा के सुप्रसिद्ध चुंदरु धाम में स्थापित बजरंगबली की मूर्ति पर कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा अपमान किए जाने के खिलाप गुरुवार को टंडवा रहा बंद। ज्ञात हो कि 23 सितंबर को बीते रात्रि चुंदरु मंदिर प्रांगण में स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा पर कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा जूता का माला पहनकर शर्मनाक घटना का अंजाम दिया था। जिसके खिलाप स्थानीय विधायक किशुन दास ने कड़ी शब्दों ने निंदा करते हुवे प्रशासन से कहा कि यदि 24 घण्टे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार नही की जाती है तो टंडवा को बंदी कर चतरा सांसद डॉ सुनील सिंह समेत पूरे प्रखंड वासियों के साथ सड़क पर उतर जाने की चेतावनी दी थी। जिसका समर्थन टंडवा व्यवसायिक संघ ने गम्भीरता से लेते हुवे गुरुवार को व्यवसायिक संघ टंडवा के सारे प्रतिष्ठान बंद कर दी।

# झारखंड में केनरा बैंक की 17 नई शाखाएं मिलेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य की जनता के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हुए केनरा बैंक द्वारा 26 से 29 को झारखंड के विभिन्न जिलों में कुल 17 शाखाएं खोली जा रही हैं। जिसमें से राँची में 03 शाखाएं नगड़ी, बीआईटी चौक तथा सिल्ली; पश्चिमी सिंहभूम में 03 शाखाएं भालूबासा, जादूगोड़ा एवं हाता (पोटका); धनबाद में 02 शाखाएं मेमको मोड़ एवं नावाडीह शाखा; सरायकेला खरसावाँ में 02 शाखाएं डोबो एवं गम्हरिया; लातेहार में चंदवा चौक एवं महुआडाँड शाखा, बोकारो में पेटरबार शाखा; गिरिडीह में गिरिडीह औद्योगिक क्षेत्र शाखा; गुमला में सिसई शाखा; गढ़वा में नगर ऊँटारी शाखा तथा डाल्टनगंज में हुसैनाबाद शाखाएं खुल रही हैं। दिनांक 26.09.2023 को 11 शाखाएं खोली गईं। इनमें से गुमला जिले के सिसई शाखा का उद्घाटन श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक तथा रमेश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। राँची जिले के नगड़ी शाखा का उद्घाटन श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक तथा श्रीमती नूतन कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगड़ी थाना-प्रभारी रोहित कुमार भी उपस्थित थे। क्षेत्रीय कार्यालय, जमशेदपुर के तहत गम्हरिया, भालूबासा एवं डोबो तथा क्षेत्रीय कार्यालय, राँची के तहत बीआईटी चौक, चंदवा, महुआडाँड, नगर ऊँटारी, हुसैनाबाद तथा सिल्ली शाखा का उद्घाटन किया गया।



श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक व राँची अंचल प्रमुख ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसका लाभ उठाकर आम जनता अपना आर्थिक विकास कर सकती है। साथ ही उन्होंने ग्राहकों को केनरा बैंक द्वारा बेहतर बैंकिंग सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर सरिता कुमारी, सिसई शाखा प्रभारी तथा नसीम अंसारी, नगड़ी शाखा प्रभारी सहित बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जेसीआई रांची ने एक्सपो उत्सव 2023 के ब्रोशर एवं पोस्टर का विमोचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई राँची ने मंगलवार को स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में एक्सपो उत्सव 2023 का ब्रोशर एवं पोस्टर रिलीज किया। ज्ञात है की यह एक्सपो का 26वा साल है और पिछले 25 वर्ष से एक्सपो उत्सव का आयोजन होते आ रहा है और यह एक्सपो पूर्वी भारत का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर है। इस वर्ष एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल आ रहे है जो की देश के अलावा विदेश से भी होंगे। एक्सपो का आयोजन इस वर्ष 12 से 16 अक्टूबर के बीच मोराबादी मैदान रांची में किया जाएगा। ब्रोशर एवं पोस्टर रिलीज रांची के लोकसभा सांसद संजय सेठ जी ने किया। ब्रोशर रिलीज चांद्रायण दो के जैसे बने के जहाज से किया गया। संजय सेठ जी ने पोस्टर का भी अनावरण किया गया। संजय सेठ ने इसकी काफी सराहना की और बोला की अभी तक तो टीवी में देखा था, आज आँखों से भी देख लिये।वो बोले की एक्सपो राँची का त्योहार है और लोगों को इसका इंतजार साल भर रहता है। काफी सालों से मैंने इसे आगे बढ़ता हुआ देखा है। हर साल कुछ नया होता है। उन्होंने एक्सपो के लिए सुभकामनाएँ भी दी।




### नरेन्द्र मोदी यूथ विग्रेड का हुआ विशाल कार्यकर्ता समागम

**जमशेदपुर।** मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मदिन के शुभ अवसर पर नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड झारखंड के संयोजक सतीश सिंह की अगुवाई में लक्ष्मी नगर छठ घाट टेल्को के दीनदयाल भवन के प्रांगण में दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा को मानने वाले सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों का समागम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री सरयू राय जी उपस्थित हुए। सरयू राय जी ने संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी युथ विग्रेड जैसे निस्वार्थ संगठन ही समाज में दीनदयाल जी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करती है। देश के लिए ऐसे ही निस्वार्थ संगठन की आवश्यकता है जो पार्टी और व्यक्तिगत अपेक्षा से उपर उठकर देश के विकास के लिए सतत प्रयास रत है। संयोजक सतीश जी ने 2024 में नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक पप्पू राव एवम संचालन जितेंद्र सिंह जीतू ने किया। नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड विगत 10 वर्षो से नरेंद्र मोदी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती आई है।

# भारत ने घुड़सवारी में किया कमाल, 41 साल बाद गोल्ड जीतकर देश का बढ़ाया मान



एजेंसी

**हांगझोऊ।** भारत ने चार दशकों के अंतराल के बाद ड्रेसाज प्रिक्स सेंट-जॉर्जेस में गोल्ड मेडल जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में इतिहास रचा है। एशियन गेम्स में भारत के खाते में तीसरा गोल्ड आ गया है। घुड़सवारी में सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अगरवल्ला की चौकड़ी ने 41 साल बाद देश को गोल्ड दिलाया। भारतीय टीम ने 209.206 अंक हासिल किए और मेजबान चीन से आगे रही, जिसने 204.882 अंक हासिल किए जबकि हांगकांग ने 204.852 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह एशियाई खेलों में टीम ड्रेसाज स्पर्धा में भारत का दूसरा पदक है। जीतेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, गुलाम मोहम्मद खान और रघुबीर सिंह की टीम ने कांस्य पदक जीता था, जब खेल ने नई दिल्ली में 1982 के संस्करण में अपनी शुरूआत की थी। भारत के तीनों स्वर्ण पदक 1982 के एशियाई खेलों में व्यक्तिगत इवेंटिंग, टीम इवेंटिंग और व्यक्तिगत टेंट पेगिंग में आए, जो 1982 के बाद कभी आयोजित नहीं किए गए। हांगझोऊ से पहले भारत ने एशियाई खेलों में 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। 2018 में भारत ने घुड़सवारी में दो सिल्वर मेडल जीते थे, दोनों इवेंटिंग में आए थे जिसमें फवाद मिर्जा व्यक्तिगत प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे थे और फिर राकेश कुमार, आशीष मलिक और जितेंद्र सिंह के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। लेकिन सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल के युवा संयोजन ने मंगलवार को सभी बाधाओं को पार करते हुए हांगझोऊ में भारतीय घुड़सवारी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

### रामकुमार की हार

रामकुमार रामनाथन तीसरे दौर में दो घंटे 40 मिनट के मुकाबले में जापान के दूसरे वरीय योसुके वतनुकी से 5-7, 7-6(3), 5-7 से हार गए। इस हार के साथ ही वह प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं।

### तुलिका मान दिला सकती हैं एक और पदक

जूडो में तुलिका मान कांस्य पदक मुकाबले में पहुंच गई हैं और यहां जीत हासिल कर वह कांस्य पदक अपने नाम कर सकती हैं। तुलिका मान ने चीनी ताइपे की जिया वेन त्साई के खिलाफ इप्पोन द्वारा अपना रेपेचेज राउंड जीता और महिलाओं के +78 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक मुकाबले में पहुंच गईं।

### वूशु में सूरज हारे

वूशु में भारत को बड़ा झटका लगा। पदक के दावेदार माने जा रहे सूरज यादव क्वार्टरफाइनल में हार गए। उन्हें अफगानिस्तान के खालिद ने परास्त कर दिया। सूरज चोट लगने के बाद मैच से बाहर हो गए। एशियाई खेलों के तीसरे दिन भारत की यह आखिरी चुनौती थी। दिन का खेल समाप्त हो चुका है।

### इबाद अली ने नौकायन में जीता कांस्य

आज के दिन भारत को दूसरा पदक मिल चुका है। इबाद अली ने नौकायन में कांस्य पदक जीता है। इबाद अली पुरुषों की विंडसर्फर आरएस एक्स स्पर्धा में 52 के नेट स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के नत्थाफोंग फोनोपराट ने 29 के साथ रजत और दक्षिण कोरिया के चो वोनवू ने 13 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### भवानी देवी की हार



तलवारबाजी में क्वार्टर फाइनल मैच में भवानी देवी को हार का सामना करना पड़ा है। भारत की भवानी देवी को महिलाओं की सेबर व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में चीन की शाओ याकी के खिलाफ 7-15 से हार का सामना करना पड़ा।

### नेहा ने रजत पदक जीता

17 वर्षीय नाविक नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी ILCA4 स्पर्धा में 11 रेसों में कुल 27 अंकों के साथ रजत पदक जीता। थाईलैंड की नोपासोर्न खुनबूनजान ने 16 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि सिंगापुर की केइरा मैरी कार्लाइल ने 28 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।




# भारत ने टेनिस में पाकिस्तान की निकाली हेकड़ी, जीता एकतरफा मैच

एजेंसी



**हांगझोऊ।** मिक्स डबल्स में शीर्ष वरीयता प्राप्त युकी भांबरी और अंकिता रैना की जोड़ी ने पाकिस्तान के अकील खान और साराह खान की जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-0 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को दमदार सर्विस लगाने वाले बीबिट जुकायेव की चुनौती से पार पाने के लिए पसीना बहाना पड़ा। वहीं अंकिता रैना ने आसानी से आदित्या पी करुणारत्ने को मात देकर मंगलवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ये दोनों खिलाड़ी अगर क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने में सफल रहे तो उनका पदक पक्का हो जायेगा। टेनिस में सेमीफाइनल हारने वाले खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है। पुरुष और महिला एकल के अन्य मैचों में क्रमशः रामकुमार रामनाथन और रुतुजा भोसले को हार का सामना करना पड़ा। कजाखस्तान के जुकायेव ने अपनी सर्विस से नागल को परेशान किया लेकिन भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी ने बेहतर नियंत्रण दिखाते हुए तीसरे दौर के मैच में 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी अंकिता ने हांगकांग की आदित्या को एकतरफा मुकाबले में 6-1 6-2 से शिकस्त दी।

# साइकलिंग में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन

**पुरुष टीम स्प्रिंट क्वालीफाइंग:** रोजित सिंह यांगलेम, एसो और रोनाल्डो सिंह लैटोनजाम की भारतीय तिकड़ी 45.394 सेकेंड के समय के साथ नौ टीमों में से सातवें स्थान पर रही।

**महिला टीम स्प्रिंट क्वालीफाइंग:** सेलेस्टिना, त्रियाशा पॉल और मयूरी धनराज ल्यूट की भारतीय तिकड़ी 52.898 सेकेंड के समय के साथ सात टीमों में से अंतिम स्थान पर रही।

**पुरुष टीम परस्यूट क्वालीफाइंग:** विश्वजीत सिंह, वेंकप्पा केंगलगुट्टी, नीरज कुमार और दिनेश कुमार की भारतीय चौकड़ी 4:16.085 सेकेंड के समय के साथ सात टीमों में से अंतिम स्थान पर रही।

### दिव्यांश-रमिता ने कांस्य के लिए क्वालिफाई किया

दिव्यांश-रमिता ने कांस्य पदक मैच के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में 628.2 का स्कोर किया, जिससे उन्हें छठा स्थान मिला। भारत अब दूसरे कांस्य पदक मैच में सुबह 8:40 बजे दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा।

### शूटिंग में और पदकों की उम्मीद

25 मीटर पिस्टल महिला क्वालीफिकेशन में शानदार शुरूआत के बाद मनु भाकर 294 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। ईशा सिंह 292 के साथ तीसरे और रिदम सांगवान 290 के साथ 11वें स्थान पर हैं। हालांकि, रैपिड राउंड के बाद कल चीजें बदल सकती हैं। शीर्ष आठ शूटर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### सचिन सिवाच का शानदार प्रदर्शन

पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग के राउंड 32 में भारत के सचिन सिवाच ने इंडोनेशिया के असरी उदिन को एकतराफ अंदाज में 5-0 से हराया और अंतिम 16 में पहुंच गए।

# राजकोट में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा भारत

एजेंसी

**राजकोट।** कप्तान रोहित शर्मा की नजरें बुधवार को होने वाले तीसरे और आखिरी वनडे में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करके विश्व कप की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर लगी होंगी। भारत ने वनडे प्रारूप में कभी ऑस्ट्रेलिया का सफाया नहीं किया है। दोनों में से कोई भी टीम अपनी धरती पर या दूसरे की मेजबानी में यह श्रेय हासिल नहीं कर सकी है। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना भी पिछले दोनों मैच जीते। टीम संयोजन में बदलाव करके यह सुनिश्चित किया गया कि सभी को मौका मिले। विश्व कप से पहले अब टीम लगातार चौथी वनडे जीत की दहलीज पर है। यह सीरीज 3-0 से जीतने पर उसे पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर मनोवैज्ञानिक बढ़त मिल जाएगी। दोनों टीमें विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को चेन्नई में एक दूसरे के खिलाफ ही करेंगी। दोनों टीमों ने पहले दो मैचों में टीम में काफी बदलाव किया लेकिन भारत का पलड़ा भारी रहा। आखिरी वनडे में भारत ने शुभमन गिल को आराम दिया है जिसने पहले दो मैचों में 74 और 104 रन बनाए। गिल ने इस साल वनडे प्रारूप में 72-35 की औसत से 1230 रन बनाए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी अपेक्षित है, जबकि फॉर्म में चल रहे कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या भी पहले दो मैचों में विश्राम के बाद लौटेंगे। कुछ सप्ताह पहले टीम जब एशिया कप खेलने गई थी तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि उसके सामने इस तरह से चयन की दुविधा होगी। ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज सभी मैच विनर साबित हुए हैं। श्रेयस अय्यर ने कमर की तकलीफ से उबरकर इंदौर में शतक बनाया। वहीं राहुल ने कप्तानी के साथ बल्लेबाजी के भी जौहर दिखाए। जसप्रीत बुमराह ने भी अपना फॉर्म और फिटनेस साबित कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अक्सर इस तरह से नहीं हारती। उसे आत्ममंथन करके वनडे क्रिकेट में लगातार पांच हार के इस सिलसिले को तोड़ना होगा। कुछ महीने पहले ही मिचेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था। विश्व कप से पहले अब यह आखिरी मैच है लिहाजा ऑस्ट्रेलिया पैट कमिंस और स्टार्क को उतारना चाहेगा। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।



### दोनो टिम इस प्रकार है

**भारत प्लेइंग-11:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव।

**ऑस्ट्रेलिया टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कारी, जोश इंगलिस, मैथ्यू शॉर्ट, सीन एबोट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, स्पेंसर जॉनसन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मिचेल स्टार्क, एडम जाम्पा।

### विधूड़ी बने दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के चुनावों में सांसद रमेश विधूड़ी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। उनका यह कार्यकाल अगले चार वर्षों का होगा। रामवीर सिंह को महासचिव और विकास को कोषाध्यक्ष चुना गया है। पूर्व उपाध्यक्ष निरंजन सिंह के अनुसार दिल्ली राज्य कबड्डी सिंह के चुनाव मंगलवार को संपन्न हुए। इस दौरान दिल्ली राज्य कबड्डी संघ की आम सभा में दिल्ली ओलम्पिक संघ के संजीव शर्मा उपाध्यक्ष और दिल्ली सरकार की खेल शाखा से अशोक कुमार पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। सभी जिला यूनिट के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। चुनाव पूर्व जज राकेश तिवारी के देखरेख में संपन्न करवाए गए। चुने गए पदाधिकारियों में रमेश विधूड़ी अध्यक्ष, रामवीर सिंह महासचिव, विकास कोषाध्यक्ष; अमर सिंह, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, विरेंदर कुमार त्यागी उपाध्यक्ष,करतार सिंह डेढ़ा, मंजीत छिल्लर, रोहताश सह सचिव और अमित चौधरी, मनोज कुमार, अरूणलता अग्निहोत्री, सुन्दर तथा सुरेंदर सिंह कार्यकारी सदस्य शामिल हैं।

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश में पहली बार जीती वनडे सीरीज




एजेंसी

**मीरपुर।** न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ ढाका के मैदान पर जोरदार वापसी करते हुए तीसरा वनडे मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने ने 34 रन देकर 4 तो बोल्ट ने 33 रन देकर 2 विकेट लिए और बांग्लादेश को 171 रन पर ही रोक दिया। जवाब में न्यूजीलैंड ने विल यंग ने 80 गेंदों में 70 रन, हेनरी निकोल्स ने 86 गेंदों में 50 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी। इससे पहले बंगलादेश की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और उसके दोनों ओपनर बल्लेबाज तंजिद हसन (5) रन और जाकिर हसन को एक रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। तंजिद हसन को बोल्ट ने एलन के हाथों कैच करवा। वही जाकिर हसन को मिल्ने ने बोल्ड आउट किया। इस समय टीम का स्कोर दो विकेट पर आठ रन था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने संभल कर खेलते हुए 84 गेंदों में 76 रन बनो। उन्हें मैककोन्ची ने पगबाधा आउट किया। तौहीद हृदयोय और मुशफिकुर रहीम टीम के स्कोर में 18-18 रन का योगदान दिया। महमूदुल्लाह ने 27 गेंदों में 21 रन बना कर मिल्ने की गेंद पर ब्लंडेल को कैच थमा बैठे। मेहदी हसन 14 गेंदों पर 13 रन बनाए और उसे बोल्ड ने ब्लंडेल के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। उस समय टीम का स्कोर छह विकेट पर 156 रन था इसके बाद बल्लेबाजी करने आए नसुम अहमद, हसन महमूद, खालिद अहमद, शोरिफुल इस्लाम टीम के स्कोर में कुल 15 रनों का योगदान पवेलियन लौट गए। बंगलादेश की पूरी टीम 34.3 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। जवाब में खेलने उतरी न्यूजीलैंड ने फिन ऐलन और विल यंग की बदौलत मजबूत शुरूआत की।

### झारखंड के पास जूनियर (अंडर 17) गर्ल्स सुब्रतो कप खिताब बरकरार

**नयी दिल्ली।** सेंट पैट्रिक हाई स्कूल, गुमला, झारखंड ने 62वें सुब्रतो कप जूनियर (अंडर 17) गर्ल्स इंटर स्कूल इंटरनेशनल फुटबॉल टूनामेंट में जीएसएसएस अलखपुरा, भिवानी, हरियाणा को एक रोमांचक फाइनल में 3-0 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की। सुब्रतो कप की अंडर 17 गर्ल्स केटेगरी का फाइनल यहाँ डॉ बीआर अंबेडकर स्टेडियम में खेला गया। विजेताओं के लिए अनिता डुंगडुंग ने दो और शुलिना डांग ने एक गोल किया। एयर मार्शल एपी सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वायु सेना उपप्रमुख ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

### फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

**लखनऊ।** 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉर्मेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया।

### प्रधानमंत्री ने स्वर्ण पदक जीतने पर घुड़सवारी टीम को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय घुड़सवारी टीम को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, यह अत्यंत गर्व की बात है कि कई दशकों के बाद, हमारी घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है ! हृदय छेदा, अनुष अग्रवाल, सुदीप्ति हजेला और दिव्यकृत सिंह ने टीम के रूप में अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन किया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे देश को सम्मान दिलाया है। मैं इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए टीम को हार्दिक बधाई देता हूं।

### भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने पाकिस्तान को 3-0 दी करारी शिकस्त

**हांगझोउ।** भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने पूल बी के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 3-0 से हराया। चीन में चल रहे एशियाई खेलों में भारत महिला स्क्वैश टीम की अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा और तन्वी खन्ना ने अपने-अपने मुकाबलों में लगातार गेम जीते। इसी के साथ भारतीय टीम अगले दौर में पहुंच गयी है जहां उसका मुकाबला कल सुबह नेपाल और मकाओ चीन से होगा। अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियन पंद्रह वर्षीय अनाहत ने भारत बनाम पाकिस्तान महिला स्क्वैश पूल बी मुकाबले के पहले मैच में 3-0 से जीत हासिल कर भारत को बढ़त दिला दी।

# एशियाई खेलों में 41 साल बाद स्वर्ण जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी

**हांगझोउ।** 41 साल से एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के इंतजार को खत्म करने के इरादे से उतरी शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम बुधवार को सिंगापुर के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत एशियाई खेलों में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। गत चैम्पियन जापान की रैंकिंग दसवीं है। भारत ने एशियाई खेलों में 1982 में महिला हॉकी शामिल किए जाने पर पहला स्वर्ण जीता था लेकिन उसके बाद से पीला तमगा नहीं जीत सकी है। सविता पूनिया की कप्तानी वाली टीम की नजरें यहां स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने पर लगी है। फॉर्म और रैंकिंग के आधार पर भारत खिताब का प्रबल दावेदार है लेकिन जापान, 11वीं रैंकिंग वाली चीन और 12वीं रैंकिंग वाली कोरिया से उसे कड़ी चुनौती मिल सकती है। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के बाद भारत के हौसले बुलंद है। डच कोच यानेके शॉपमैन के मार्गदर्शन में टीम ने पिछले कुछ अर्से में अपने खेल में काफी सुधार किया है हालांकि उसे बड़े मैचों के दबाव का बखूबी सामना करना होगा। कोच शॉपमैन ने कहा, ह्यहमने कई पहलुओं पर काम किया है। हमारा इरादा दमदार शुरूआत करके पूल में शीर्ष रहने का है।' भारत को कमोबेश आसान पूल ए मिला है जिसमें सिंगापुर, मलेशिया, हांगकांग और कोरिया है। भारत और कोरिया इस पूल से सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। पूल बी में चीन, जापान, इंडोनेशिया, कजाखस्तान और थाईलैंड है। भारत के पास सविता के रूप में अनुभवी गोलकीपर है जबकि डिफेंस का जिम्मा दीप ग्रेस इक्का, सुशीला चानू और निक्की प्रधान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर है। फॉरवर्ड पंक्ति में लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, उदिता और संगीता कुमारी है जबकि मिडफील्ड में नेहा, निशा, सलीमा टेटे और इशिका चौधरी कमान संभालेंगे। सिंगापुर के बाद भारत को 29 सितंबर को मलेशिया से, एक अक्टूबर को कोरिया और तीन अक्टूबर को हांगकांग से खेलना है। भारत ने अभी तक एशियाई खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा में एक स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं।



### भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराया

**हांगझोउ।** भारत की पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने मंगलवार को पूल ए के अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए सिंगापुर को 16-1 से पीट दिया। गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबले में भारत की ओर से मनदीप सिंह ने 12वें, 30वें, 51वें, ललित उपाध्याय ने 16वें, गुरजंत सिंह ने 22वें, विवेक सागर प्रसाद ने 23वें, हरमनप्रीत सिंह ने 24वें, 39वें,40 वें, 42वें , मनप्रीत सिंह ने 37वें, समशेर सिंह ने 38 वें, अभिषेक ने 51वें , 52वें और वरुण कुमार ने 55 वें, 56 वें मिनट गोल दागे। सिंगापुर के लिए एक मात्र गोल मुहम्मद जकी बिन जुल्कारनैन ने 53 वें मिनट में किया।

### 8वीं नेशनल लॉन बॉल्स चैंपियनशिप 2023 में झारखंड को मिला 3 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल



**रांची।** गुवाहाटी (असम) में खेले जा रहे 8वीं नेशनल लॉन बॉल्स चैंपियनशिप 2023 में झारखंड की टीम ने मंगलवार को 4 मेडल कंपटीशन में हिस्सा लिया। इनमें से 3 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल मिला। झारखंड विमेंस फोर टीम में लवली चौबे, अनामिका लकड़ा, कविता कुमारी और रूपा रानी तिर्की शामिल थी। इन खिलाड़ियों ने असम की टीम को 19-4 से परास्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। मेंस पेयर्स टीम में झारखंड के सुनील बहादुर और दिनेश कुमार की जोड़ी ने दिल्ली की टीम को 26-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। मेंस ट्रिपल में झारखंड के अभिषेक लकड़ा, प्रिंस महतो और आलोक लकड़ा ने असम की टीम को 22-9 से हराकर तीसरा गोल्ड जीता। एक अन्य कैटेगरी के नजदीकी मुकाबले में झारखंड की सरिता असम की खिलाड़ी से 21-20 से हार गयी और उन्हें सिल्वर मेडल मिला। इस आशय की जानकारी मैनेजर अरविंद कुमार ने दी।

